শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 121 | गुवाहाटी | मंगलवार, 22 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

व्यापारी को दिनदहाड़े मारी गोली पेज 3
सैनिकों के लिए खरीदे जाएंगे बैलिस्टिक शील्ड, हेलमेट और बॉडी कैमरा रिस्टम पेज 4
बाबा रामदेव करेंगे एबीवीपी के 68वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन पेज 5
देश की बेटियों को अब फ्रिज खोलने से डर लगता है... पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*जो हमारे दिल में रहता है, वो दूर होके भी पास है। लेकिन जो हमारे दिल में नहीं रहता, वो पास होके भी दूर है।*

– आचार्य चाणक्य

## असम सरकार ने की नई पर्यटन नीति 2022 की शुरूआत



**नई दिल्ली।** राज्य में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए असम सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग, कौशल विकास रोजगार और उद्यमिता और पर्यटन मंत्री जयंत मल्ल बरुआ द्वारा एक नई असम पर्यटन नीति, 2022 शुरू की गई। इस अवसर पर असम पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रितुपर्ण बरुआ, भारत सरकार के पर्यटन सचिव आईएएस अरविंद सिंह, असम सरकार के पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस मनिंदर सिंह एवं असम पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक वह पर्यटन सचिव आईआरएस कुमार पद्मपानी बोरा उपस्थित थे। इसका आयोजन राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में किया गया। कृषिमंत्री अतुल बोरा, हथकरघा और वस्त्र मंत्री यूजी ब्रह्म, श्रम और रोजगार मंत्री संजय किशन भी रोड शो में उपस्थित थे। नई पर्यटन नीति का अनावरण असम पर्यटन विभाग, असम सरकार द्वारा आयोजित असम पर्यटन रोड शो 2022 के मौके पर किया गया था। इस अवसर पर उद्यमियों एवं निवेशकों को असम में निवेश करने एवं अपना व्यवसाय स्थापित करने को लेकर आमंत्रित करने के लिए पैनल चर्चा, ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतियां, सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन और बी-2-बी इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया था। मंत्री बरुआ ने कहा कि यह नीति विश्व बैंक के साथ व्यापक परामर्श के बाद तैयार किया गया था और इसकी तैयारी के प्रत्येक चरण में हितधारकों और उद्योग विशेषज्ञों के विचारों को उचित महत्व दिया गया है। नई असम पर्यटन नीति 2022 उपयुक्त समय पर शुरू की गई है, जब राज्य नई शुरुआत की दहलीज पर खड़ा है। नीति का उद्देश्य प्रथाओं की एकरूपता को बढ़ावा देने एवं मानक को बनाए रखना है, जिससे पर्यटन उत्पादों की पूरी गुणवत्ता बड़े और बरकरार रहे। मंत्री ने कहा कि नई नीति का लक्ष्य दुनिया के लोगों को असम की प्राकृतिक सुंदरता एवं उसके धरोहरों की ओर आकर्षित करना है। -शेष पृष्ठ दो पर

## फीफा विश्वकप में ईरान का हिजाब प्रोटेस्ट



**नई दिल्ली।** ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ फीफा विश्व कप के अपने पहले मैच के दौरान अपने देश का राष्ट्रगान गाने से इनकार कर दिया। सभी खिलाड़ी राष्ट्रगान के दौरान खामोश दिखे। इसकी वजह ईरान में जारी हिजाब विरोधी प्रदर्शन बताए जा रहे हैं। कतर के खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में जब ईरान का राष्ट्रगान बजाया गया तो सभी शुरुआती 11 खिलाड़ी खामोश थे। इंग्लैंड और ईरान के बीच फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप बी का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। गौरतलब है कि 16 सितंबर को पूरे ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इन प्रदर्शनों के पीछे की सबसे बड़ी वजह अमिनी की मौत है। ईरान में 22 साल की महसा अमीनी को हिजाब ना पहनने के कारण पुलिस ने 13 सितंबर को हिरासत में लिया था। आरोप है कि पुलिस ने हिरासत में उसके साथ मारपीट की, जिससे वह कोमा में चली गई थीं। इस घटना के तीन दिन बाद यानी 16 सितंबर को महसा ने दम तोड़ दिया। ईरान देश 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद महसा अमिनी की मौत के विरोध में दो महीनों में सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। देश में दो महीने से अधिक समय से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी हैं। सैंकड़ों लोगों के मारे जाने की खबर है।

## न्यूज गैलरी

### श्रीराम मंदिर संघर्षों पर दूरदर्शन बनाएगा फिल्म

**अयोध्या ( हि.स. )।** श्री राम जन्मभूमि मन्दिर के संघर्षों पर दूरदर्शन एक फिल्म बना रहा है। फिल्म निर्माण में कोऑर्डिनेशन का कार्य दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सचिव आनंद जोशी करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि मंदिर आंदोलन के पांच सौ वर्षों के इतिहास पर एक फिल्म दूरदर्शन बना रहा है। फिल्म आवाज मशहूर फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन और फिल्म की स्क्रिप्ट लिखने का काम फिल्म सेंसर बोर्ड के प्रसून जोशी करेंगे। चाणक्य के निर्माता डॉ चंद्र प्रकाश द्विवेदी भी इस फिल्म में साथ रहेंगे।

### म्यांमार में 5700 कैदियों की रिहाई पर यूएन ने उठाए सवाल

**संरा।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के एक विशेषज्ञ ने सोमवार को कहा कि म्यांमार में हाल में हजारों कैदियों की रिहाई वहां के सेना नियंत्रित शासन की देश में प्रगति का माहौल दर्शाने की कोशिश हो सकती है ताकि अंतर्राष्ट्रीय राय को प्रभावित किया जा सके। म्यांमार ने गत गुरुवार को अपने राष्ट्रीय विजय दिवस के मौके पर करीब 5,700 कैदियों को रिहा किया था। इनमें कुछ विदेश नागरिक -शेष पृष्ठ दो पर

### रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने में पीएम होंगे सफल : फारूक

**जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ महीने से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने में सफल होंगे। इस युद्ध ने पूरे विश्व की आर्थिक स्थिति पर कहर बरपाया है। सोमवार को जम्मू में पत्रकारों से बातचीत में डॉ. फारूक ने भारत को जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिलने पर भी खुशी जाहिर की। साथ ही यह भी कहा कि हो -शेष पृष्ठ दो पर

*बांग्लादेशी सेना और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़*

## 200 से ज्यादा लोगों ने भारत में ली शरण



**एजल।** बांग्लादेशी सेना और कुकी-चिन नेशनल आर्मी (केएनए) के बीच सशस्त्र संघर्ष के कारण पड़ोसी देश से 200 से ज्यादा लोग मिजोरम के दक्षिणी लॉन्गतलाई जिले में आ गए हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। केएनए, कुकी-चिन नेशनल फ्रंट (केएनएफ) की सशस्त्र शाखा है, जो बांग्लादेश में समुदाय के लिए सुरक्षा और एक अलग राज्य की मांग करता है। अधिकारी -शेष पृष्ठ दो पर

*पूसीरे एवं सेना के सौजन्य से गुवाहाटी में पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव आयोजित*

## हिमंत विश्व शर्मा समेत कई राज्यों के सीएम एवं मंत्री शामिल

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, त्रिपुरा के सांस्कृतिक मंत्री सुशांत चौधरी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सोमवार को सोरूसजाई स्टेडियम परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारतीय सेना के पूर्वी कमान और पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव समारोह में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का आयोजन भारत निर्माण में -शेष पृष्ठ दो पर



### सेना ने नारियों का किया सम्मान

**गुवाहाटी।** देश के निर्माण में पूर्वोत्तर की भागीदारी को रेखांकित करने और पूर्वोत्तर के गुमनाम नायकों को नमन करने के लिए गुवाहाटी में दो दिवसीय पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव मनाया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत किए जा रहे इस कार्यक्रम की इस कड़ी में भारतीय सेना, मुख्यालय -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम आज 71 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को रोजगार मेले के तहत 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री ने पिछले माह 22 अक्तूबर को 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान *रोजगार मेला* का शुभारंभ करते हुए 75 हजार नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रोजगार मेले के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 नवंबर को सुबह 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 71,000 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नव नियुक्ति युवाओं को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार -शेष पृष्ठ दो पर

## फसल विविधीकरण से कृषि क्षेत्र को बदलने में मदद मिलेगी : राज्यपाल

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में हमें कृषि और इसके संबद्ध क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। यह बातें राज्यपाल प्रो. मुखी ने सोमवार को यहां शहर के एक होटल में नाबार्ड, असम क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित राज्य ऋण -शेष पृष्ठ दो पर



## राष्ट्रपति भवन एक दिसंबर से जनता के लिए खुलेगा

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रपति भवन एक दिसंबर से राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सप्ताह में पांच दिन खुला रहेगा। राष्ट्रपति भवन के दौरे के अलावा लोग राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और चेंज ऑफ गार्ड समारोह भी देख सकेंगे। राष्ट्रपति भवन ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति भवन 1 दिसंबर से सप्ताह में पांच दिनों के लिए जनता के दर्शन के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति भवन का दौरा राजपत्रित अवकाश को छोड़कर बुधवार, -शेष पृष्ठ दो पर

## गुस्साए लोगों ने विधायक के कपड़े फाड़े, 10 गिरफ्तार

**चिक्कमगलूर ( कर्नाटक )।** कर्नाटक के हुलमने गांव के लोगों ने हाथी के हमले में एक महिला की मौत के बाद मुदिगेरे विधायक एमपी कुमारस्वामी के कपड़े कथित रूप से फाड़ दिए और उनके साथ मारपीट की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विधायक ने हाथी के हमले का ठीक से जवाब नहीं दिया। पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। खबरों के मुताबिक, मुदिगेरे विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक से मारपीट के आरोप में सोमवार को 10 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारियां मुदुगेरे तालुक के हुल्लेमाने कुंडुरु गांव से की गईं, जहां रविवार को यह घटना हुई थी। सूत्रों के अनुसार हाथी के हमले में मृत महिला के शव को लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे थे। भाजपा -शेष पृष्ठ दो पर



## मंगलुरु ऑटो ब्लास्ट : आईएसआईएस हैंडलर्स के संपर्क में था मुख्य आरोपी



**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु में हुए बम विस्फोट के मामले में पुलिस का शक सही निकला। पुलिस ने कहा था कि ऑटो रिक्शा में हुए बम ब्लास्ट की घटना कोई आम घटना नहीं है। इसके पीछे जरूर कोई आतंकी साजिश है। इस विस्फोट का मुख्य आरोपी ऑटोरिक्शा में बैठा वही यात्री है, जिसके बैग की वजह से आग लगने का शक जाहिर किया जा रहा था। इस घटना में दो लोग झुलस गए, जिसमें एक ऑटोरिक्शा ड्राइवर था और दूसरा षड्यंत्रकारी यात्री था, जिसका नाम शारिक बताया जा रहा है। आरोपी शारिक के परिसर की पुलिस ने जब तलाशी ली तो उसके ठिकाने से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, माचिस, नट बोल्ट और सर्किट मिले। वहीं इस मामले में तमिलनाडु के नागरकोल में एक और संदिग्ध पकड़ा गया है। इस संदिग्ध का नाम अजीम बताया गया है। पुलिस के अनुसार वह असम का रहने वाला है। पुलिस को शक है कि अजीम शारिक के साथ संपर्क में था. वह लगातार उससे बातचीत कर रहा था। पुलिस अब उससे पूछताछ करके मामले में नई बातें जानने की कोशिश कर रही है। एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर आलोक कुमार ने बताया कि 19 नवंबर -शेष पृष्ठ दो पर

## अर्नब गोस्वामी के खिलाफ शिंदे सरकार ने याचिका ली वापस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार को बॉम्बे हाई कोर्ट के 2020 के आदेश के खिलाफ पिछली उद्धव ठाकरे सरकार के दौरान राज्य द्वारा दायर एक अपील को वापस लेने की अनुमति दे दी। इसमें रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणिया मामले में दायर दो एफआईआर में जांच को निलंबित कर दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने महाराष्ट्र के वकील की दलीलों पर ध्यान दिया कि वह बॉम्बे हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर याचिका को वापस लेना चाहते हैं। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील शीर्ष अदालत में तब दायर की गई थी जब राज्य में तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार का शासन था। शिवसेना में विद्रोह के बाद 30 जून को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने इसे बदल दिया था। राज्य सरकार के वकील ने सोमवार को संक्षिप्त सुनवाई की शुरुआत में पीठ से कहा कि हाई कोर्ट का आदेश एक अंतरिम आदेश है। मेरे पास इसे वापस लेने का निर्देश है। खंडपीठ ने आदेश दिया कि इसे वापसी के रूप में खारिज किया -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# फतेहाबाद : जिप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

**फतेहाबाद ( हिंस )।** फतेहाबाद में जिला परिषद के लिए 22 नवम्बर को होने वाली चुनावों को लेकर ब्लॉक फतेहाबाद के आरओ एवं उपमंडलाधीश राजेश कुमार की देखरेख में सोमवार को भोडिया खेड़ा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर से पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों के लिए रवाना हुई। आरओ राजेश कुमार ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने को लेकर सभी पोलिंग पार्टियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व चुनाव मतदान प्रक्रिया से संबंधित अन्य जानकारी भी दी गई। इस दौरान आरओ राजेश कुमार ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिला में 22 नवंबर मंगलवार को जिला परिषद व ब्लॉक समिति के सदस्यों का चुनाव होगा तथा 25 नवंबर को सरपंच व पंच का चुनाव होगा। इसी कड़ी में सोमवार को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव सामग्री वितरित कर संबंधित बूथों पर भेजा गया है। फतेहाबाद ब्लॉक में जिला परिषद व ब्लॉक समिति सदस्यों के लिए 132 बूथ बनाए गए हैं और ब्लॉक में कुल 158 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि 132 बूथों पर पोलिंग पार्टियां काम करेगी। इसके साथ-साथ 26 पोलिंग पार्टियां रिजर्व रखी गई है। एक पोलिंग पार्टी में प्रीजाइडिंग ऑफिसर, अल्टरनेट प्रीजाइडिंग ऑफिसर, दो पोलिंग ऑफिसर की ड्यूटियां लगाई हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षण करवाया गया है ताकि चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जा सके। चुनाव को संपन्न करवाने के लिए सभी पुख्ता प्रबंध कर लिए गए है और आज सोमवार को जिला परिषद व ब्लॉक समिति सदस्य के चुनाव के लिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी सभी सामग्री उन्हें देकर संबंधित बूथों पर भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर पोलिंग पार्टियों ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभ्जी जानकारी हासिल की। ईवीएम व अन्य सामान वितरित करने के लिए कॉलेज परिसर में अलग-अलग टेबल बनाई गई थी। पोलिंग पार्टियों को उनके बूथ नंबर के हिसाब से रवाना किया गया। सभी पोलिंग पार्टियों के सदस्य बड़े ही चाव के साथ मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए रवाना होते नजर आए। इस अवसर पर डीएफओ राजेश कुमार सहित चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रबंधन और तटकटाव नियंत्रण पर प्रशिक्षण-कार्यशाला

**गुवाहाटी ( विभास )।** पूर्वोत्तरर जलीय एवं संबंद्ध अनुसंधान संस्थानि (निहारी), राष्ट्री य जलविज्ञान संस्थोन (एनआईएच) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थारन (आईआईटी-गुवाहाटी) ने अभियंताओं के लिए क्षमता निर्माण पर एक 5 दिवसीय प्रशिक्षण-अभ्यायस का आयोजन किया। पूर्वोत्तर क्षेत्र में विशेष रूप से ब्रह्मपुत्र और बराक घाटियों में हर किसी के लिए बाढ़ एक सामान्य प्राकृतिक घटना है। नदी से भू-कटाव एक अन्य कारक है जो गंभीर चिंता का विषय है, जिससे हर साल भूमि का काफी नुकसान होता है। बाढ़ जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य होता है-बाढ़ से होने वाले नुकसान के लिए मर्यादित स्तर की सुरक्षा प्रदान करना। यह उचित समय है कि जल संसाधन पेशेवर बाढ़ जोखिम प्रबंधन और तटकटाव नियंत्रण के लिए विभिन्न गैर-संरचनात्मक तकनीकों को लागू करने हेतु जागरूक बनें और इसके लिए प्रशिक्षित भी बनें। उक्त संस्था-नों द्वारा मिलकर समय-समय पर विभिन्नं चरणों में आयोजित किए जा रहे अभ्याास-प्रशिक्षण कार्यक्रम बाढ़ जोखिम प्रबंधन के ढांचे का अवलोकन प्रदान करने और बाढ़ प्रबंधन और कटाव नियंत्रण की अत्याधुनिक अवधारणाओं और प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करने का एक सदप्रयास है। भारत सरकार के माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा ब्रह्मपुत्र बोर्ड की एक शाखा, नवीकृत उत्तर पूर्वी जलीय और संबद्ध अनुसंधान संस्थान (निहारी) संस्थाशन का जनवरी, 2021 में उद्घाटन किया गया था। इसके बाद निहारी ने भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की प्रेरणा से पूर्वोत्तवर क्षेत्र में काम कर रहे अभियंताओं के क्षमता निर्माण से संबंधित कार्यकलाप शुरू कर दी। ब्रह्मपुत्र बोर्ड के अध्यिक्ष श्री राजीव यादव के नेतृत्व में, पूर्वोत्तरर जलीय एवं संबंद्ध अनुसंधान संस्थान (निहारी) ने बाढ़ प्रबंधन और तटकटाव नियंत्रण पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण-कार्यशाला का आयोजन किया। दिनांक 14 से 18 नवंबर, 2022 तक राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआईएच) के सहयोग से एक 5 दिवसीय प्रशिक्षण-कार्यशाला का आयोजन किया। प्रशिक्षण-कार्यशाला का उद्घाटन 14 नवंबर 2022 को ब्रह्मपुत्र बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री शेर सिंह ने किया जबकि उनका साथ दिया एनआईएच, गुवाहाटी के वैज्ञानिक- जी डॉ. एस.वी. विजय कुमार ने।

# कोकराझाड़ में लाचित बरफुकन की 400वीं जयंती पर लगातार कार्यक्रम

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** वीर लाचित बरफुकन की 400वीं जयंती के अवसर पर असम सरकार की पहल पर जारी राज्यव्यापी सप्ताहिक कार्यक्रम की कड़ी में कोकराझाड़ जिला प्रशासन द्वारा 18 नवंबर से कई तरह के आयोजन लगातार हो रहे हैं। पहले दिन, 18 नवंबर को कोकराझाड़ शहर में रंगारंग परेड का आयोजन हुआ था। वहीं 19 नवंबर को वीर लाचित बरफुकन पर जिला के सभी स्कूलों के छात्रों के बीच अन्य कार्यक्रमों के साथ निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 20 नवंबर को सभी हितधारक समूहों की भागीदारी के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तीसरे दिन के कार्यक्रम के तहत सबसे पहले कोकराझाड़ राजकीय उच्चतर माध्यमिक एवं बहुउद्देशीय विद्यालय के खेल मैदान से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों छात्रों, युवा समूहों, पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने भाग लिया। बीटीसी के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोडो ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले भर में लाचित बरफुकन पर प्रश्नोत्तरी, कोकराझाड़ के आरएनबी सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर और चोराईकोला स्थित 7वें असम पुलिस बटालियन (एपीबीएन) मुख्यालय के साथ-साथ सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई और वृक्षारोपण अभियान दिन के दौरान आयोजित किए गए। जबकि, अनूठे रूप में ओन्नई कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शाम को शांति वृद्धाश्रम, चोराइकोला के मैदान में आयोजित वृद्धाश्रमों, अनाथालयों, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच एक परिचर्चा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में बीटीसी के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोडो सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए थे।

# सीआईआई यंग इंडियंस गुवाहाटी ने अमेजिंग रेस 3.0 को दिखाया हरी झंडी

**गुवाहाटी।** स्टार सीमेंट द्वारा संचालित यंग इंडियंस गुवाहाटी चैप्टर द्वारा आयोजित अमेजिंग रेस के तीसरे संस्करण को गुवाहाटी के दिसपुर में रेजीडेंसी टूरिस्ट रिजॉर्ट से झंडी दिखाया गया। अमेजिंग रेस सीआईआई की यूथ विंग वाईआई गुवाहाटी चैप्टर की प्रमुख सड़क सुरक्षा पहल है। दौड़ को यंग इंडियंस और स्टार सीमेंट के सदस्यों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वाईआई अमेजिंग रेस 2019 में अपनी स्थापना के बाद से सड़क सुरक्षा के कारण को बढ़ावा दे रही है। इस साल हम वाईआई अमेजिंग रेस 3.0 के माध्यम से महान अद्यहोम आर्मी जनरल लद्यचित बोरफुकन की 400वीं जयंती पर उनकी वीरता को याद कर रहे हैं। अमृत देउराह, चेयर, यंग इंडियंस, गुवाहाटी चैप्टर ने कहा कि यह वाईआई अमेजिंग रेस का तीसरा संस्करण है। इस मजेदार खजाने की



खोज गतिविधि का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करना है, जहां उन्हें सुराग और बाधाओं को हल करने के लिए अपने शहर को बेहतर ढंग से जानने का अवसर मिलता है। प्रतिभागी टीमों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई और उन्होंने भी लोगों को सड़क पर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।भारत ञ्च75 की भावना को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर राज्यों की 75 टीमों ने दौड़ में भाग लिया, जहां उनके पास पहेलियों को हल करने, सुराग खोजने, तर्क का उपयोग करने और टीमवर्क की शक्ति को साबित करने के लिए 150 मिनट का समय था ताकि वे अपना मार्ग प्रशस्त कर सकें। सड़क सुरक्षा नियमों का हर तरह से पालन और प्रचार करते हुए जीत हासिल करना। टीम 33, अरविंद अग्रवाल और उनकी टीम के सदस्य अमेजिंग रेस 3.0 के विजेता बने। नितेश टोडी, सह अध्यक्ष, यंग इंडियंस गुवाहाटी चैप्टर ने कहा कि वाईआई अमेजिंग रेस हमेशा एक रोमांचकारी अनुभव रहा है और यह युवा गुवाहाटीवासियों की भावना का प्रतीक है। इस फ्लैगशिप इवेंट के माध्यम से यंग इंडियंस गुवाहाटी चैप्टर का उद्देश्य सीट बेल्ट लगाने जैसे बहुत ही बुनियादी और सरल कार्य से शुरू होने वाली सड़क सुरक्षा प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। इस साल हमने जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया।

# पृष्ठ एक का शेष

## असम सरकार ने ...

यहां के प्राचीन जल, जंगल, पहाड़ और नदियों की उपस्थिति राज्य को पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं प्रदान करती है। नई पर्यटन नीति इसी लक्ष्य को दर्शाती है। हमारी पेशकश पर्यटकों को हर एक नुक्कड़ पर आकर्षित करेगी। हम निवेशकों के लिए भी विशेष पैकेज लाए हैं। उन्होंने कहा कि नीति का मिशन पर्यटन क्षेत्र में सुधार के लिए केंद्रीय मंत्रालयों, विभिन्न राज्य सरकार के विभागों, स्थानीय समुदायों और पर्यटन हितधारकों के सहयोग से एक नीतिगत ढांचा और रणनीतिक रोडमैप बनाना है, ताकि राज्य में पर्यटन में लगे निजी क्षेत्र का समर्थन किया जा सके। साथ ही पर्यटन क्षेत्र में लगे खंडों एवं उप क्षेत्रों को मजबूत करना है। असम सरकार के पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनिंदर सिंह ने कहा कि नीति का मौलिक मार्गदर्शक सिद्धांत असम को एक स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थल बनाने के लिए स्थिरता को प्रोत्साहित करना और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य सकारात्मक प्रभावों को सुनिश्चित करते हुए सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक क्षेत्रों पर पर्यटन के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करके स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह रणनीति जिम्मेदार पर्यटन को भी बढ़ावा देगी, जो सभी हितधारकों को एक साथ लाने और लोगों के रहने एवं यात्रा करने के लिए एक बेहतर वातावरण मुहैया कराएगी। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग होटल और रिसॉर्ट में स्थानीय कर्मचारियों के लिए नियोक्ताओं द्वारा ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को उनकी कंपनियों में प्रबंधन और नेतृत्व की स्थिति में आगे बढ़ाना और नियोक्ताओं को विशेष रूप से रात में काम करने वाली महिला श्रमिकों के लिए चाइल्ड केयर सहायता और सुरक्षित परिवहन प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। गाइड, रसोइया, वेटर और ड्राइवर जैसे पुरुष-प्रधान पदों पर महिलाओं को प्रशिक्षित करने और इन पदों पर महिलाओं को प्रोत्साहित करने वाली फर्मों को मान्यता प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

## 200 से ज्यादा लोगों ...

ने बताया कि बांग्लादेश रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) और केएनए के बीच हालिया मुठभेड़ के कारण रविवार की शाम 125 महिलाओं व बच्चों समेत 274 बांग्लादेशी अपने गांवों से भाग गए और लॉन्गतलाई जिले के सिमिनासोरा में प्रवेश कर गए। उन्होंने बताया कि कुकी-चिन-मिजो समुदाय के बांग्लादेशी नागरिक सात गांवों से पूर्वोत्तरी राज्य में शरण लेने के लिए आए हैं। जिला प्रशासन और सरकारी संगठन मानवीय आधार पर उन्हें राहत प्रदान कर रहे हैं। इस बीच, जो रियूनिफिकेशन ऑर्गनाइजेशन (जोरो) ने बांग्लादेशी सेना द्वारा कुकी-चिन-मिजो समुदाय के नागरिकों पर हमले की निंदा की है। भारत, म्यामांर और बांग्लादेश की चिन-कुकी-मिजो जनजातियों के रियूनिफिकेशन के लिए काम करने वाले मिजो समूह ने आरोप लगाया कि केएनए के खिलाफ संयुक्त गुप्त अभियान शुरू करने के लिए बांग्लादेश की सेना ने म्यांमार स्थित अराकान आर्मी (एए) के साथ एक गुप्त समझौता किया है। मिजो समूह ने दावा किया कि बांग्लादेश रैपिड एक्शन बटालियन और अराकान आर्मी की संयुक्त सेना ने पिछले हफ्ते चाइखियांस और पड़ोसी गांवों पर हमला किया। नौ नागरिकों का अपहरण कर लिया।

## हिमंत विश्व शर्मा समेत ...

पूर्वोत्तर के योगदान को मनाने के लिए किया गया था। यह कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रवाद के विकास के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा निभाई गई भूमिका पर विचार-विमर्श करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए भी आयोजित किया गया था और कैसे पूर्वोत्तर वैश्विक परिदृश्य में सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर भारत के उत्थान के लिए प्रेरणा शक्ति के रूप में उभर रहा है। डॉ. शर्मा ने इस उल्लेखनीय पहल के लिए भारतीय सेना की पूर्वी कमान को बधाई दी, जिसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में पूर्वोत्तर के योगदान का जश्न मनाना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने क्षेत्र के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश को विदेशी प्रभुत्व से मुक्त करने के लिए स्वतंत्रता आंदोलन को शक्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पूर्वोत्तर के सैनिकों और वीर नारियों को भी याद किया जो राष्ट्र की रक्षा और इसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा अपने पैरों पर खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नॉर्थ ईस्ट की भावना और सिविल और आर्मी फ्यूजन को प्रदर्शित करने में भी मदद करते हैं। उन्होंने इस अवसर पर लाचित बरफुकन को भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने मुख्य रूप से लचीले असम की इमारत को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। 24 नवंबर को मनाई जा रही वीर लाचित बरफुकन की 400वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से इस महान आत्मा के सम्मान और श्रद्धांजलि के रूप में कम से कम एक मिट्टी का दीपक जलाने की अपील की। इस मौके पर जीओसी पूर्वी कमान भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने भी अपनी बातें रखीं। वहीं असम के सांसद कामाख्या प्रसाद तासा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## सेना ने नारियों ...

पूर्वी कमान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में वीर नारियों का सम्मान किया गया। ये वीर नारियां पूर्वोत्तर के राज्यों से आईं थीं। इस मौके पर इंडियम आर्मी वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) की पूर्वी कमान की क्षेत्रीय अध्यक्ष निशा कलिता ने कहा, हम वीरों को कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि आवा हर तरह से इन वीर नारियों के साथ हैं। पूर्वोत्तार स्वाभिमान उत्सव के हिस्से के रूप में, वीर नारी सम्मान समारोह का आयोजन ब्रह्मपुत्र हॉल, नारंगी सैन्य स्टेशन, गुवाहाटी में बहादुरों के बलिदान का सम्मान करने के लिए किया गया था। यह प्रदान करने के भारतीय सेना के लक्ष्य को सुदृढ़ करने और दोहराने के लिए भी था। सैनिकों की वीर नारियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा, गरिमा और समस्या-समाधान और यह कि सेना उनकी जरूरतों के प्रति संवेदनशील है और उनके परिवारों की देखभाल और देखभाल अच्छी तरह से की जाती है। इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों से वीर नारियों ने भाग लिया और उन्हें सुविधा प्रदान की गई। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा और आवा की पूर्वी कमान की क्षेत्रीय अध्यक्ष निशा कलिता उपस्थित थीं।

## फसल विविधीकरण से ...

संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कही। इस अवसर पर राज्यपाल प्रो. मुखी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था, जिसमें सेवा क्षेत्र प्रमुख क्षेत्रों में से एक है, अब भी कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर निर्भर है, जो अर्थव्यवस्था को स्थिरता और विकास की गति प्रदान करते हैं। कृषि ऋण और सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों की समय पर उपलब्धता कृषि क्षेत्र के कुशल प्रदर्शन की कुंजी है। चूंकि, देश की आबादी का बड़ा हिस्सा अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है, इसलिए उन्हें एक मजबूत ग्रामीण बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र प्रदान करना उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) इस संबंध में एक अनिवार्य भूमिका निभाता है। प्रो. मुखी ने कहा कि खाद्य फसलों की खेती और मिश्रित फसल की खेती और बहुमौसम फसल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित योजनाओं जैसे- असम बाजरा मिशन, असम चारा मिशन, प्राकृतिक खेती और टिश्यू कल्चर आदि जैसी आधुनिक तकनीक की शुरुआत से फसल विविधीकरण से कृषि क्षेत्र को बदलने में मदद मिलेगी। कृषि भूमि के सभी भूखंडों के लिए आधार की तरह मृदा परीक्षण और मृदा कार्ड अनिवार्य होना चाहिए। फसल बीमा का संतृप्ति कवरेज प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसान को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों (बीज, उर्वरक, कीटनाशक) की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सरकार द्वारा किए गए मिशनों की सफलता को परिभाषित करेगी। राज्यपाल ने कहा कि अष्टलक्ष्मी की वास्तविक क्षमता का एहसास करने के लिए प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण तभी साकार होगा जब नाबार्ड और सभी बैंकिंग बिरादरी पूर्वोत्तर क्षेत्र की संभावनाओं और भारत सरकार और सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों द्वारा उजागर की गई प्राथमिकताओं पर ध्यान दें। असम के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में भारत सरकार की प्रमुख योजनाएं, अर्थात् ग्रामीण भंडारन योजना (यानी ग्रामीण गोदाम योजना), पीएम कृषि सिंचाई योजना (यानी कृषि सिंचाई मिशन), पीएम फसल बीमा योजना (यानी फसल बीमा पर), पीएम किसान सम्मान निधि, पशुधन बीमा योजना और जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना इस संबंध में सबसे उल्लेखनीय हैं। प्रो. मुखी ने हितधारकों से अनुरोध किया कि वे जमीनी स्तर पर ऋण प्रवाह को बढ़ाने के लक्ष्य का लगातार पीछा करें और असम में बैंकों और वित्तीय संस्थानों से आग्रह करें कि वे न केवल असम, बल्कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को देश भर में भी सबसे आगे रखने के सपने को साकार करने में अत्यधिक समर्थन और सहयोग दें। इस मौके पर राज्य की वित्त मंत्री अजंता नेउग ने अपने संबोधन में राज्य ऋण संगोष्ठी के आयोजन के लिए नाबार्ड की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक नवीन ढींगरा, आयुक्त एवं सचिव वित्त मनीष ठाकुर, क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई संजीव सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति भवन एक ...

गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को किया जा सकेगा। राष्ट्रपति भवन में प्रवेश सुबह 10 से शाम 4 बजे तक एक-एक घंटे के पांच स्लॉट में उपलब्ध होगा। दोपहर एक से दो बजे के बीच भोजनावकाश के लिए बंद रहेगा। आगंतुक राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने स्लॉट ऑनलाइन बुक कर सकते हैं। राष्ट्रपति भवन के दौरे के अलावा, लोग राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सप्ताह में छह दिन मंगलवार से रविवार राष्ट्रपति भवन संग्रहालय परिसर में जा सकते हैं। प्रत्येक शनिवार को लोग सुबह 8 से 9 बजे तक राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में चेंज ऑफ गार्ड समारोह भी देख सकते हैं। राजपत्रित अवकाश होने पर या राष्ट्रपति भवन द्वारा अधिसूचित होने पर समारोह शनिवार को नहीं होगा।

## गुस्साए लोगों ने ...

विधायक कुमारस्वामी ने देर शाम घटनास्थल का दौरा किया था। हाथियों के खतरे के संबंध में कुछ नहीं करने और देर से पहुंचने पर ग्रामीणों ने भाजपा विधायक पर अपना गुस्सा निकाला। हालांकि, वे सुबह से विरोध कर रहे थे। विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने विधायक के साथ गाली-गलौज की, उनके कपड़े फाड़े और पिटाई करने लगे। बाद में उनका पीछा किया। पथराव के बीच, विधायक को बचा लिया गया और पुलिस उनको उनके वाहन तक ले गई। ग्रामीणों ने वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। विधायक कुमारस्वामी के आसपास की भीड़ को शांत करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। हाथी के हमले में मारी गई महिला शोभा का अंतिम संस्कार किया जाना बाकी है। पुलिस की कार्रवाई से गांव में और अधिक अस्थिर स्थिति पैदा हो सकती है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## पीएम आज 71 हजार...

मेले से आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और सीधे राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने की उम्मीद है। इससे पहले अक्तूबर में रोजगार मेले के तहत 75,000 नवनियुक्त नियुक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे। नए नियुक्तियों को नियुक्ति पत्रों की भौतिक प्रतियां देश भर के 45 स्थानों पर (गुजरात और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर) सौंपी जाएंगी। पूर्व में भरे गए पदों की श्रेणियों के अलावा शिक्षक, व्याख्याता, नर्स, नर्सिंग ऑफिसर, डॉक्टर, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर और अन्य तकनीकी और पैरामेडिकल पदों को भी भरा जा रहा है। विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में गृह मंत्रालय द्वारा बड़ी संख्या में पदों को भरा जा रहा है। प्रधानमंत्री कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल का भी शुभारंभ करेंगे। मॉड्यूल विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नए नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है। इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल नैतिकता और अखंडता, मानव संसाधन नीतियां और अन्य लाभ और भत्ते शामिल होंगे जो उन्हें नीतियों के अनुकूल होने और नई भूमिकाओं में आसानी से परिवर्तन करने में मदद करेंगे।

## मंगलुरु ऑटो ब्लास्ट...

की रात करीब 7:40 बजे मेंगलुरु शहर के बाहर एक ऑटो में विस्फोट हुआ था। घटना में यात्री और ड्राइवर दोनों झुलस गए। ऑटो ड्राइवर की पहचान पुरुषोत्तम पुजारी और यात्री की पहचान शारिक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी शारिक के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं। दो मेंगलुरु शहर में और एक शिवमोग्गा में। शारिक के खिलाफ दो मामलों में यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है और तीसरे मामले में वह वॉन्टेड था और लंबे समय से फरार चल रहा था। कुमार ने कहा कि यात्री के भेष में ऑटो में बैठे शारिक के पास एक बैग था, जिसमें कुकर बम था। इसी बम के ब्लास्ट होने की वजह से वो खुद और ऑटो ड्राइवर झुलस गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) आतंकवादी संगठन से प्रेरित था और अपने आकाओं के साथ संपर्क करने के लिए डार्क वेब का इस्तेमाल करता था। उन्होंने कहा कि शरीक ने कई हैंडलर्स के अंडर में काम किया, जिनमें से एक *अल हिंद* से था, जो आईएसआईएस से प्रभावित एक आतंकवादी संगठन है।

## अर्नब गोस्वामी के...

जाता है। हाई कोर्ट ने 2020 में समाचार कार्यक्रमों के दौरान कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणियां करने के लिए गोस्वामी के खिलाफ दायर दो प्राथमिकियों की जांच पर रोक लगा दी थी। प्राथमिकी पालघर लिंचिंग की घटना के बारे में टीवी कार्यक्रमों में गोस्वामी की टिप्पणियों और कोविड लॉकडाउन के दौरान मुंबई के बांद्रा इलाके में बड़ी संख्या में प्रवासियों के जमा होने से संबंधित थीं। 26 अक्तूबर, 2020 को शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ लोगों को अधिक तेजी से निशाना बनाया जाता है और उन्हें अधिक सुरक्षा की आवश्यकता होती है। महाराष्ट्र सरकार ने गोस्वामी के खिलाफ पुलिस जांच पर रोक लगाने के उच्च न्यायालय के फैसले का विरोध किया था। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार द्वारा दायर अपील पर गोस्वामी और अन्य से जवाब मांगा था। 30 जून, 2020 के अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने कहा कि गोस्वामी की टिप्पणियों ने कांग्रेस और उसके तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी को निशाना बनाया, लेकिन उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया जिससे विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच सार्वजनिक वैमनस्य पैदा हो या हिंसा भड़के। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा था कि भारत की स्वतंत्रता तब तक सुरक्षित रहेगी जब तक कि पत्रकार प्रतिशोध के खतरे से डरे बिना सत्ता से बात कर सकें। जब समाचार मीडिया जंजीरों में जकड़ा हो तो स्वतंत्र नागरिक मौजूद नहीं रह सकते हैं।

## म्यांमार में 5700 ...

भी रहे जिनमें एक ऑस्ट्रेलियाई शिक्षाविद, एक जापानी फिल्मकार, एक पूर्व ब्रिटिश राजनयिक तथा एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और मानवाधिकार संगठनों ने रिहाई का स्वागत करते हुए म्यांमार से अवैध तरीके से हिरासत में लिये गये अन्य लोगों को भी रिहा करने का आह्वान किया। म्यांमार में मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत थॉमस एंड्रयूज ने सियोल में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं जाहिर तौर पर रिहाई का स्वागत करता हूं, लेकिन मैं आगाह करता हूं कि यह सैन्य शासन की म्यांमार में प्रगति का माहौल दिखाने की कोशिश है ताकि अंतर्राष्ट्रीय राय को प्रभावित किया जा सके। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस रिहाई के लिए सैन्य सरकार की तारीफ नहीं करनी चाहिए या इसे इस तरह के प्रमाण के रूप में नहीं लेना चाहिए कि सैन्य शासन नरमी बरत रहा है। एंड्रयूज ने कहा कि उन्हें खबर मिली हैं कि रिहा किए गए कुछ लोगों को फौरन दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया और पिछले सप्ताह रिहाई के 24 घंटे के भीतर सेना ने म्यांमार के पश्चिम रखाइन राज्य में एक गांव में भारी गोलाबारी की जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। एक मानवाधिकार निगरानी संगठन के अनुसार म्यांमार में फरवरी 2021 में लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित आंग सान सू ची की सरकार को हटाकर सेना के कब्जा करने के बाद से राजनीतिक आरोपों में करीब 16,230 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध को ...

सकता है कि भारत पर जी-20 में शामिल देशों का दबाव हो। डॉ. फारूक का यह बयान बाली में जी-20 की विज्ञप्ति के बाद आया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिए संदेश में कहा गया है कि आज का युग युद्ध का नहीं है। जी 20 की आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय प्रणाली को बनाए रखना अति आवश्यक है। इसमें संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में निहित सभी उद्देश्यों और सिद्धांतों के बचाव के अलावा और सुरक्षा सहित अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना भी शामिल है। परमाणु हथियारों के उपयोग या इसके उपयोग की धमकी अस्वीकार्य है। संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान, संकटों को दूर करने के प्रयास, साथ ही कूटनीति संवाद महत्वपूर्ण हैं। आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए। नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख ने गृहमंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी कटाक्ष किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान के बजाय कश्मीरी युवाओं से बात करेंगे। डॉ. फारूक ने कहा कि हमारी लड़ाई पाकिस्तान से है न कि युवाओं से। इसलिए बात तो पड़ोसी देश से करनी ही चाहिए। यह भी कहा कि हो सकता है कि हमारे अपने पड़ोसी देशों के साथ जो भी समस्याएं हैं, हो सकता है कि देश इसका समाधान भी निकाल लें। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान के साथ बातचीत करने के लिए कहते-कहते थक गया हूं। भारत को किसी समय पाकिस्तान से बात करनी ही पड़ेगी। नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख ने गृहमंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी कटाक्ष किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान के बजाय कश्मीरी युवाओं से बात करेंगे। डॉ. फारूक ने कहा कि हमारी लड़ाई पाकिस्तान से है न कि युवाओं से। इसलिए बात तो पड़ोसी देश से करनी ही चाहिए। यह भी कहा कि हो सकता है कि हमारे अपने पड़ोसी देशों के साथ जो भी समस्याएं हैं, हो सकता है कि देश इसका समाधान भी निकाल लें। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान के साथ बातचीत करने के लिए कहते-कहते थक गया हूं। भारत को किसी समय पाकिस्तान से बात करनी ही पड़ेगी। कट्टरपंथ जैसे सवाल पर उन्होंने कहा कि कट्टरपंथ जैसा कुछ नहीं है। हम कम तीव्रता वाला युद्ध लड़ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराए जाने के सवाल पर डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव कराना चुनाव आयोग और केंद्र पर निर्भर करता है। हम नहीं जानते कि चुनाव कब कराए जाएंगे। मेरा कर्तव्य सिर्फ यह है कि मैं लोगों से बात करूं और उनकी समस्याओं को संसद और केंद्र के सामने उठाई।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **चतुर्थ अध्याय**

**( ज्ञान )**

**ज्ञान से मुक्ति भुक्ति है, ज्ञान से है सुख शान्ति।**
**ज्ञान से जन्म सुधार है, ज्ञान से उज्वल कान्ति॥ 27॥**

**शब्दार्थ :** (मुक्ति) बंधन निवृत्ति (भुक्ति) भोग, इंद्रिय-सुख (कान्ति) शोभा (उज्वल) प्रदीप्त।

**भाष्य :** ज्ञान से ही मुक्ति-भुक्ति एवं सुख-शांति की प्राप्ति होती है। ज्ञान से ही जीवन का सुधार हो कर उज्ज्वल कांति प्राप्त होती है और अच्छे चरित्र से सुशोभित होता है।

**ज्ञान युक्ति भक्ती करे, तिक्षण ले वैराग।**
**कृत्कृत्य वर हँस सो, सद्गुरु पद अनुराग॥ 28॥**

**शब्दार्थ :** (तिक्षण) प्रखर, तेज (कृत्कृत्य) सफल (अनुराग) प्रेम (युक्ति) ढंग।

**भाष्य :** सद्गुरुपद का अनुरागी तीक्ष्ण वैराग्य लेकर चेतन विहंगम योग की युक्ति से प्रभु की भक्ति करता है और लक्ष्य को पूर्ण कर कृतकृत्य हो जाता है।



## कामरूप जिला बाल विज्ञान समारोह आयोजित



**रंगिया ( निसं )।** 30वां राष्ट्रीय बाल विज्ञान समारोह का कामरूप जिला समारोह 20 नवंबर को छयगाँव स्थित चंपकनगर के बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय कार्यक्रम के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। समारोह में कुल 103 योजनाओं का पंजीयन किया गया। दिसंबर के तीसरे सप्ताह में होने वाले राज्य स्तर के लिए चयनित बाल वैज्ञानिकों में कृष्णा मालाकार, छयगांव राजकीय मध्य विद्यालय, योजना- गांव भवानीपुर में चमगादड़ की विविधता पर अध्ययन, अब्दुल रज्जाक पायनियर अकादमी बेजेरा, योजना - अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग, आफरुजा बेगम, एमिटी अकादमी, बाईहाटा चाराली, योजना जल मेटेका के साथ जल प्रदूषण नियंत्रण, इयास्मीन सुल्ताना, मांदाकाटा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध भीम केले के गुणों और उपयोग पर अध्ययन, मयूरी काश्यप, मुक्तापुर उच्च विद्यालय, योजना मिट्टी की दीवारों पर लीपकर बीजों के संरक्षण के प्राकृतिक तंत्र पर अध्ययन, समृद्धि दास, महर्षि विद्यामंदिर, रंगिया, मासिक धर्म की अवधि के दौरान मिथक और प्रथागत अभ्यास और स्वास्थ्य और कल्याण पर इसका प्रभाव, तेनिका बोड़ो, छाटाबारी आंचलिक उच्च विद्यालय, स्थानीय लोगों की जीविका का माध्यम और पर्यावरण पर उनका प्रभाव, स्वीटी बेगम, पूबपार मदरतला उच्च माध्यमिक विद्यालय, परंपरागत चिकित्सा पद्धति में हाथ जोड़ना और हाड़घुनेसी, मिस आशमीना आख्तर, चिमीना आंचलिक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, चिमीना आंचलिक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के 8 वीं और 9 वीं कक्षा के छात्रों की आहार संबंधी आदतों और संभावित स्वास्थ्य पहलुओं पर एक अध्ययन, तुलुमणि लहकर, छयगांव सरकारी मध्य विद्यालय, घर के बगीचों में पाई जाने वाली जंगली सब्जियां और उनके गुण। कार्यक्रम के दौरान कामरूप जिले के विद्यालय निरीक्षक, अपूर्व ठाकुरिया ने राज्य स्तर के लिए चयनित बाल बैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी तथा समारोह के सफलतापूर्वक समापन होने पर आयोजकों के साथ छयगांव चंपकनगर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका रेणु दास तथा अन्य सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्राओं की प्रशंसा की।

## कोहरा : ट्रेनों को रद्द करने और फ्रिक्वेंसी घटाने का लिया गया निर्णय

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** आगामी कोहरे के मौसम में ट्रेन परिचालन की व्यवस्था के लिए रेलवे बोर्ड ने 01 दिसंबर से 28 फरवरी, 2023 तक ट्रेनों को रद्द/फ्रिक्वेंसी को घटाने का निर्णय लिया है। तदनुसार, कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और घटाये गए फ्रिक्वेंसी वाले कुछ ट्रेनों का उल्लेख नीचे दिया गया है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने सोमवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। 02 दिसंबर से 27 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15903 (डिब्रूगढ़-चंडीगढ़) एक्सप्रेस तथा 04 दिसंबर से 01 मार्च, 2023 तक प्रत्येक रविवार और बुधवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15904 (चंडीगढ़-डिब्रूगढ़) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 05 दिसंबर से 27 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक सोमवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15620 (कामाख्या-गया) एक्सप्रेस और 06 दिसंबर से 28 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक मंगलवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15619 (गया-कामाख्या) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 01 दिसंबर से 23 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक गुरुवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15621 (कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल)



एक्सप्रेस और 02 दिसंबर से 24 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15622 (आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02 दिसंबर से 26 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक शुक्रवार, रविवार और बुधवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 12505 (कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल) नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस रद्द रहेगी, जबकि प्रत्येक शनिवार, सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को अपने मौजूदा समय-सारिणी के अनुसार ही चलेगी। 04 दिसंबर से 28 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक रविवार, मंगलवार और शुक्रवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 12506 (आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या) नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस रद्द रहेगी और प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को अपने मौजूदा समय-सारिणी के अनुसार ही चलेगी। 03 दिसंबर से 25 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक शनिवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 12523 (न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली) एक्सप्रेस रद्द रहेगी और प्रत्येक मंगलवार को अपने मौजूदा समय-सारिणी के अनुसार चलेगी। 04 दिसंबर से 26 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक रविवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 12524 (नई दिल्ली- न्यू जलपाईगुड़ी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी और प्रत्येक बुधवार को अपने मौजूदा समय-सारिणी के अनुसार चलेगी। 03 दिसंबर से 25 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक शनिवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15909 (डिब्रूगढ़-लालगढ़) अवध असम एक्सप्रेस रद्द रहेगी और अन्य निर्धारित दिनों में अपने मौजूदा समय-सारिणी के अनुसार चलेगी। 06 दिसंबर से 28 फरवरी, 2023 तक प्रत्येक मंगलवार को चलने वाली ट्रेन संख्या 15910 (लालगढ़-डिब्रूगढ़) अवध असम एक्सप्रेस रद्द रहेगी और अन्य निर्धारित दिनों में अपने मौजूदा समय-सारिणी के अनुसार चलेगी।

# व्यापारी को दिनदहाड़े मारी गोली



**गुवाहाटी ( विभास )।** असम के गुवाहाटी में मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने कथित रुप से गोली मारकर दिनदहाड़े एक व्यापारी की हत्या कर दी और उसके दो लाख रुपऐ लेकर चंपत हो गए। गुवाहाटी के पुलिस उप आयुक्त (पूर्व) सुधाकर सिंह ने बताया कि यहां पंजाबारी इलाके में बंदूकधारियों ने व्यापारी रंजीत बोरा (62)के गले में गोली मारी। उन्होंने मीडिया से कहा कि बोरा पूरबी डेयरी के एक वितरक थे। जब उन्हें गोली मारी गयी तब वह एक निजी बैंक में पैसा जमा करने आये थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि जब व्यापारी पर हमला किया गया तब वह अपनी कार में बैठे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपराध स्थल से 9एमएम पिस्तौल की एक खाली कारतूस बरामद की है। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त हरमीत सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध स्थल का दौरा किया एवं जांच प्रक्रिया की निगरानी की। पुलिस उप आयुक्त ने कहा कि हमने अपराधियों को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया है और हमें कुछ सुराग हाथ लगे हैं। इस घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने कहा कि इस हत्या से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार में यहां कानून व्यवस्था का खोखलापन सामने आ गया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि भाजपा आम लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल रही है। यदि शहर में बदमाश हथियार लेकर इस तरह घूम रहे हैं तो शांति की वापसी कहां है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने की। तृणमूल कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने भी भाजपा सरकार की निंदा की और आरोप लगाया कि गुवाहाटी एवं राज्य के अन्य हिस्सों में अपराध बढ़ रहे हैं।

## सड़क हादसा : दो महिला समेत चार घायल

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव के कठियाताली में सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में चार व्यक्ति घायल हो गए। हादसा नगांव के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-36 के पास बस स्टैंड के सामने हुआ। सड़क किनारे खड़े यात्रियों को नगांव से लंका की ओर जा रही अल्टो कार (एएस-02एसी-8588) ने टक्कर मार दिया। हादसे में दो महिलाओं सहित चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत सभी घायलों को नगांव के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की स्थिति संकटजनक बतायी गई है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया।

## चार स्थानों पर लायंस उमंग का मधुमेह जांच शिविर आयोजित



**गुवाहाटी ( विभास )।** मधुमेह के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लायंस क्लब ऑफ गौहाटी उमंग की ओर से महानगर के चार अलग अलग स्थानों पर मधुमेह जांच एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। महानगर के कुल चार स्थानों पर आयोजित शिविरों का लाभ बढ़ी संख्या में लोगों ने लिया। वहीं रेलवे गेट नं. 8 स्थित मिशनरी ऑफ चैरेटी के शांतिदान आश्रम मैं क्लब की ओर से मधुमेह जांच मशीन प्रदान की गई ताकि वहां रह रहे लोगों की नियमित रूप से मधुमेह की जांच हो सके। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी आरुषी गर्ग सोनी ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में दो दिवसीय मधुमेह जांच एवं जागरूकता शिविर कुल चार स्थानों पर किए गए। नारंगी के फोरेस्ट गेट स्थित पोद्दार कांप्लेक्स में संयोजिका रोमा भजनका, आठगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला, रेलवे गेट नं. 8 स्थित मिशनरी ऑफ चैरेटी के शांतिदान आश्रम तथा भरलुमुख स्थित श्रीहरि अपार्टमेंट में में संयोजिका निभा सराफ व संगीता बढ़जात्या की देख-रेख में इन शिविरों का आयोजन किया गया। क्लब की कोषाध्यक्ष कुसुम जैन ने बताया कि इस दौरान बढ़ी संख्या में लोगों के मधुमेह की जांच की गई, तथा उन्हें इस बिमारी से बचने तथा काबू में करने हेतु विभिन्न अहम जानकारी दी गई। वहीं डायटिशियन मंजू जोगनी ने दैनिक खान पान के संदर्भ में बताया। इन शिविरों को आयोजित करने में मारवाड़ी हॉस्पिटल के चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सचिव कंचन पोद्दार ने बताया कि सभी स्थानों पर आयोजित शिविरों को सफल बनाने में अध्यक्ष सीमा सोनी, कोषाध्यक्ष कुसुम जैन, जिलापाल (द्वितीय) सीमा गोयनका, संगीता बढ़जात्या, निभा सराफ, सुजाता जैन, आशा मुरारका, स्वाती चौधरी, संतोष मिंडा, ज्योति खेमका, लीपिका मोदी, सुंदर पारीक, सुनिता मित्तल, लक्ष्य शर्मा, मंजू जोगानी, सुनिता भड़ेच, रेणु जैन, कंचन बेताला आदि सदस्याओं का भरपूर सहयोग रहा।

## महानगर में रेकी प्रशिक्षण शिविर



**गुवाहाटी ( विभास )।** मानसिक अशांति से दूर रह कर मन को आप खुद शांत और आनंदित रख सकते हैं। जीवन की सफलता,सुस्वास्थ और उन्नति की चाबी आपके हाथों में है। आपका शक्ति द्वार खोलने के लिए रेकी ग्रैंड मास्टर और एंजेल मास्टर पश्चिम बंगाल के कोलकाता की मिताली भट्टाचार्य आगामी 7 दिसंबर से पूर्वांचल योग तीर्थ, भारत योग संस्कृति और योग चिकित्सा केंद्र में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगी। ऐसी एक आरोग्य पद्धति है जिसके द्वारा हम अपने साथ-साथ दूसरों की भी चिकित्सा कर सकते हैं। रेकी हमारे आत्मा के साथ साथ परिचय कराते हुए प्रेम और प्रकाश का खोज करता है। रेकी दैहीक लक्षणों के स्रोत खोज कर खोज निकालकर शक्ति के अभाव को पूरा करता है। और शारीरिक परिपूर्णता की रक्षा करता है।शरीर के जिस किसी तरह की पीड़ा दर्द, मानसिक तनाव और दुख आदि को दूर कर सारिक मानसिक उत्कर्ष का साधना करता है। यह आत्म विश्वास को बढ़ाता है। इस रेकी की विद्या को आशेष साधना के बलबुते पर मानव समाज में मानव जाति के हित में जापान के एक शिक्षाविद डॉक्टर मिकाउसूय ने 1922 फैलाया था। रेकी या जिसे हम स्पर्श चिकित्सा से जानते हैं इसका अर्थ महाजागतिक प्राणशक्ति है। रेकी को आप भी अपना सकते हैं और अपने जीवन को सर्व सर्वांग सुंदर बना सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के लिए9163026249,या8334002488 पर संपर्क कर सकते हैं इस आशय की जानकारी रेकी ग्रुप के संगठन धनंजय तालुकदार ने दी है।

### विफा की बंगाईगांव शाखा का गठन

## गौ-संस्कृति की रक्षा ब्राह्मणों की प्राथमिकता : शर्मा



**बंगाईगांव ( निसं )।** विप्र फाउंडेशन (विफा) की एक सभा बंगाईगांव के मूलचंद जालान विवाह भवन में आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता आनंद शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विफा के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रात: खबर के एडिटर इन चीफ चंद्र प्रकाश शर्मा के अलावा निचले असम में विफा के प्रभारी नागरमल शर्मा एवं बीरबल शर्मा उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित लोगों को विफा के राष्ट्रीय सचिव शर्मा ने कहा कि बदलते हुए दौर में ब्राह्मणों को संगठित होने की और अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में जबकि धर्म की हानि हो रही है, गौ एवं हिंदू नारी सुरक्षित नहीं हैं, ब्राह्मणों को खुद संगठित होना पड़ेगा और फिर से समाज का नेतृत्व करना पड़ेगा। शर्मा ने कहा कि आज के युग की शक्ति अर्थ है। अत: ब्राह्मणों को ज्ञान के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी स्वावलंबी बनना पड़ेगा। शर्मा ने अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड में भगवान परशुराम की 51 फीट की मूर्ति की स्थापना के कार्य में सभी विप्र बंधुओं से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विप्र बंधु राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में न सिर्फ खुद सहयोग करें, बल्कि अन्य समुदायों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि गौ और संस्कृति की रक्षा सभी सनातन धर्मावलंबियों का कर्तव्य है, किंतु ब्राह्मणों की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आगामी 23 से 25 दिसंबर तक गुवाहाटी में तीन दिवसीय विप्र लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसे गौ-संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित किया गया है। मौके पर नागरमल शर्मा, बीरबल शर्मा, आचार्य विष्णु प्रसाद उपाध्याय ने भी लोगों को संबोधित कर विप्र फाउंडेशन से जुड़ने और इसे मजबूत करने का आह्वान किया। इससे पहले सभी अतिथियों का फूलाम गामोछा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव शर्मा ने बंगाईगांव शाखा के औपचारिक गठन की घोषणा भी की। अंत में शाखा अध्यक्ष आनंद शर्मा ने अपना संबोधन रखते हुए पधारे हुए अतिथियों सहित सभी को धन्यवाद दिया और आने वाले समय में बंगाईगांव के विप्र बंधुओं के सहयोग से विप्र उत्थान की नींव रखने का संकल्प लिया।

## गायिका संतोष शर्मा नेशनल ग्लोरियस अवार्ड 2022 से सम्मानित




**गुवाहाटी।** प्रसिद्ध गायिका एवं समाज सेविका संतोष शर्मा को नेशनल ग्लोरियस अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। ट्रस्टेड विजन की लूपा मुद्रा एवं रितेश जैन द्वारा गत रविवार की शाम जयपुर के होटल इंडाना पैलेस में आयोजित रंगारंग समारोह में इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड से नवाजा गया। आरएसजी इवेंट के रिंकू सिंह गुजर और शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की अंबालिका शास्त्री द्वारा नेशनल ग्लोरियस अवॉर्ड 2022 का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संतोष शर्मा को राजस्थानी लोकगीत गायकी एवं समाज सेवा के क्षेत्र में यह अवार्ड दिया गया। मालूम हो कि संतोष शर्मा सन 2000 से मारवाड़ी युवा मंच की कामाख्या शाखा से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते आ रही है। समारोह में विभिन्न कैटेगरी के लगभग 51 अवॉर्ड दिए गए। सभी अवॉर्ड बॉलीवुड सेलिब्रिटी व मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मुग्धा गोडसे द्वारा दिए गए। इस मौके पर फर्स्ट इंडिया न्यूज के प्रमुख जगदीश चंद्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। वही सम्मानित अतिथि के रूप में हुकम सिंह कुंपावत, पूनम खंगारोत, गौरव गौड़, डिजाइनर हिम्मत सिंह, सुरभि, करण विग, अलका व आशीष गौड़ आदि उपस्थित थे। मंच संचालन अपलव सक्सेना व डॉ. खुशबु शर्मा ने किया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी गायिका संतोष शर्मा को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

## मधुमेह पर लायंस मेट्रो का व्याख्यान शिविर



**गुवाहाटी।** तेजी से बढ़ते मधुमेह रोग के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से लायंस क्लब गुवाहाटी मेट्रो की ओर से मधुमेह की रोकथाम पर एक व्याख्यान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं लायंस मेट्रो की ओर से नवंबर महीने में अब तक 10 मधुमेह जांच शिविर का आयोजन महानगर के विभिन्न इलाकों में किया जा चुका है। फैंसी बाजार के एसआरसीबी रोड स्थित सांगानेरिया धर्मशाला में आयोजित इस व्याख्यान शिविर में डॉक्टरों द्वारा लोगों को मधुमेह के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उससे बचाव के लिए कई तरह की जरूरी सलाह दी गई। शिविर में डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. कमल जैन ने भी अपने विचार लोगों के सामने प्रस्तुत किए। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि सही खान-पान और थोड़े बहुत व्यायाम की मदद से मधुमेह के रोग की रोकथाम की जा सकती है। यह शिविर सांगानेरिया धर्मशाला के ट्रस्टी सुशील सांगानेरिया एवं श्रवण सांगानेरिया के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसके लिए क्लब की ओर से उनका आभार व्यक्त किया है। क्लब की और से महानगर के फैंसी बाजार, रिहाबाड़ी, आठगांव, गोल बिल्डिंग, शराबभट्टी, गौहाटी गौशाला आदि क्षेत्रों में मधुमेह जांच शिविर आयोजित किया गया था, जिसका लाभ बढ़ी संख्या में लोगों ने लिया। यह कार्यक्रम लायंस डिस्ट्रिक्ट 322जी के वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। क्लब की ओर से संजय खाखोलिया ने बताया कि मधुमेह जांच शिविर के संयोजक डॉ. कमल जैन, डॉ. ओपी गुप्ता थे। इस सभी शिविरों को आयोजित करने में लायंस मेट्रो के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**गुवाहाटी ( नसं )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय समिति की सभा पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में गुवाहाटी मे आयोजित की गई। जिसमें सम्मेलन की विभिन्न शाखाओं के राष्ट्रीय समिति के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर समाज सेवा के विषयों पर विचार मंथन किया।कार्यसमिति सभा का उद्घाटन अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन गोयनका, डॉ. श्यामसुंदर हरलालका, भानी राम सूरेका, राष्ट्रीय महामंत्री संजय हरलालका, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सराफ, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री गोपाल अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कैलाश पति तोदी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मधुसूदन सिकरिया, सीताराम अग्रवाल व पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, प्रांतीय महामंत्री अशोक अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यसमिति की महिला सदस्याओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी सदस्यों का स्वागत किया। सभा की शुरुआत प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल के स्वागत भाषण से हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाडोदिया ने अपने संबोधन में सम्मेलन के समाज सेवा के लक्ष्य को सभी के सामने प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय महामंत्री संजय हरलालका ने कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय समिति सभा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सभा में संरक्षण सदस्य द्वारा विशिष्ठ संरक्षण सदस्यों के बीच की राशि का भुगतानकरण पर विशिष्ठ संरक्षण सदस्य के रूप में मान्यता प्रदान करने पर चर्चा की गई। इसके अलावा प्रादेशिक संगठन की सक्रियता मे संगठन विस्तार की सकारात्मक भूमिका सेवा कार्यों के साथ-साथ समाज सुधार की दिशा व दशा के बारे में भी विचार मंथन किया गया। इस चर्चा में प्रतिनिधि सभा की तरफ से दिनेश गुप्ता, सांवरमल अग्रवाल, कृष्ण कुमार जालान, कंचन केजरीवाल, रोशन भारद्वाज, भेरू शर्मा, मानक दम्मानी, अरुण अग्रवाल, अशोक नागौरी, सुरेश बजाज, ललित कोठारी, रतन अग्रवाल, अनिल शर्मा, सविता मूंगड़ा, सीता हरलालका, उर्मिला दिनोदिया ने विभिन्न सुझाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए चर्चा में भाग लिया।सभा में पूर्वोत्तर प्रांत की सिलापथार, डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, लखीमपुर, नगांव, खारुपेटीया, बरपेटा रोड, रंगापारा, बंगाईगांव के अलावा गुवाहाटी शाखा, कामरूप शाखा और गुवाहाटी महिला शाखा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता ने किया। सभा की पूर्व रात्रि में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जम्मू-कश्मीर में हत्या का शिकार हुए डीजीपी (जेल )स्वर्गीय हेमंत कुमार लोहिया के आठगांव स्थित आवास पर जाकर उनके भाई प्रेम कुमार लोहिया से मुलाकात कर हत्या के कारणों की जांच की मांग पर सम्मेलन का पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## पर्वतझोरा गेस्ट हाउस परिसर में वृक्षारोपण



**कोकराझाड़( हि.स. )।** वीर लाचित बरफुकन की 400वीं जयंती के अवसर पर महकमा प्रशासन ने पर्वतझोरा महकमे के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, मैराथन, साइकिल रैली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया है। उल्लेखनीय है कि असम सरकार की पहल पर पूरे राज्य में 18नवंबर से सप्ताहव्यापी लाचित बरफुकन की जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के तहत मनाया जा रहा है। जयंती का 24 नवंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर पर्वतझोरा अनुमंडल के काजीगांव में निर्माणाधीन भवन परिसर में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त प्रियंक प्रतिम डेका, स्कूल उप निरीक्षक मंगलेश्वर चौधरी, खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी एकबार अली, महकमा सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विजय बेजबरुवा सहित पर्यावरण के प्रति जागरूक कुछ अन्य व्यक्ति उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आज सुबह दुलीगांव सामुदायिक भवन से टिपकाई निरीक्षण चौक तक मैराथन रैली कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महकमा अधिकारी अंशुला बसुमतारी और बगरीबाड़ी राजस्व क्षेत्राधिकारी देबज्योति गोगोई सहित विभिन्न लोगों ने भाग लिया।

# सैनिकों के लिए खरीदे जाएंगे बैलिस्टिक शील्ड, हेलमेट और बॉडी कैमरा सिस्टम

**- भारतीय विक्रेताओं के लिए सेना ने जारी किया अनुरोध पत्र (आरएफआई)**
**- ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा के लिए बैलिस्टिक हेलमेट दिए जाने की जरूरत**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना आतंकवाद विरोधी अभियानों में बढ़त हासिल करने के लिए फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से 1,600 बैलिस्टिक शील्ड, 15,000 बैलिस्टिक हेलमेट और 7,000 बॉडी कैमरा सिस्टम खरीदना चाह रही है। सेना ने भारतीय विक्रेताओं के लिए अनुरोध पत्र (आरएफआई) भी जारी कर दिया है। तीनों उपकरणों को इस महीने की शुरूआत में सरकार ने 'आवश्यकता की स्वीकृति' को मंजूरी दी थी। ये उपकरण आतंकवाद विरोधी अभियानों में सैनिकों को निश्चित बढ़त प्रदान करेंगे। सेना के अधिकांश आतंकवाद विरोधी अभियान जम्मू-कश्मीर में होते हैं। भारतीय सेना ने अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने वाले 15,000 बैलिस्टिक हेलमेट खरीदने के लिए एक आरएफआई जारी किया है। सेना के जवान प्रशिक्षण और संचालन के दौरान फिलहाल फाइबर ग्लास के हेलमेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा के लिए बैलिस्टिक हेलमेट दिए जाने की जरूरत है। बैलिस्टिक हेलमेट में प्रशिक्षण और संचालन के दौरान सैनिकों को हाई-



स्पीड राइफल की गोलियों से बचाने की क्षमता होगी। हेलमेट तीन आकारों में आते हैं, जो 5 मीटर या उससे अधिक की दूरी से दागी गई गोलियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। इन बैलिस्टिक हेलमेट का तकनीकी जीवन आठ साल होने की उम्मीद है। इसके अलावा आतंकवाद विरोधी अभियानों में सेना की बढ़त को तेज करने के लिए 1,600 बैलिस्टिक शील्ड की भी खरीद की जानी है। आरएफआई के अनुसार सेना को हार्नेस के साथ बैलिस्टिक शील्ड की जरूरत है, जो ऑपरेशन के दौरान गोला-बारूद के धमाकों से सुरक्षा प्रदान करेगी। मॉड्यूलर बैलिस्टिक शील्ड सैनिकों के चेहरे को सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम होनी चाहिए, जिसका वजन 20 किलो और कहीं भी लाने-ले जाने में सहज होना चाहिए। इसका तकनीकी जीवन कम से कम पांच साल होना चाहिए। रक्षा सामग्री एवं भण्डार अनुसंधान तथा विकास स्थापना (डीएमएसआरडीई) ने बैलिस्टिक शील्ड लड़ाकू प्रभावशीलता के लिए डिजाइन की है और इसमें शरीर की सुरक्षा कवच के रूप में उपयोग करने का प्रावधान है। सेना की जरूरतों के मुताबिक शरीर में पहने जाने वाले 7,000 कैमरे ऑडियो और वीडियो रिकॉर्ड करने में सक्षम होने चाहिए और छाती पर आसानी से पहने जा सकें। यह वास्तविक समय के वीडियो और छवियों को कैप्चर करने में सैनिकों की मदद करेंगे। कैमरे की पिक्चर का रिजॉल्यूशन 1920७1080 पिक्सल का होगा और कम से कम छह साल की शेल्फ लाइफ के साथ 12 घंटे की रिकॉर्डिंग की बैटरी लाइफ के साथ हल्के होंगे। अधिकारियों का कहना है कि सैनिकों को पर्याप्त सुरक्षा देने के अलावा शरीर में पहने जाने वाले कैमरे मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों में सेना को सही निर्णय लेने में भी मदद करेंगे। आतंकवाद विरोधी अभियानों में इस्तेमाल किये जाने वाले कैमरों की रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान के उधमपुर में उत्तरी कमान के मुख्यालय में सेंटर स्थापित किया जाएगा।

# मुस्लिम समाज में होने वाली शादियों में अपराध होने पर पॉक्सो एक्ट लगेगा

**कोच्चि (ईएमएस)।** केरल हाईकोर्ट ने मुस्लिम समाज में होने वाली शादियों और पॉक्सो एक्ट को लेकर बड़ा फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई कर कहा कि यदि दो पार्टीज के बीच शादी होती है, और उसमें एक नाबालिग है, तब अपराध होने के स्थिति में उससे जुड़ा मामला पॉक्सो एक्ट के तहत चलेगा। फिर चाहे वह शादी धार्मिक कानूनी प्रावधानों के तहत मान्य ही क्यों न हो। केरल हाईकोर्ट का यह फैसला पूर्व में देश के कुछ उच्च न्यायालयों की ओर से दिए गए फैसलों से पूरी तरह अलग है। केरल हाई कोर्ट का यह फैसला पूर्व में देश के कई उच्च न्यायालय की ओर से दिए गए फैसले के विपरीत है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, दिल्ली और कर्नाटक हाईकोर्ट भी मसले पर पूर्व में फैसले दे चुकी है। इन उच्च न्यायालयों ने विभिन्न मामलों पर सुनवाई कर कहा था कि यदि मुस्लिम समुदाय में कोई किसी नाबालिग से शादी करता है, तब




उस पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध नहीं माना जा सकता है। केरल हाई कोर्ट का फैसला इसके उलट है। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने कहा, पर्सनल लॉ के तहत हुई मुस्लिम शादियां पॉक्सो एक्ट के दायरे से बाहर नहीं हैं। केरल हाईकोर्ट ने 31 वर्षीय बंगाल निवासी खालिद-उर रहमान की जमानत याचिका पर सुनवाई कर बड़ी व्यवस्था दी है। रहमान पर तिरुवल्ला पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन पर बंगाल से एक नाबालिग बच्ची का अपहरण कर उन्हें यौन प्रताड़ना देने का आरोप है। जिस समय में लड़की को अगवा किया गया, उस वक्त वह 14 वर्ष की थी। इसके बाद में वह गर्भवती हो गई थी। रहमान के खिलाफ 31 अगस्त को केस दर्ज किया गया था। दरअसल, स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने आधार कार्ड के आधार पर पुलिस को अलर्ट करते हुए बताया था कि 15 साल 8 महीने की गर्भवती लड़की इंजेक्शन के लिए पहुंची है. वहीं, लड़की के पति ने दावा किया कि मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार, 14 मार्च 2021 को उनकी शादी हुई थी। वहीं, पुलिस ने कोर्ट को बताया कि लड़की के माता-पिता को शादी की जानकारी नहीं है। साथ ही इस्लामिक कानून के तहत शादी होने के कोई सबूत नहीं हैं। केरल हाई कोर्ट ने 18 नवंबर को रहमान की जमानत याचिका को खारिज कर दी।

# अब सचिवालय में नहीं विधानसभा में होगी मंत्रिमंडल की बैठक, तारीख भी बदली

**कोलकाता,(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की आगामी बैठक अब सचिवालय में नहीं बल्कि विधानसभा परिसर में होगी। बैठक की तारीख भी बदली गई है। राज्य सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि पहले यह निर्णय लिया गया था कि आगामी 28 नवंबर को राज्य सचिवालय नवान्न में मंत्रिमंडल की बैठक होगी। फिलहाल विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है, इसलिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर सचिवालय के बजाय विधानसभा परिसर में ही मंत्रिमंडल की बैठक का निर्णय लिया गया है। इसके लिए तारीख भी बदली गई है। 28 नवंबर की जगह 25 नवंबर को ही बैठक होगी। दर-



असल, 18 नवंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है। सूत्रों ने बताया है कि 25 नवंबर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसमें शामिल होंगी। उसी दिन विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी की मौजूदगी में परिसर में नई संग्रहशाला और डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन भी करेंगी। इसमें नवनियुक्त राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी उपस्थित रह सकते हैं। बुधवार को बोस के राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण के बाद उनका पहला कार्यक्रम होगा। उसके बाद ही मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल की बैठक करेंगी। शुक्रवार को होने वाली इस बैठक की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र 30 दिसंबर तक चलने वाला है।

## मॉरीशस के राष्ट्रपति ने रामलला का दर्शन किया, मंदिर का निर्माण कार्य भी देखा

**अयोध्या, (हि.स.)।** मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह सपरिवार सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के बाद श्रीरामलला की पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि में चल रहे मंदिर निर्माण का कार्य भी देखा। निर्माण कार्य देखकर वह काफी खुश नजर आ रहे थे। पृथ्वीराज सिंह सोमवार सुबह लखनऊ से कार द्वारा सरयू तट पर स्थित सरयू होटल पहुंचे। वह यहां से सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की। हनुमानगढ़ी ने महन्त राजू दास ने उनका स्वागत किया और दर्शन के समय उनके साथ रहे। इसके बाद वह श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे और श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का निर्माण



कार्य भी देखा। निर्माण कार्य देखकर वह काफी खुश नजर आए। इसके बाद उन्होंने कनक भवन में श्री कनक बिहारी सरकार के दर्शन किए। उन्होंने राम की पैड़ी पर सरयू नदी में आचमन किया। इस दौरान जिला प्रशासन के साथ उपस्थित अयोध्या डायरी टूरिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक सावंत ने अयोध्या की पौराणिक मान्यताओं से परिचित कराया और यहां की ऐतिहासिक धरोहरों की विस्तृत जानकारी दी।

# श्रद्धा से पहले डेटिंग एप से चार लड़कियों से अफेयर कर चुका था आफताब

**मुंबई (ईएमएस)।** श्रद्धा हत्याकांड में जांच प्रक्रिया तेज होने के साथ ही नए तथ्य भी सामने आने लगे है। अभी तक की जांच में पता चला है कि हत्यारोपी आफताब पूनावाला डेटिंग एप के द्वारा श्रद्धा से पहले 4 और लड़कियों के साथ इश्क फरमा चुका था। आफताब 4 लड़कियों को डेट कर चुका था। पुलिस का दावा है कि इनमें से 2 लड़कियों का पता लगाया जा चुका है। श्रद्धा हत्याकांड मामले में जल्द ही इन दोनों के बयान दर्ज करने की तैयारी है। बताया जा रहा 2 अन्य लड़कियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। पुलिस को उम्मीद है कि वीभत्स हत्याकांड में कोई महत्त्वपूर्ण सुराग हाथ लगेगा। जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पता चला है कि श्रद्धा से पहले आफताब एप के द्वारा 4 और लड़कियों को डेट कर चुका था। इन 4 लड़कियों में से 2 वसई की रहने वाली हैं। इन्हें पुलिस ने ट्रेस भी कर लिया है और जल्द ही इनका बयान दर्ज होगा। बताया जाता है कि 2 अन्य लड़कियां मुंबई के बांद्रा और बोरीवली की रहने वाली हैं, जिन्हें अब तक पुलिस ट्रेस नहीं कर सकी है। वसई पुलिस बाकी की 2 लड़कियों को ट्रेस करने के लिए दिल्ली पुलिस के साथ जुटी हुई है। वसई पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आफताब साल 2013 से ही डेटिंग एप का इस्तेमाल कर रहा था। वर्ष 2018 में वह इसी डेटिंग एप के जरिए श्रद्धा के साथ रिलेशनशिप में आया था। श्रद्धा के एक दोस्त ने दिल्ली पुलिस को बयान में बताया कि श्रद्धा के साथ रिलेशनशिप में रहने के बावजूद आफताब के कई और लड़कियों से अफेयर थे। वह उनके साथ घूमता भी था, लेकिन श्रद्धा किसी से बात भी कर लेती थी, तब वह उसके साथ मारपीट पर उतारू हो जाता था।

# दिल्ली- एनसीआर में बड़ी तेजी से गिरेगा तापमान, चार राज्यों में शीत लहर की चेतावनी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बढ़ती ठंड से राजधानी को दिन के समय थोड़ी राहत मिली है। वहीं, दो दिन बाद फिर से ठंड बढ़ने के आसार हैं। तापमान में इस हफ्ते बड़ी गिरावट की संभावना व्यक्त की गई है। नवंबर के अंत में ठंड का अच्छा खासा असर मिल सकता है। स्काईमेट के अनुसार, नवंबर में न्यूनतम तापमान 6 से 7 डिग्री के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले तीन दिनों से तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। सोमवार को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान बढ़कर 27 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं न्यूनतम तामपान 9 डिग्री तक रह सकता है। धूप की वजह से दिन के समय अगले छह से सात दिन कुछ राहत रह सकती है। अधिकतम तापमान 26 से 27 डिग्री के आसपास रहेगा। वहीं न्यूनतम तामपान 8 से 9 डिग्री पर बने रहेगा। स्काईमेट के अनुसार पश्चिमी हिमालय में सक्रिय हुआ वेस्टर्न डिस्टरबेंस अब पूर्व की तरफ बढ़ चुका है। पश्चिमी हिमालय से शुष्क और बफीर्ली ठंडी हवाएं एक बार फिर



उत्तर पश्चिमी भारत में शुरू हो रही हैं। ये ठंडी हवाएं पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के न्यूनतम तापमान को गिरा सकती हैं। आने वाले दिनों में राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री पर सिमट सकता है। वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत लहर जैसे हालात हो सकते हैं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ। मदन खीचड़ ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर बन रहा है। वहीं इस समय हवा की दिशा भी उत्तर-पश्चिम बनी हुई है। ऐसे में इस दिशा में पहाड़ों से आने वाली सर्द हवाएं राज्य में रात के पारे को गिराने में मदद कर रही हैं। इसके चलते आगामी सप्ताह से सर्दी और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगर बूंदाबांदी होती है तो कड़ाके की ठंड भी पड़ सकती है। मौसम विभाग के निदेशक मनमोहन सिंह ने बताया कि अगले 24 घंटे में गुड़गांव और आसपास के क्षेत्र में सुबह के समय धुंध छाई रहेगी। दिन में धूप निकलने के साथ अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से कम रहने की संभावना है। फिलहाल सतही हवा की रफ्तार मध्यम रहेगी व नमी का स्तर सामान्य रहेगा।

## भाजपा के पास 15 साल का हिसाब नहीं : मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव के दौरान सोमवार को उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एमसीडी में दिल्ली के बेटे और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गूंज है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने 15 साल में एमसीडी में क्या किया है। इस बारे में उनके पास कोई जवाब नहीं है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के दिग्गज से दिग्गज नेता की हिम्मत नहीं हो रही है कि वह जनता के बीच जाकर एमसीडी के 15 साल के कार्यकाल में किए हुए कामों को गिनाए। अब गिनाए भी कैसे कोई काम ही नहीं किया। यह जनता को भी मालूम है। इसलिए दिल्ली की जनता कह रही है कि उन्होंने दिल्ली के बेटे केजरीवाल को दिल्ली में मौका दिया तो उन्होंने उम्मीद से ज्यादा काम करके दिया। स्कूल, अस्पताल, बिजली और पानी सहित अन्य आम आदमी से जुड़े काम किए। अब दिल्ली की जनता एमसीडी में भी केजरीवाल को चुनने जा रही है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के बड़े बड़े नेता मंत्री और सांसद एमसीडी चुनाव प्रचार में आ रहे हैं। भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। लेकिन भाजपा के किसी भी नेता के पास एमसीडी के 15 साल का हिसाब नहीं है। सिसोदिया ने भाजपा पर तंज कसा कहा कि भाजपा के नेता के पास केजरीवाल को गाली देने के अलावा दूसरा कोई काम नहीं है। जनता जब पूछती है कि वोट क्यों दे तुम्हे, तो फिर भाजपा वाले



केजरीवाल को गाली देते हैं। भाजपा के नेता सुबह उठकर पानी पीकर केजरीवाल को गाली देने का काम शुरू कर देते हैं और रात को सोने से पहले फिर केजरीवाल को गाली देते हैं फिर सोते हैं। सिसोदिया ने कहा कि हमारे पास जनता को बताने के लिए ढेरों काम हैं, लेकिन भाजपा के पास सिर्फ गालियां हैं। हमने प्यार जीता है और उनके पास सिर्फ नफरत है।

# एमसीडी चुनाव में हार के डर से 'आप' को बदनाम करने के लिए भाजपा रोज निकाल रही फर्जी स्टिंग

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं तिमारपुर से विधायक दिलीप पांडेय ने दिल्ली भाजपा द्वारा आप के खिलाफ जारी किए गए स्टिंग पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दिलीप पांडेय ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा रोज-रोज जो स्टिंग जारी कर रही है वह बिल्कुल फर्जी हैं। इससे एक चीज तय हो चुकी है कि भाजपा एमसीडी का चुनाव बुरी तरह हार रही है। चुनाव हारने की बौखलाहट में वह दिनभर फर्जी स्टिंग निकालते रहते हैं। कहीं भी बैठकर वीडियो बना लेते हैं। जनता भाजपा से पूछ रही है कि 15 सालों में आपने किया क्या है। हकीकत तो यह है कि यदि भाजपा ने 15 सालों में वाकई कुछ किया होता तो यह फर्जी स्टिंग निकालने की नौबत नहीं आती। लेकिन इससे भी भाजपा को कुछ हासिल




होने वाला नहीं है। भाजपा जो नाम ले रही है, उसके पीछे की वजह को समझिए। आज के समय में सबसे ज्यादा मांग आम आदमी पार्टी की है। नतीजा क्या हुआ? चूंकि मांग बहुत ज्यादा है इसलिए हर जगह दलालों की नियुक्ति हो गई। उन्होंने कहा कि वीडियो में एक चीज साफ हो रही है कि पैसे से टिकट नहीं मिला। आम आदमी पार्टी ने किसी को भी पैसे लेकर टिकट नहीं दिया है। यहां पर पैसों से टिकट नहीं मिलती है। टिकट सिर्फ उन्हीं को मिलता है जो जमीनी स्तर पर लोगों के बीच रहकर काम करते हैं। सौ बातों की एक बात यह है कि भाजपा ने 15 सालों में कोई काम नहीं किया है इसलिए लोग बिठाकर वीडियो बनाने पड़ते हैं।

# महंगा हुआ मदर डेयरी का दूध दिल्ली-एनसीआर के नए रेट

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आम लोगों पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी है। मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध और टोकन वाला दूध आज से दिल्ली-एनसीआर में 1 रुपये प्रति लीटर और 2 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया। सोमवार (21 नवंबर) से फुल क्रीम दूध की कीमत 63 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 64 रुपये प्रति लीटर हो गई। हालांकि, कंपनी ने 500 मिलिलीटर के पैक में बिकने वाले फुल क्रीम दूध की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। टोकन मिल्क (बल्क वेंडेड मिल्क) 50 रुपये प्रति लीटर बेचा जाएगा। मदर डेयरी ने रविवार (20 नवंबर) को जानकारी दी कि सोमवार से दिल्ली-एनसीआर में फुल क्रीम दूध की कीमतों में 1 रुपये प्रति लीटर और टोकन दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। मदर डेयरी ने इस साल दूध की कीमतों




में चौथी बार बढ़ोतरी की है। मदर डेयरी के एक प्रवक्ता ने कहा कि डेयरी किसानों से कच्चे दूध की खरीद लागत में बढ़ोतरी के कारण यह फैसला लिया गया है। इस साल, पूरे डेयरी उद्योग में दूध की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर देखा जा रहा है। फीड और चारे की बढ़ती लागत, अनियमित मानसून आदि के कारण कच्चे दूध की उपलब्धता प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे दूध की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। इससे पहले अक्टूबर में मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कुछ अन्य बाजारों में फुल-क्रीम दूध और गाय के दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। मार्च और अगस्त में भी सभी वेरिएंट के लिए दरों में 2 रुपये लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। अक्टूबर में अमूल ने भी गुजरात को छोड़कर सभी राज्यों में फुल क्रीम दूध और भैंस के दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। बढ़ोतरी के साथ फुल क्रीम दूध 63 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# एमसीडी चुनाव में केजरीवाल को भारी न पड़ जाए मुसलमानों की नाराजगी!

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राजधानी में दिल्ली नगर निगम चुनाव (एमसीडी) की गहमागहमी बढ़ गई है। तीनों निगमों को एक करने के बाद यह पहला चुनाव है। दिल्ली की राजनीति में असर रखने वाली तीनों प्रमुख पार्टियां- भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मतदाताओं को लुभाने के लिए हर तरह के प्रयास कर रही हैं। अलबत्ता इस चुनाव में राजधानी दिल्ली के मुस्लिम मतदाताओं के मिजाज को लेकर असमंज की स्थिति बनी हुई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इधर दिल्ली के मुसलमानों में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के खिलाफ कुछ नाराजगी दिख रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जरिए लिए गए कुछ फैसलों की वजह से मुसलमान वोटर उनके प्रति नाराज दिखाई पड़ रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा ने पहली बार 250 वार्डों में से 4 वार्ड पर पसमांदा मुसलमानों को मैदान में उतारा है जिसमें तीन महिलाएं हैं। इसे भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पसमांदा मुसलमानों को सशक्त बनाने के आह्वान के हिस्से के तौर देखा जा रहा है। जहां तक कांग्रेस की बात है तो उसका पूरा जोर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों पर है और यहीं पर जीत के लिए संभावनाएं तलाश की जा रही हैं। एमसीडी चुनाव में हजरत निजामुद्दीन स्थित मरकज पर कोरोनाकाल के दौरान ताला जड़ने और मौलाना साद पर एफआईआर दर्ज होने का मामला गरमाया हुआ है। दिल्ली के मुसलमान इसके लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल को जिम्मेदार मान रहे हैं। उनके विरोधियों के जरिए कोरोनाकाल की वीडियो क्लिपिंग सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही है जिसमें मुख्यमंत्री मरकज का नाम लेकर कोरोना फैलाने का आरोप मढ़ रहे थे। आम मुसलमानों का मानना है कि केजरीवाल ने जानबूझकर मरकज को कोरोना वायरस की फैक्टरी साबित करने की कोशिश की थी जबकि सच्चाई इससे विपरीत थी। इसके अलावा उत्तर पूर्वी दिल्ली में होने वाले सांप्रदायिक दंगों में केजरीवाल की चुप्पी भी मुसलमानों के बीच नाराजगी की बड़ी वजह है। जहांगीरपुरी के संप्रदायिक दंगे से आम आदमी पार्टी की दूरी भी सवालों के घेरे में है। इन सबके बीच गुजरात चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने करेंसी पर भगवान गणेश और लक्ष्मी का चित्र छापे जाने की मांग कर पार्टी की छवि नरम हिंदुत्व वाली बना दी है। पिछले विधानसभा चुनाव में मुसलमानों ने आम आदमी पार्टी को एकतरफा वोट देकर उसकी सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी लेकिन इस बार के चुनाव में परिस्थितियां अलग हैं। मुसलमनानों की नाराजगी उनके मुफ्त बिजली-पानी के मुद्दे पर भारी पड़ रही है। मुसलमान निगम चुनाव में केजरीवाल को सबक सिखाना चाहते हैं।

# बाबा रामदेव करेंगे एबीवीपी के 68वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन

## – दिसम्बर में मिशन साहसी अभियान शुरू करेगी एबीवीपी

**लखनऊ, (हि.स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार राजस्थान के जयपुर शहर में होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 25 नवंबर से 27 नवंबर तक होगा। अधिवेशन का उद्घाटन योगगुरू बाबा रामदेव करेंगे। तीन दिवसीय अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक व सामाजिक विषयों पर प्रस्ताव भी लाए जाएंगे। सेवा कार्यों के लिए इस वर्ष के यशवंतराव पुरस्कार के लिए नंद कुमार पालवे को चयनित किया गया। यह जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की प्रान्तीय अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह ने सोमवार को नवीन मार्केट स्थित परिषद के कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में दी। प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह ने बताया कि 11 नवंबर से 13 नवंबर रायबरेली के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय प्रांत अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमें 13 प्रशासनिक 25 संगठनात्मक जिले से 754 छात्र-छात्राओं शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस अधिवेशन में वर्ष भर की गतिविधियों की प्रदर्शनी बनाई गई जिसको अमर शहीद




शैलेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर रखा गया। प्रान्तीय अधिवेशन में शैक्षिक समस्याओं को लेकर चिंतन का प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें उत्तर प्रदेश का शैक्षिक परिदृश्य, उत्तर प्रदेश का वर्तमान परिदृश्य, उद्यमिता तीनों प्रस्ताव छात्रों के सुझाव के साथ पारित किए गए।

**दिसम्बर में शुरू होगा मिशन साहसी अभियान** – प्रांत मंत्री आकाश पटेल रुद्र ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद छह दिसंबर को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाएंगे। इसके अलावा 15 से 30 दिसंबर को विद्यार्थी परिषद मिशन साहसी अभियान के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण करवाएंगे। सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से ठंड में जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए जाएंगे। साथ विभिन्न चौराहों पर नेकी की दीवार बनाएंगे, जिससे जरूरतमंदों को गर्म कपड़े मिल सके, 12 जनवरी से 23 जनवरी तक युवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राएं सहभाग करेंगे, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से गणतंत्र दिवस मनाया जायेंगे। प्रांत छात्रा संयोजक तूलिका श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए हर वर्ष मिशन साहसी अभियान आयोजित करती आ रही है। बीते दो वर्षों से कोविड के चलते मिशन साहसी के कार्यक्रम नहीं हो सके। इस बार 15 दिसंबर से 30 दिसंबर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपना यह अभियान सभी विद्यालयों में चलाने वाला है जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जाएंगे। प्रेस वार्ता में मीडिया सह संयोजक शिवम सिंह सम्राट उपस्थित रहे।

# भाजपा के बढ़ते जनाधार से डर गया सैफई परिवार: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रगतिशील समाजवादी पार्टी अध्यक्ष शिवपाल यादव के एक साथ आने पर टिप्पणी की है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि अखिलेश यादव अथवा कोई अन्य अपने पिता और चाचा एवं बड़ों का चरण स्पर्श कर सम्मान दे तो यह सही है,परंतु यह केवल चुनाव के लिए नहीं करना चाहिए,बल्कि जीवन पर्यन्त होना चाहिए। केशव प्रसाद ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि सपाई और सैफई परिवार भाजपा के बढ़ते जनाधार से डर गये हैं। भाजपा सरकारों में सच्चा राम राज है जहां सबका साथ सबका



विकास की अवधारणा मूर्त रूप ले रही है। जन-जन का विश्वास भाजपा को हासिल है, इसलिए मैनपुरी के उपचुनाव में भाजपा की विजय होगी। सपा और केशव प्रसाद मौर्य के बीच ट्विटर वार चलता ही रहता है। सपा और केशव प्रसाद मौर्य एक दूसरे पर सोशल मीडिया के माध्यम से टिप्पणी करते ही रहते हैं। वहीं गुजरात चुनाव पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी होने के बाद भी गुजरात में कांग्रेस पार्टी अंतिम सांस ले रही है। वहीं फोकट पार्टी (आप) का कहीं अता-पता नहीं है।

# योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने के लिए बजट बढ़ाया जाए : नरेन्द्र कश्यप

## -सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विधानसभा कार्यालय कक्ष में विभागीय बैठक की। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए योजनाओं के लिए आवंटित बजट बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही हैं। ज्यादा लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में नयी योजनाओं को संचालित करने के लिए एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी नयी



योजनाओं के प्रस्ताव उपलब्ध करायेगी। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने योजना के तहत सी.सी.सी एवं ओ-लेवल का प्रशिक्षण ले रहे तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों से फीडबैक लिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र युवाओं को मिले, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना, कुष्ठावस्था पेंशन योजना, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान निर्माण व संचालन योजना, शल्य चिकित्सा अनुदान योजना तथा निशुल्क मोटराइज्ड ट्राइ साइकिल योजना में आवंटित बजट तथा पात्र लाभार्थियों की जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं में अधिक बजट का प्राविधान करके दिव्यांगजनों को योजानाओं का लाभ दिये जाने के निर्देश दिये। डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिये। उन्होंने विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के प्रवेश एवं पंजीकरण बढ़ाने पर जोर दिया।

# बेबी रानी मौर्य ने दो सौ निराश्रित बच्चों को वितरित किया लैपटॉप

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने सोमवार को जिला पंचायतीराज मुख्यालय में आयोजित लैपटॉप वितरण कार्यक्रम के दौरान 200 निराश्रित बच्चों को लैपटॉप वितरित किया। पंचायतीराज मुख्यालय में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा कोविड-19 के दौरान अपने माता/पिता/अभिभावकों को खोने वाले कक्षा 09 या उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महिला कल्याण मंत्री ने कहा कि गरीब तथा अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के प्रति सरकार अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे बच्चों की शिक्षा, भरण-पोषण, चिकित्सा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 200 बच्चों को लैपटॉप दिया जा रहा है। इस अवसर पर बेबी रानी मौर्य ने कहा कि बच्चों का भविष्य बहुत उज्वल है। लैपटॉप के माध्यम से वह दुनिया को और जानेंगे तथा




अपनी रूचि वाले विषय की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बच्चों को मेहनत करने एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी तथा कहा कि बच्चे अपनी कार्यक्षमता को निरंतर बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग निराश्रित महिलाओं एवं बच्चों के पुनर्वास एवं संरक्षण हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 में अनाथ हुए बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा, पुनर्वास आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारंभ 22 जुलाई 2021 को किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जनपद लखनऊ में कुल 793 बच्चों को रुपए 4000 प्रति माह की दर से अर्धवार्षिक किस्त खाते में अंतरित की जा रही है तथा कक्षा 09 या उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को लैपटॉप वितरण किए जाने का प्रावधान है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की सदस्य शुचिता चतुर्वेदी ने कहा कि कोविड काल, संघर्ष काल रहा है। कोविड-19 में लोगों ने अपनों को गंवाया है, बच्चे भी इससे अछूते नहीं रहे। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब मेहनत से पढ़ाई करें तथा अपने लक्ष्यों की पूर्ति करें। हमें जो अवसर मिला है उसका सदुपयोग करें। उप निदेशक महिला कल्याण प्रवीण त्रिपाठी, मुख्य परवीक्षा अधिकारी आकांक्षा अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पंख कार्यक्रम बच्चों के लिए आशा की किरण: राखी त्यागी

**मेरठ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य राखी त्यागी ने कहा कि पंख कार्यक्रम सभी बच्चों के कैरियर के लिए आशा की किरण है। इस पोर्टल से दूरदराज के ग्रामीण छात्र-छात्राओं को विशेष लाभ होगा। सलावा इंटर कॉलेज सलावा में सोमवार को कक्षा 9 से 12 के बालक ओर बालिकाओं के लिए पंख करियर गाइडेंस पोर्टल कार्यक्रम का राज्य महिला आयोग की सदस्य राखी त्यागी ने किया। उन्होंने कहा कि पंख पोर्टल से दूरदराज के ग्रामीण बालक-बालिकाओं के लिए अहम है, जो सही मार्गदर्शन के अभाव में कैरियर नहीं बना पाते। कॉलेज की पंख कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. गरिमा देवी ने सभी बच्चों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पोर्टल की जानकारी दी। केनरा बैंक के फाइनेंशियल लिट्रेसी काउंसलर संजीव मलिक ने बच्चों को शिक्षा ऋण, मुद्रा योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के विषय मे विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। विद्यालय के अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा। गौरतलब है कि पंख करियर कार्यक्रम सभी ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को करियर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार इस कार्यक्रम पर बहुत जोर दे रही है।

# भाजपा का विरोध प्रदर्शन नौटंकी : कांग्रेस



**रांची, (हि.स.)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा के विरोध प्रदर्शन को नौटंकी करार दिया है। सिन्हा ने सोमवार को कहा कि राज्य में मुद्दाविहीन भाजपा अब अपने अस्तित्व बचाने के लिए सड़कों पर नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 101 पायदान पर आ गया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सीएमआई के अनुसार आज देश में 48 करोड़ लोग बेरोजगार हैं, महिलाओं का रोजगार 10 फीसदी कम हुआ है। इस पर चर्चा करने के बजाय भाजपा सड़कों पर उतरकर अपनी नाकामियां छिपाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सिन्हा ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में जीडीपी बेहाल है, रुपये में गिरावट आ रही है। बैंक घोटाले हो रहे हैं, सभी सरकारी संस्थाओं को बेचा जा रहा है, किसानों का दर्द 100 गुना बढ़ गया है। आजादी के 75वें साल में केवल झूठ, नफरत, अहंकार और पूंजीपतियों का अमृतकाल चल रहा है। युवाओं, किसानों, महिलाओं, गरीबों, छोटे दुकानदारों और व्यवसायियों का राहू काल चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा जनतंत्र का सम्मान वाकई करती है तो पहले उपरोक्त मुद्दे पर चर्चा करे फिर सड़कों पर उतरे, उनकी असलियत पता चल जाएगी। जनता को गुमराह करना बंद करें।

# विहिप का सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव 27 को

**रांची, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रांची महानगर सेवा विभाग बजरंग दल के सहयोग से सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन 27 नवंबर को करेगा। यह कार्यक्रम कांके के सुकुरहुटू स्थित गौशाला प्रांगण में होगा। इस दौरान 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। विहिप के प्रांत सेवा प्रमुख अशोक अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि कार्यक्रम में गौ सेवा, छऊ नृत्य, वात्सल्य उत्सवः लगभग 200 दिव्यांग एवं विशेष प्रतिभा के धनी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम,




वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों का सम्मान, किन्नर समुदाय के सदस्यों को आदर सम्मान, दिव्यांग जनों को व्हील चेयर, एल्बो छड़ी, वैशाखी वाकर आदि का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर झारखंड सेवा विभाग और बजरंग दल की ओर से सभी के पूर्ण सहयोग से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और दिव्यांग जनों के लिए सामाजिक कार्य करने जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद की अध्यक्ष कैलाश केसरी, उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत सहित अन्य कार्यकर्ता दिन रात जुटे हुए हैं।

# डेनमार्क से आए विशेषज्ञों ने सांसद संजय सेठ से की मुलाकात

**रांची, (हि.स.)।** डेनमार्क से आए विशेषज्ञों ने सोमवार को सांसद संजय सेठ से मुलाकात की। आरहुस विश्वविद्यालय डेनमार्क से आए तकनीकी मामलों के जानकार और भविष्य की तकनीकी को लेकर उसकी संभावनाओं पर काम करने वाले डॉ. रामजी प्रसाद और इसी विश्वविद्यालय में काम करने वाले डॉ. एंडर्स ने रांची के सांसद संजय सेठ से मुलाकात की। डॉ. रामजी प्रसाद सिक्सजी तकनीकी को वैश्विक पहचान देने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इसके अलावा वायरलेस कम्युनिकेशन के विशेषज्ञ माने जाते हैं। एंडर्स व्यवसाय विकास और तकनीकी के क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल



करने वाले इन दोनों ही विद्वानों को डेनमार्क की सरकार के द्वारा भी कई अवॉर्ड दिए गए हैं। रांची में सांसद से मुलाकात के दौरान इन्होंने तकनीकी और पर्यावरण के बीच कैसे समन्वय बन सके, तकनीकी भी साथ-साथ चले और पर्यावरण भी संरक्षित रहे, राष्ट्र की एक बेहतर इकोसिस्टम विकसित की जा सके, इस पर विस्तृत बातचीत की। डॉ. रामजी प्रसाद का बीआईटी, मेसरा से भी बहुत गहरा संबंध रहा है। उन्होंने यहां लंबे समय तक बतौर शिक्षक कार्य भी किया है। इस मुलाकात के क्रम में उन्होंने सांसद को डेनमार्क आने का आमंत्रण भी दिया, जिसे सांसद ने स्वीकार किया। मुलाकात के संबंध में सांसद ने बताया कि दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। इनसे मुलाकात कर दुनिया को कैसे एक नई दिशा दी जा सके, तकनीकी के क्षेत्र में भारत में भी कैसे बेहतर काम हो सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। डेनमार्क और भारत का संबंध आने वाले दिनों में और बेहतर हो सके। इस दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

## बढ़ते अपराध की घटना को लेकर मोर्चा ने डीएम-एसपी से शहर में सीसीटीवी लगाने की मांग की

**अररिया, (हि.स.)।** सीमांचल युवा जागरण मोर्चा के चार सदस्यीय शिष्टमंडल ने मोर्चा अध्यक्ष गगन कुमार झा, मोर्चा संयोजक शंकर ओझा, उपाध्यक्ष अमित साह एवं विवेक साह के नेतृत्व में सोमवार को डीएम एवं एसपी से जिले में बढ़ रही आपराधिक घटना से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। मोर्चा ने एसपी से मांग की है कि विभिन्न चौक चौराहों एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में स्थाई तौर पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने साथ ही अपराधियों की धरपकड़ तेज की जाय।मोर्चा ने डीएम को दिए आवेदन में जिला मुख्यालय में आए दिन मोटरसाइकिल की चोरी व दिन दहाड़े चौक चौराहों पर महिलाओं के गले से चेन छीनने की घटना का जिक्र करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की। मोर्चा ने आवेदन में लिखा है कि सीसीटीवी कैमरा जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग बस स्टैंड, एडबी चौक, चांदनी चौक, काली मंदिर, सब्जी मार्केट, महादेव चौक, गोड़ी चौक, नवरत्न चौक, आश्रम चौक, चित्रगुप्त नगर, हॉस्पिटल चौक, कोर्ट कैंपस, कचहरी कैंपस, सभी सरकारी कार्यालय प्रांगण, समाहरणालय परिसर एवं शिक्षण संस्थान स्कूल और कॉलेज के साथ-साथ मुख्यालय के दोनों रेलवे स्टेशन अररिया कोर्ट एवं अररिया आर एस इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर पूरे नगर की निगरानी की जा सकती है।

# मैथिली-मिथिला की सेवा करने वाले 10 लोगों को मिथिला विभूति रत्न पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**सहरसा, (हि.स.)।** जिले में सत्तर कटैया प्रखंड के लक्ष्मीनिया गांव में स्थापित विद्यापति सांस्कृतिक परिसर में तीन दिवसीय मैथिली महोत्सव का आयोजन किया गया। धाम के संस्थापक भोगेंद्र शर्मा ने बताया कि विगत 9 वर्षों से इस धाम पर मैथिली महोत्सव सह विद्यापति पर्व समारोह का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भाषा एवं संस्कृति संरक्षण के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 3 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में पधारे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अजीत ओबरॉय ड्रांस ग्रुप के कुमारी मीनाक्षी द्वारा गाये गए मैथिली गीत पर श्रोता देर देर रात तक झूमते रहे। पूर्व मुखिया अरविंद कुमार यादव की अध्यक्षता एवं मंच संचालन किसलय कृष्ण व सोनू द्वारा इस कार्यक्रम में पहले दिन मैथिली सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। गायन में प्रिया झा,प्रियंका गुप्ता,रानी झा ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।दूसरे दिन मां शारदे म्यूजिकल ग्रुप मिठाई मधेपुरा के कलाकारों द्वारा ध्रुव वंश नाच का



आयोजन किया गया। जिसे श्रोताओं ने काफी पसंद किया। जमीन दाता देवनाथ यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा मैथिली एवं मिथिला की सेवा करने वाले 10 लोगों को मिथिला विभूति रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पवन नारायण, रजनीश रंजन, विभूति भूषण झा, करुणा झा, महेंद्र राम, नरेश मंडल,अशर्फी यादव, दीपका झा,अकाली देवी एवं मैथिली अभियानी रामेश्वर ठाकुर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सांस्कृतिक परिसर में विधायक निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। लेकिन इस धाम के उत्तरोत्तर विकास के लिए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों से ध्यान देने की अपील की गई।

# सड़क छाप गुंडा है संजय जयसवाल : मुकेश सहनी

**पटना, (हि.स.)।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) सुप्रीमो मुकेश सहनी ने मुजफ्फरपुर में सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर प्रहार करते हुए उन्हें सड़क छाप गुंडा कह दिया। कुढ़नी उपचुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही हैं, वैसे वैसे नेताओं का बयानबाजी तेज होती जा रहा हैं। पटना में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को पागल कहने के बाद अब मुकेश सहनी ने मुजफ्फरपुर में भी उनपर हमला बोला हैं। मुकेश सहनी ने इस बार संजय जायसवाल को रोड छाप गुंडा तक कह दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बात करते हैं वह सड़क छाप गुंडे की भाषा हो सकती है न कि देस की सबसे बड़ी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की। सरकारी आवास को लेकर शुरू हुए विवाद में अब भाजपा और मुकेश सहनी आमने सामने आ गए हैं। मुकेश सहनी ने मुजफ्फरपुर में आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सड़क छाप गुंडे की तरह बात करते हैं। वह भी अति पिछड़ा पार्टी के के नेता के साथ जो सर उठाकर जीना चाहता है। निषाद समाज के लिए जो आपने वादा किया था वह पूरा कर दीजिए हम आपके साथ है। मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा एक अति पिछड़ा के बेटे को प्रताड़ित कर रही है। सहनी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने चिराग के साथ भी धोखा किया और उन्हें घर से बाहर करवा दिया। वहीं आवास को लेकर उन्होंने कहा कि वो 30 गुना ज्यादा किराया देकर उस घर में रह रहें हैं, अब इसको लेकर उन्हें सरकार से बात करनी चाहिए, मुझ पर आरोप नहीं लगाना चाहिए।

## सम्पादकीय

# जज चुनने का तरीका

**सुप्रीम** कोर्ट और हाईकोर्टों के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया का सवाल एक बार फिर बहस में आ गया है। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को मौजूदा कलीजियम सिस्टम को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया। जजों द्वारा जजों की नियुक्ति के इस सिस्टम पर बहस लंबे समय से चल रही है। आलोचक इसे इस आधार पर अनुपयुक्त करार देते हैं कि जज खुद ही जजों को चुनेंगे तो भाई-भतीजावाद को बढ़ावा मिलने का संदेह बना रहेगा, जिससे न्यायपालिका की असंदिग्ध विश्वसनीयता सुनिश्चित करने का उद्देश्य बाधित होगा।

इस सिस्टम के पक्ष में यह कहा जाता है कि भारत में व्यवहार में यह व्यवस्था सही साबित हुई है और अब तक का अनुभव इसकी पुष्टि करता है। मगर बहस से एक कदम आगे बढ़ते हुए केंद्र सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त करने के उद्देश्य से 2014 में एक बिल लाकर नैशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट कमिशन का गठन भी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में उसे खारिज करते हुए कलीजियम सिस्टम को ही बहाल रखा। उस समय से लेकर अब तक केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के स्टैंड में कोई खास बदलाव नहीं आया है।



केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू हाल में भी कलीजियम सिस्टम की आलोचना कर चुके हैं। दूसरी ओर, याचिका को लिस्ट किए जाने पर हामी भरने से ठीक पहले बेंच की अगुवाई कर रहे सीजेआई जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने एक बार फिर ध्यान दिलाया कि 2015 में ही सुप्रीम कोर्ट कलीजियम सिस्टम को बहाल करने का फैसला कर चुका है। ऐसे में इस बात की संभावना बहुत कम है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका में से कोई इस अहम मसले पर अपना रुख बदलेगा।

वजह यह है कि जहां केंद्र सरकार जजों द्वारा जजों के चुने जाने को कई वजहों से गलत समझती है, वहीं सुप्रीम कोर्ट की मुख्य चिंता यह है कि किसी और व्यवस्था को अपनाने से कहीं जजों की नियुक्ति का अधिकार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कार्यपालिका के हाथों में चला गया तो न्यायपालिका की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। जाहिर है, कोई बीच की राह निकल पाएगी ऐसा कम से कम पहली नजर में नहीं लगता। मगर तत्काल कोई हल न दिख रहे होने के बावजूद इस सवाल पर बहस और विचार-विमर्श जारी रहना चाहिए क्योंकि भविष्य में कोई भी बेहतर व्यवस्था इसी प्रक्रिया से उभरेगी।

इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि जब तक जजों की नियुक्ति की कोई वैकल्पिक और बेहतर व्यवस्था नहीं उभरती, तब तक एक तो नए जजों की नियुक्ति का काम अटकाए न रखा जाए और दूसरा, मौजूदा कलीजियम व्यवस्था को बेहतर बनाने का अजेंडा भी टाला न जाए।

जजों के चयन में पारदर्शिता लाने और नए जज चुने जाने के आधार को ज्यादा तार्किक बनाने जैसे कई पहलू हैं जिन पर काम करके इसमें सुधार किया जा सकता है और इसी व्यवस्था से बेहतर नतीजे हासिल किए जा सकते हैं।

## सुविचार

असफल होना बुरा है, लेकिन
प्रयास ही ना करना महाबुरा है।

**मध्यावधि चुनावों का पिछले 25 वर्षों का इतिहास देखें तो सत्ताधारी पार्टी को प्रतिनिधि सभा की औसतन 20 सीटों, सीनेट की 4-5 सीटों, 3-5 गवर्नरों और विधानसभाओं का नुकसान होता है, परंतु ताजा नतीजों से जो तस्वीर उभरी, वह चौंकाने वाली है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट में हारने के बजाय रिपब्लिकन पार्टी से पेंसिलवेनिया की सीनेट सीट छीनकर अपना बहुमत पक्का कर लिया। अपने राज्यों में गवर्नरों के चुनाव हारने के बजाय रिपब्लिकन पार्टी के दो राज्यों में गवर्नर के चुनाव जीत लिए हैं। तीन राज्यों की विधानसभाओं में रिपब्लिकन पार्टी को हरा कर बहुमत हासिल किया है।**

# अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के नाटकीय नतीजे, डेमोक्रेटिक पार्टी का यह प्रदर्शन किसी चमत्कार से कम नहीं

**अमेरिका** के मध्यावधि चुनाव में भविष्यवाणियों को गलत साबित करते हुए राष्ट्रपति जो बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। अमेरिकी संसद या कांग्रेस का कार्यकाल केवल दो वर्ष का होता है। इसलिए संसद के चुनाव एक बार राष्ट्रपति के चुनाव के साथ होते हैं और एक बार राष्ट्रपति के कार्यकाल के बीच में। इसी कारण उन्हें मध्यावधि चुनाव कहते हैं। संसदीय चुनावों में निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा के सभी सांसदों, प्रवर सदन अर्थात सीनेट के एक तिहाई सीनेटरों, लगभग आधे राज्यों के गवर्नरों और उनकी विधान सभाओं और राज्य अधिकारियों को चुना जाता है।

मध्यावधि चुनावों का पिछले 25 वर्षों का इतिहास देखें तो सत्ताधारी पार्टी को प्रतिनिधि सभा की औसतन 20 सीटों, सीनेट की 4-5 सीटों, 3-5 गवर्नरों और विधानसभाओं का नुकसान होता है, परंतु ताजा नतीजों से जो तस्वीर उभरी, वह चौंकाने वाली है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट में हारने के बजाय रिपब्लिकन पार्टी से पेंसिलवेनिया की सीनेट सीट छीनकर अपना बहुमत पक्का कर लिया। अपने राज्यों में गवर्नरों के चुनाव हारने के बजाय रिपब्लिकन पार्टी के दो राज्यों में गवर्नर के चुनाव जीत लिए हैं। तीन राज्यों की विधानसभाओं में रिपब्लिकन पार्टी को हरा कर बहुमत हासिल किया है। प्रतिनिधि सभा में जहां 20 से ज्यादा सीटें हारने की आशंका थी, वहां डैमोक्रेटिक पार्टी को अधिक से अधिक 6 सीटों का नुकसान होगा और रिपब्लिकन पार्टी 219 सीटें जीत कर मुश्किल से एक सीट का बहुमत हासिल कर पाएगी। सुनने में भले ही यह बहुत नाटकीय न लगता हो, लेकिन अमेरिका के चुनावी इतिहास के परिप्रेक्ष्य में डेमोक्रेटिक पार्टी का यह प्रदर्शन किसी चमत्कार से कम नहीं है।




पिछले 100 वर्षों में केवल एक बार ऐसा हुआ कि राष्ट्रपति की सत्ताधारी पार्टी ने विपक्षी पार्टी को मध्यावधि चुनाव में सीनेट की सीटों, राज्य गवर्नरों के चुनावों और राज्य विधानसभा के चुनावों में हराया हो। इससे पहले ऐसी सफलता 1934 में राष्ट्रपति रूजवेल्ट की डेमोक्रेटिक पार्टी को मिली थी। सवाल उठता है कि यह चमत्कार हुआ कैसे और इसका असर क्या होगा? चुनावी पंडितों का मानना है कि इस चुनाव में युवाओं, महिलाओं और छात्रों की भूमिका अहम रही, जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के गर्भपात अधिकार विरोधी निर्णय, गन नियंत्रण कानून और छात्र कर्ज माफी में डाली जा रही रुकावटों से चिंतित होकर वोट दिया। ट्रंप की चुनाव और लोकतंत्र विरोधी हरकतों को नापसंद करने वाले रिपब्लिकन पार्टी समर्थकों ने भी या तो वोट नहीं डाला या ट्रंप के वफादार उम्मीदवारों के खिलाफ वोट डाला।

अमेरिका के चुनाव भारत की तरह किसी केंद्रीय चुनाव आयोग की देखरेख में नहीं होते। हर राज्य को अपने यहां चुनाव के नियम बनाने और चुनाव कराने का अधिकार है। चुनाव कराने का दायित्व राज्य के प्रधान सचिव का होता है, जो चुना जाता है।

यदि राज्यों में ट्रंप के वफ़ादार गवर्नर और प्रधान सचिव चुन लिए जाते तो अगले संसदीय और राष्ट्रपति चुनावों में पिछले चुनावों जैसी रुकावटें खड़ी कर सकते थे, परंतु डेमोक्रेटिक पार्टी के मजबूत प्रदर्शन ने ट्रंप के राजनीतिक भविष्य को भी धूमिल कर दिया है। रिपब्लिकन पार्टी में उनके ख़िलाफ़ आवाज मुखर हो रही है और अगले राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी के लिए नए नाम मैदान में आ गए हैं। फ़्लोरिडा राज्य में भारी बहुमत से जीत कर आए रान देसांतोस उनमें प्रमुख हैं, जिनकी जम कर प्रशंसा हो रही है।

इसका मतलब यह नहीं है कि बाइडन और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी की चुनौतियां दूर हो गई हैं। सरकार के वार्षिक खर्च का प्रस्ताव प्रतिनिधि सभा पारित करती है और इस सभा में अब विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत होने जा रहा है। रिपब्लिकन सरकार पर ख़र्च में कटौती करने का दबाव डाल सकती है और उसे न मानने पर प्रस्ताव पारित करने से इन्कार कर सकती है, जिससे सरकारी कामकाज ठप हो सकता है। अमेरिका में सरकारें तय सीमा से ज़्यादा कर्ज़ नहीं ले सकतीं और सीमा को बढ़ाने के लिए संसद से कानून पारित कराना पड़ता है। बाइडन सरकार का कर्ज़ सीमा के करीब पहुंच चुका है। रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने पहले से कह रखा है कि वे कर्ज़ की सीमा नहीं बढ़ने देंगे। यदि वे अड़ते हैं तो ब्रिटेन की तरह अमेरिका के लिए भी कर्ज़ लेना महंगा हो सकता है। अमेरिकी बांडों की यील्ड या आय दरों में उछाल आ सकता है जिसके चलते अमेरिकी केंद्रीय बैंक समेत सारी दुनिया के बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं।

जहां तक अमेरिका की विदेश नीति का प्रश्न है तो प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत का उस पर ख़ास असर नहीं पड़ेगा। रूस के साथ हो रहे युद्ध में यूक्रेन की सहायता जारी रहेगी, पर रिपब्लिकन पार्टी उस सहायता का हिसाब ज़रूर मांगेगी। चीन की नाराजगी के बावजूद ताइवान के साथ सहयोग की नीति पर भी डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी में कोई मतभेद नहीं हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति बाइडन भी निश्चिंत होकर अपना ध्यान विदेश नीति पर केंद्रित कर सकते हैं। बाली में हो रहे जी20 देशों के सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई शिखर बैठक इसी का संकेत है। बैठक से पहले बाइडन ने कहा कि वे चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहते हैं टकराव नहीं। बैठक से पहले दोनों नेताओं के बीच पत्रों का आदान-प्रदान हुआ था जिसमें जलवायु परिवर्तन को लेकर सहयोग में पैदा हुई रुकावट को खोलने के बारे में भी चर्चा हुई।

भारत के साथ रिश्तों के मामले में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी में एक राय है। आतंकवाद और पाकिस्तान के मुद्दे पर रिपब्लिकन पार्टी भारत की चिंताओं को ज़्यादा अच्छी तरह समझती रही है। भारतवंशी उम्मीदवारों को ट्रंप विरोधी लहर के कारण इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी से भले ही कोई उल्लेखनीय सफलता न मिली हो पर सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी से पांच भारतवंशी प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए हैं। कैलिफ़ोर्निया से डॉ. अमरीश बेरा और रो खन्ना, वाशिंगटन से प्रमिला जयपाल और इलिनोए से राजा कृष्णमूर्ति तो दोबारा चुनाव जीते हैं जबकि मिशिगन से श्री थानेदार पहली बार चुने गए हैं। इसी तरह अरुणा मिलर मैरीलैंड राज्य की पहली भारतवंशी लेफ़्टिनेंट गवर्नर बनी हैं और दर्जनों भारतवंशी राज्यों की एसेंबलियों, सीनेटों और अदालतों के लिए भी चुने गए हैं।

## मार्ग-दर्शन

# बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय

**एक** दानशील व गरीबों के मददगार व्यापारी को व्यापार में घाटा हुआ। उसका मकान व दुकान बिक गए। मित्रों व परिजनों ने साथ छोड़ दिया। निराश होकर जिस दिन उसने नगर छोड़ने का फैसला किया, उसी रात उसने स्वप्न में एक भिक्षु को देखा, जो कह रहा था, 'मैं तेरा भाग्य हूं। तू नगर छोड़कर मत जा। कल मैं तेरे घर आऊंगा। मुझे देखते ही मेरे सिर पर डंडा मारना, तेरा भाग्य चमक जाएगा।' सुबह जब व्यापारी घर पर ही नाई से बाल बनवाने बैठा था कि द्वार पर दस्तक हुई। व्यापारी ने द्वार खोला तो सामने वही भिक्षु था। व्यापारी ने डंडा उठाकर उसके सिर पर मार दिया। ऐसा करते ही भिक्षु सोने की अशर्फियों के ढेर में बदल गया। नाई यह देख हैरान तो हुआ पर व्यापारी से कुछ पूछ न सका। उसके मन में लोभ जाग्रत हो गया। वह बौद्ध भिक्षुओं के मठ में जाकर भिक्षुओं को भोजन का निमंत्रण दे आया। नाई कई भिक्षुओं को डंडा मारकर अधिकाधिक अशर्फियां पाना चाहता था। उसके जाने के बाद भिक्षुओं के गुरु ने कहा, 'इस नाई ने कभी हमें भिक्षा देना तो दूर, एक लोटा पानी तक नहीं पिलाया। फिर यह हमें भोज क्यों दे रहा है, अवश्य कुछ गड़बड़ है। हम लोग इसके घर नहीं जाएंगे।'

अधिकांश शिष्य मान गए, किंतु तीन भिक्षु अच्छे व्यंजनों के लोभ में नाई के घर पहुंचे। घर में प्रवेश करते ही नाई उनके सिर पर डंडे बरसाने लगा। तीनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिरे, किंतु वे अशर्फियों में न बदले। यह देख नाई ने भिक्षुओं के सिर पर और डंडे मारे। ऐसा करने पर तीनों की मृत्यु हो गई और नाई को राजा ने मृत्युदंड दिया। किसी अद्भुत या असामान्य बात के भेद को पूर्णतया जाने बगैर उस पर काम करना आत्मघातक सिद्ध हो सकता है। इसलिए पहले भली-भांति पड़ताल कर तत्पश्चात उचित निर्णय लेना चाहिए।

## नजरिया

# जाल में फंसाता शॉर्टकट से कमाने का मोह

**कहानी** बेहद क्रूशल हो चुकी थी। एक-दूसरे पर जान छिड़कने वाले दोस्त कट्टर दुश्मन बन गए थे। इमोशन चरम पर, आगे क्या होगा। तभी फोन की घंटी बजी। दूसरी तरफ वाइफ: सुनो, आपने किसी से मुझे 10 हजार रुपये पेटीएम करने को बोला है क्या? 'नहीं तो।' 'तो ये कौन हैं जो मुझे कह रहा है कि आपके पति ने मुझे आपको 10 हजार ट्रांसफर करने को बोला है इसलिए एक पेटीएम पेज भेजा है। उस पर तुरंत क्लिक करो तो पैसा आपके अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा।' 'हैं... बिलकुल मत करना।' 'हां-हां नहीं किया, आप इनसे बात कर लो। मर्ज कर रही हूं कॉल।' और फिर मैं उससे बात करने लगा जो मेरा नाम संदीप बता रहा था। ज्यादा बात किए बगैर मैंने उसे ये कहकर फोन काट दिया कि गलत जगह पैसे ट्रांसफर कर रहे हो। सही नंबर डायल करो। ये रॉन्ग नंबर है। ऐसे ही फोन दो दिन बाद चाचा जी और बड़े भाई के पास आए।

असल में ये रॉन्ग नंबर नहीं थे। फ्रॉड की शातिर कोशिशें थीं। जैसे ही उस पेज पर क्लिक किया जाता, पेटीएम से 10 हजार उसे ट्रांसफर हो जाते। फिर करते रहो जिसे शिकायत करनी है। ऐसे फ्रॉड कॉल्स बहुत आम हो चुके हैं। एक तरीका एक्स्पोज हो जाता है तो ठग नया तरीका खोज लेते हैं। आपको सोचने के लिए 3 मिनट से भी कम देते हैं। जैसे ही झांसे में आते हैं, बड़ी चपत लग चुकी होती है। ऐसे फ्रॉड के लिए एक शब्द है फिशिंग। फिशिंग कहते हैं मछली पकड़ने को। मछली पकड़ने के लिए तार से बंधे कांटे पर आटा या मछली का चारा लगाकर उसे पानी में लटकाया जाता है। चारे के लालच में जैसे ही मछली उसे खाती है, कांटा उसके तालु में फंस जाता है। वह खुद किसी का चारा बन जाती है। ठीक यही करता है दूर बैठा ठग। वह आपको एक लालच देता है। लालच हर जीव की मूल कमजोरी है। जानवर खाने के लालच में फंसते है, आदमी रुपयों के लालच में। जो संयमी होता है, वह समझ जाता है। आगे पांव नहीं बढ़ाता और बच जाता है।

आज फिशिंग इतने तरीके से हो रही है कि गिनना मुश्किल है। कई ऑनलाइन ठगियां आपके बस में नहीं, लेकिन गौर कीजिए, अधिकतर ठगियों के मूल में ठगे जाने वाले का लालच होता है। आपकी लॉटरी निकल गई है, इतने दीजिए, पैसा मिल जाएगा। इस लिंक पर क्लिक कीजिए, इतने पैसे आपके अकाउंट में। बिना कुछ किए इतने रुपये महीना कमाएं, इस लिंक पर जाएं। यानी जितनी तरह के लालच, उतने तरीके से फिशिंग।

फिशिंग से बचने का दमदार तरीका है लालच पर नियंत्रण। वैसे तो लोभ और मोह से बड़े-बड़े नहीं बच पाए, लेकिन कम से कम शॉर्टकट से कमाने का मोह त्यागकर तो अपनी जेब कटवाने से बच ही सकते हैं। फैसला आपका है। तैरना है कि फंसना है।

## प्रसंगतः

# अंतिम दीक्षा

**ए**क बार महर्षि व्यास ने अपने पुत्र शुक को अंतिम दीक्षा के लिए राजा जनक के पास भेजा। शुक आए और राजभवन के द्वार पर निर्विकार भाव से खड़े हो गए। काफी देर बाद एक व्यक्ति ने एक आसन रख दिया। शुक उस पर बैठ गए। दो दिन तक बाहर ही बैठे रहे। किसी ने उनसे यह तक नहीं पूछा कि किससे मिलना है, क्या काम है। पर शुक इत्मीनान से बैठे रहे। तीसरे दिन एक मंत्री आया और उन्हें राजभवन के अंदर ले गया। वहां भी उन्हें कई दिनों तक अकेले रहना पड़ा। वहां उन्हें सभी राजसी सुख-सुविधाएं दी गईं तब भी उनके व्यवहार में कोई अंतर दिखाई नहीं दिया। जैसे पहले थे वैसे अब भी थे। अंत में एक मंत्री उन्हें राजा जनक के पास ले गया। जनक ने उन्हें पानी से लबालब एक कलश देते हुए कहा, 'इसे लेकर राजभवन के सात चक्कर लगाओ। ध्यान रखना कि एक बूंद भी छलकने न पाए।' शुक ने कलश लेकर राजभवन का चक्कर लगाया, फिर जनक के पास जाकर कहा, 'महाराज, आप के आदेशानुसार एक बूंद भी पानी नहीं छलका।' उनके चेहरे पर संतोष का भाव दिखाई दिया। जनक ने कलश लेते हुए कहा, 'बेटा, व्यास मुनि ने जिस दीक्षा के लिए तुम्हें भेजा है, वह पूरा हो गया है। तुम्हें अब और ज्ञान की आवश्यकता नहीं है।' शुक ने कहा, 'पर मैंने तो ऐसा कुछ किया ही नहीं जिससे आपको मेरा आकलन करने का अवसर मिलता।' जनक ने कहा, 'मैं एक सप्ताह से तुम्हारी परीक्षा ही ले रहा था। मैंने देखा कि दुख और सुख दोनों दशा में तुम्हारे अंदर किसी तरह का भाव उत्पन्न नहीं हुआ। तुमने अपने व्यवहार से सिद्ध कर दिया कि मोह-माया, क्रोध, लोभ, अहंकार और सुख-दुख आदि सभी विकारों पर तुमने विजय प्राप्त कर ली है। मन की एकाग्रता ही अंतिम दीक्षा है। मुझे विश्वास है कि तुम भी अपने पिता की तरह समाज की सेवा अच्छी तरह करोगे।'

## जीने की राह

# कुसंग होता है पतन का कारण

**मनुष्य** के पतन के दो कारण होते हैं। पहला यह कि वह स्वयं को ठीक से न समझे और अपना नियंत्रण खो दे, तब वह आचरण से गिरता है। दूसरा कारण है गलत लोगों की संगति। खराब लोग आपके जीवन में आ जाएं और आप उन्हें पहचान न पाएं। जान भी जाएं तो भी उनसे न बचें। ऐसे में पतन हो जाता है, इसलिए कुसंग से बचें और अकेले में अपने मन के कुसंग से भी खुद को बचाएं। जरा सा अकेलापन मिला और मन आपको गलत बातों में खींचेगा। इसलिए संत-फकीरों ने कुसंग की जमकर आलोचना की है। सुंदरदास नाम के संत ने तो कहा है अगर आपको सांप डस ले, बिच्छू काट ले, तो भी खतरा उतना बड़ा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा है - आगि जरो जल बूडि मरौ, गिरि जाइ गिरौ कछु भय मत आनौ। सुंदर और भले सब ही यह दुर्जन-संग भलौ जनि जानौ।। आग में जलना, जल में डूबकर मरना और पहाड़ से गिरकर नुकसान हो जाने में भी कोई बड़ी हानि नहीं है। इनमें भी कोई भलाई ढूंढ़ी जा सकती है। सबसे बड़ी हानि है दुष्टों की संगति में। भरत जैसे संत व्यक्ति की मां कैकयी, जो श्रीराम को बहुत प्रेम करती थीं, अपनी दासी मंथरा के कुसंग में बहक गईं। कुसंग से बचने के लिए सबसे सक्षम, समर्थ और सरल उपाय है गुरु की संगति। गुरु हमारा मार्ग ही बदल देता है। वह उस मार्ग पर चलने की न सिर्फ प्रेरणा देता है, बल्कि उत्साह भी बढ़ाता है। चलना हमें ही होगा। जैसे पक्षी अपने बच्चे को हवा में धक्का देकर उड़ना सिखाता है उसी प्रकार गुरु सिर्फ धक्का देगा। वह कुसंग की पतली गलियों से बचाकर सद्मार्ग के आकाश में भेज देता है।

## राजनीती

# फुटबॉल वर्ल्डकप के मजबूत दावेदार कौन

**फुटबॉल** विश्व कप के 20 नवंबर से कतर में शुरू होने के साथ ही दुनिया फुटबॉल के बुखार में जकड़ने जा रही है। पहली बार किसी अरब देश में हो रहे इस विश्वकप मुकाबले में दुनिया की दिग्गज 32 टीमें खिताब के लिए जूझेंगी। इनमें 2018 की चैंपियन टीम फ्रांस खिताब पर कब्जा बनाए रखने का प्रयास करेगी तो बाकी टीमें उसकी जगह पहुंचने की कोशिश करेंगी। पिछले 92 सालों से आयोजित हो रहे इस विश्व कप के इतिहास में सिर्फ नौ ही टीमें खिताब पर कब्जा जमा सकी हैं। इनमें भी ब्राजील पांच बार, जर्मनी और इटली चार-चार बार खिताब जीतकर सबसे आगे हैं। इसमें मेजबान कतर के अलावा कोई भी ऐसी टीम नहीं है, जो पहली बार विश्व कप में खेल रही हो।

-दुनिया में विश्व कप की जबर्दस्त लोकप्रियता तो है ही, इसमें पैसों की भी भरमार है। हमारे यहां आमतौर पर माना जाता है कि क्रिकेट में धन वर्षा होती है। लेकिन फुटबॉल में मिलने वाली इनामी राशि के सामने क्रिकेट कहीं नहीं ठहरता।

-फुटबॉल विश्व कप में कुल इनामी राशि 35 अरब 76 करोड़ रुपये से ज्यादा है। वहीं टी-20 विश्व कप में कुल इनामी राशि 45.4 करोड़ रुपये थी। इसका मतलब हुआ कि फुटबॉल विश्व कप में विजेता टीम को मिलने वाली रकम टी-20 विश्व कप की कुल इनामी राशि का करीब सात गुना है। कतर में चैंपियन बनने वाली टीम को 344 करोड़ रुपये मिलने हैं।

-यही नहीं फुटबॉल विश्व कप में आखिरी यानी 32वें स्थान पर रहने वाली टीम को भी टी-20 विश्व कप की कुल इनामी राशि का करीब डेढ़ गुना यानी 74 करोड़ रुपये मिलेंगे। टी-20 विश्व कप की चैंपियन टीम इंग्लैंड को महज 13 करोड़ रुपये मिले।

फुटबॉल विश्व कप का जब भी आयोजन होता है तो ब्राजील, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस और अर्जेंटीना को खिताब का प्रमुख दावेदार माना जाता है। यह विश्व कप भी इससे हटकर नहीं है। ब्राजील को खिताब जीतने का दावेदार माने जाने का मुख्य कारण उसकी विश्व में पहली रैंकिंग के अलावा क्वॉलिफायर में शानदार प्रदर्शन करना रहा है। उसने इसमें खेले 17 मैचों में से 14 जीते और तीन ड्रॉ करवाए। इस दौरान उसने 40 गोल दागे और विरोधी टीमें उसके खिलाफपांच ही गोल कर सकीं। जहां तक फ्रांस के खिताब की रक्षा करने की बात है तो यह काम थोड़ा मुश्किल लगता है। यह सही है कि उसके पास एमबापे, करीम बेंजेमा और डेंम्बले ओसमैन के रूप में बेहतरीन फॉरवर्ड हैं। लेकिन मिडफील्ड की जान माने जाने वाले कांटे और पोगबा के चोटिल होने की वजह से बाहर होने के कारण टीम में थोड़ी कमजोरी आई है। कोच डेसचैंप ने इसकी भरपाई का प्रयास जरूर किया है पर देखना होगा कि वह मिडफील्ड में कितने सफल हो पाते हैं।

ब्राजील की जब भी बात होती है तो नेमार का नाम सबसे पहले जेहन में आता है, क्योंकि उन्हें इस टीम की जान माना जाता रहा है। पर इस बार ब्राजील ने उनको केंद्रित करके योजना नहीं बनाई है। असल में पिछले विश्व कपों में उनको केंद्रित करके बनाई योजनाएं टीम को चैंपियन बनाने में असफल रही थीं। बेहतरीन प्लेयर होने के बावजूद नेमार अब तक अपनी टीम को विश्वकप नहीं दिला सके हैं। इस कारण टीम को 2002 में आखिरी बार कप्तान के तौर पर खिताब दिलाने वाले काफू ने कोच रहते ऐसी योजना बनाई है, जिसमें नेमार के ऊपर टीम की निर्भरता कम कर दी गई है। इस बार टीम के हमलों की कमान विनीसियस जूनियर, रिचर्लीसन और राफिन्हा के हाथों में रहेगी।

-नेमार की तरह ही दुनिया के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार होते हैं, अर्जेंटीना के लियोनल मेसी। अर्जेंटीना ने भी इस बार लियोनल मेसी को केंद्र में रखकर रणनीति नहीं बनाई है।

-इस टीम की पिछले कुछ समय की सफलताओं पर नजर दौड़ाएं तो साफ होता है कि इसके पीछे प्रतिभाशाली मिडफील्डरों की तिकड़ी-रोड्रिगो डि पॉल, अलजांद्रो गोमेज और लियेंद्रो- की प्रमुख भूमिका रही है। असल में यह तिकड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से मेसी के लिए पर्याप्त स्पेस बनाकर देती रही है।

-इस टीम की दिक्कत यह है कि मेसी के साथ डि मारिया की टेलीपैथी मानी जाती है। पर वह चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। अगर फिट हुए बिना खेले तो टीम को झटका लग सकता है।

पिछले विश्व कप में सेमीफाइनल तक चुनौती पेश करने वाली इंग्लैंड की टीम का पिछले कुछ दिनों में जिस तरह का प्रदर्शन रहा है, उससे वह खिताब की दावेदारों में शुमार मानी जा रही है। इंग्लैंड टीम की जान उसके मजबूत डिफेंस को माना जा रहा है। हालांकि उसके पास केन हेनरी, साका और स्टर्लिंग के रूप में अच्छे फॉरवर्ड हैं। पर इंग्लैंड की दिक्कत यह है कि उसका क्वॉर्टर फाइनल में फ्रांस या अर्जेंटीना से मुकाबला हो सकता है।



# जिनपिंग ने विश्व नेताओं के साथ संबंध सुधारने का अवसर खोया, बड़ी गलतियां पड़ रहीं भारी

**मेलबर्न।**
इंडोनेशिया के बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने विश्व के कई नेताओं के साथ संबंध सुधारने का अवसर खो दिया और इसके पीछे की वजह उनकी तानाशाही बताई जा रही है। दरअसल, जिनपिंग की योजना थी कि वे जी20 समिट में भी अपनी धौंस जमाएंगे लेकिन उनकी उम्मीद पर उस समय पानी फिर गया जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जमकर खरी-खोटी सुना दी। इसके बाद दूसरी बड़ी चूक ये रही कि वे ब्रिटेन के नए पीएम से भी रिश्ते नहीं सुधार सके जिसका परिणाम यह हुआ कि ब्रिटेन के पीएम ने जिनपिंग के साथ अपनी बैठक टाल दी।

**ट्रूडो और जिनपिंग की बहस** - इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर बैठक के दौरान मिले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच जोरदार बहस हो गई। दरअसल, दोनों वैश्विक नेताओं के बीच 15 नंवबर को मुलाकात हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच हुई वार्ता की डिटेल मीडिया में आने को लेकर जिनपिंग भड़क गए। बाद में एक सत्र के दौरान जस्टिन ट्रूडो से सामना होते ही चीनी राष्ट्रपति ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह इस तरह बात करने का कोई तरीका नहीं होता कि सारी बातों की जानकारी मीडिया को दे दी जाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिनपिंग ने कहा कि दोनों के बीच की बातचीत की डिटेल कनाडाई पीएम के ऑफिस ने मीडिया को सौंप दी। ये ठीक नहीं है। जिनपिंग ने आगे कहा कि जिस तरह से बातचीत हुई ये भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि आप अगर सिंसियर हैं तो आपको सम्मानजनक तरीके से बात करनी चाहिए। इस दौरान जिनपिंग ने कनाडाई पीएम को अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी। वहीं, जिनपिंग की ये बातें सुन रहे जस्टिन ट्रूडो दुभाषिए का ही इंतजार करते रह गए।

**कनाडा के पीएम ने भी जमकर सुना दी** - ट्रूडो ने जिनपिंग के आरोपों पर जमकर सुना दिया। उन्होंने कहा कि कनाडा खुली और स्वतंत्र बातचीत में भरोसा रखता है। कनाडा में हम स्वतंत्र, खुले और निष्पक्ष बातचीत में विश्वास करते हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम आगे भी साथ काम करते रहेंगे लेकिन ऐसे मुद्दे आएंगे जिन पर भविष्य में हम सहमत नहीं होंगे।

**सुनक और जिनपिंग की बैठक रद्द** - ऋषि सुनक और जिनपिंग के बीच होने वाली मीटिंग किसी कारणों से रद्द करनी पड़ी। इसके पीछे की वजह चीन का रूस को समर्थन करना बताया जा रहा है। दोनों देशों के लीडर्स के बीच होने वाली यह मीटिंग पांच साल में इस तरह की पहली मीटिंग होती।

## न्यूज ब्रीफ

### 2030 से पहले चांद पर रहने लगेंगे लोग, वहीं करेंगे काम, नासा के अधिकारी ने जताई उम्मीद



**वाशिंगटन।** नासा के एक अधिकारी ने बताया है कि इस दशक में इंसान लंबे समय तक चांद पर रह सकता है। नासा के ओरियन चंद्र अंतरिक्ष यान कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हॉवर्ड हू ने कहा कि इंसान 2030 से पहले चांद पर एक्टिव हो सकते हैं, जिसमें, उनके रहने के लिए बस्ती होंगी और उनके काम को समर्थन करने के लिए रोवर्स होंगे। उन्होंने कहा कि इस दशक में हम कुछ लंबे कालखंडों के लिए चांद पर रह सकते हैं वहां इंसानों के रहने लायक जगह होगी, उनके पास जमीन पर रोवर्स होंगे। हम चांद की जमीन पर इंसानों को भेजेंगे और वह वहां रहकर वैज्ञानिक काम करेंगे। वैज्ञानिक जल्द ही वहां के वातावरण में ढल जाएंगे। करीब 50 साल बाद नासा ने चंद्रमा पर अपने मिशन को फिर से लॉन्च कर दिया है। बुधवार को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने चांद पर इंसानी मिशन की शुरुआत की। अपने तीसरे प्रयास में नासा ने आर्टेमिस-1 मिशन लॉन्च किया। इससे पहले चंद्रमा पर 50 साल पहले नासा ने अपोलो मिशन भेजा गया था। जानकारी के मुताबिक, 32 मंजिल के बराबर ऊंचाई वाले अंतरिक्ष लांच सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट को फ्लोरिडा के फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। अंतरिक्ष रॉकेट आर्टेमिस-1 और ऑरियन स्पेसक्रॉफ्ट की पहली परीक्षण उड़ान है। 322 फुट (98 मीटर) लंबा यह रॉकेट नासा द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इससे बिना चालक दल वाले ऑरियन स्पेसक्राफ्ट को चांद पर छोड़ा गया। ऑरियन करीब 42 दिनों तक चांद पर परीक्षण करेगा। यह नासा के आर्टेमिस चंद्र कार्यक्रम का पहला मिशन होगा। नासा 2025 में अपने तीसरे मिशन द्वारा अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की योजना पर काम कर रहा है। नासा ने चांद के समीप जाने से पहले उसकी सतह से 60 मील ऊपर ओरियन उपग्रह से परीक्षण की योजना बनाई है।

### इंसान का हाथ मुंह में लेकर घूम रहा था कुत्ता! खोजबीन की तो 53 बोरों में जमीन में दबे मिले कंकाल



**गुआनाजुआतो।** मैक्सिको से हैरान करने वाली खबर आई है। देश में गैंग वॉर व ड्रग माफिया जैसी खबरें आती रहती हैं। अब खबर यह है कि बीते कुछ माहों में करीब 300 लोगों को गैंग वॉर के चलते मौत के घाट उतार दिया। इसका खुलासा भी चौंकाने वाला है। एक कुत्ता इंसान का हाथ मुंह में लेकर घूम रहा था। उसके बाद इलाके में खोजबीन की गई तो 53 बोरे में भरकर जमीन में गाड़े गए कंकाल मिले। मैक्सिको के गुआनाजुआतो के जिस इलाके में पिछले माह इंसानों के ढेरों अवशेष मिले हैं, वह औद्योगिक क्षेत्र है। एक साथ इतने कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। जांच एजेंसियां व फॉरेंसिक विभाग मृतकों की पहचान की कोशिश कर रहे हैं। मैक्सिको में इन दिनों सरवेंटिनो फेस्टिवल चल रहा है। इसी दौरान एक महिला अपने खोए भाई को ढूंढ़ती हुई वहां आई थी। तभी कुछ लोगों ने देखा कि एक कुत्ता इंसान का हाथ मुंह में लेकर घूम रहा था। इसके बाद उस पर नजर रखी गई कि वह कहां से ये अवशेष लेकर आ रहा है। वुमेन्स कलेक्टिव संस्था भी इन अवशेषों की पहचान में जुटी है।

### एक बार फिर से राष्ट्रपति पद पर आसीन होने की ओर टोकायव, प्रारंभिक परिणाम में मिल रही तेजी से बढ़त



**अस्ताना।** सोमवार को सामने आए प्रारंभिक परिणामों के अनुसार, कजद्गख नेता कासिम-जोमार्ट टोकायव देश में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए तैयार हैं। ओपन सोसाइटी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रीजनल स्टडीज का हवाला देते हुए बताया कि 82.45 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने के बाद टोकायव का राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव जीतना तय है। कजाकिस्तान में 20 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव हुए। यह चुनाव मध्य एशियाई देश में राजनीतिक शक्ति के विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया को जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। साथ ही व्यापक पैमाने पर राजनीतिक सुधारों के लिए भी अहम है।

# रूस ने नौ माह में यूक्रेन पर दागीं 4700 से ज्यादा मिसाइलें, सैकड़ों शहर बर्बाद

**कीव।**
**नौ माह से जारी रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, अपने देश की तबाही की दास्तां बयां करते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि नौ माहों में रूस ने 4700 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इन हमलों में सैकड़ों शहर बर्बाद हो गए हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रविवार को जारी वीडियो संबोधन में कहा कि यूक्रेन पर हमले के लिए रूस मिसाइलों का जमकर उपयोग कर रहा है। रूस ने यूक्रेन पर इसी साल 24 फरवरी को हमला बोला था। बीते करीब 270 दिनों में रूस ने यूक्रेन पर 4,700 से ज्यादा प्रक्षेपास्त्र दागकर उसे एक खंडहर देश में तब्दील कर दिया है। जंग में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।**



### हजारों मारे गए, 30 लाख से ज्यादा विस्थापित

रूसी हमलों में यूक्रेन के सैकड़ों शहर बर्बाद हो गए। सैकड़ों लोगों समेत हजारों लोगों की मौत हुई है। यूक्रेन के 30 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित होकर पड़ोसी देशों में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। जहां रूस ने कब्जा कर लिया है, वहां से लोगों को भी जबर्दस्ती रूस भेजा गया। जो इसके लिए तैयार नहीं हुए, उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया।

### कड़ाके की ठंड में बिजली गुल, लाखों लोग प्रभावित

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दुनिया को अपने देश की हालत बताते हुए अपने संदेश में कहा कि रूस के हमलों की वजह से देश के करीब 20 लाख लोग बिना बिजली के जीवन जीने को मजबूर हैं। रूसी हमलों में यूक्रेन की बिजली व संचार आपूर्ति पर भी बुरा असर पड़ा है। बिजली आपूर्ति ठप होने से कड़ाके की ठंड में लोगों को बगैर बिजली रहना पड़ रहा है। रूसी खतरे के कारण यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों के दो रिएक्टर बंद कर दिए गए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमलों से यूक्रेन का आधे से अधिक बिजली क्षेत्र तबाह हो चुका है। तापमान लगातार गिर रहा है और लोगों की मुसीबतें बढ़ रही हैं।

### पश्चिमी देश रूस के सामने सरेंडर करने का दबाव डाल रहे

इससे पहले यूक्रेन ने रविवार को सनसनीखेज आरोप लगाया था कि पश्चिमी देश उस पर रूस के सामने सरेंडर करने का दबाव बना रहे हैं। यूक्रेन ने दावा किया कि वह जंग जीत रहा है, लेकिन रूस शांतिवार्ता की आड़ में फिर ताकत जुटाते हुए यूक्रेन पर हमले करके ज्यादा जमीन हड़प सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले दिनों यूक्रेन को शांति वार्ता के लिए रुख नरम करने की सलाह दी थी।

जेलेंस्की के सलाहकार मायख्येलो पोदोल्याक ने कहा, यूक्रेन जंग के मैदान में रूस को पटखनी देते हुए अपनी खोई हुई जमीन वापस हासिल कर रहा है। युद्ध के इस पड़ाव पर पश्चिमी की तरफ से रूस से समझौता करने का दबाव सीधे तौर पर यूक्रेन से रूस के सामने सरेंडर करने की मांग जैसा है। सेरही प्रय्तुला फाउंडेशन को दिए साक्षात्कार में पोदोल्याक ने कहा, पश्चिमी नेता कह रहे हैं कि यूक्रेन सैन्य तरीके से इस जंग का हल नहीं निकाल सकता है।

### जपोरिझिया परमाणु संयंत्र धमाकों से दहला

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा निगरानी एजेंसी ने बताया कि रविवार को यूक्रेन के जपोरिझिया परमाणु संयंत्र के आसापास एक के बाद एक 12 धमाके हुए। रूस और यूक्रेन ने हमलों के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाया। आईएईए प्रमुख रफाएल ग्रोसी ने कहा कि दोनों देशों का जल्द से जल्द इसे निषेध क्षेत्र घोषित कर देना चाहिए। यहां किसी भी तरह का हमला आग से खेलने जैसा है।

# ईरान की जानी-मानी अभिनेत्री ने हिजाब उतारकर इंस्टा पर किया पोस्ट, अगले दिन पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार



**तेहरान।**
ईरान की पुलिस ने यहां की जानी-मानी अभिनेत्री हेंगामेह गजियानी को गिरफ्तार कर लिया है। 52 वर्षीय फिल्म अभिनेत्री पर आरोप है कि उसने हिजाब को हटाते हुए एक वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री ने देश में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में ऐसा किया। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद अभिनेत्री को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार देर रात एक्ट्रेस ने पोस्ट में लिखा कि इस क्षण से, मेरे साथ जो कुछ भी होता है उसके लिए ईरान की सरकार जिम्मेदार है, जान लें कि हमेशा की तरह, मैं अपनी आखिरी सांस तक ईरानी लोगों के साथ हूं। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि गजियानी बिना हिजाब के एक पब्लिक प्लेस पर खड़ी हैं और फिर अपने बालों को बांधती हुई दिखाई देती हैं। वहीं पिछले हफ्ते भी गजियानी ने एक पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने लिखा था कि ईरानी सरकार बाल-हत्यारा है जिसने 50 से अधिक बच्चों की हत्या की है।

**गजियानी के साथ और भी कई प्रदर्शनकारियों को किया गया तलब** - गजियानी उन आठ लोगों में शामिल थीं, जिन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई भड़काऊ सामग्री को लेकर तलब किया गया था। इनमें तेहरान फुटबॉल टीम पर्सेपोलिस एफसी के कोच याह्या गोलमोहम्मदी भी शामिल थे, जिन्होंने अधिकारियों के कानों तक उत्पीड़न सह रहे लोगों की आवाज नहीं लाने के लिए ईरान के राष्ट्रीय दस्ते के खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना की थी।

**ईरान में हिजाब पहनना अनिवार्य** - दरअसल, ईरान में महिलाओं को हिजाब पहनना अनिवार्य है और सार्वजनिक रूप से हिजाब को हटाना एक अपराध माना जाता है। अगर कोई महिला सार्वजनिक रूप से हिजाब उतारती है तो उसे कठोर से कठोर सजा मिल सकती है। बता दें कि महसा अमिनी की मौत के बाद हजारों महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन के रूप में ऐसा किया है। बता दें, हिजाब विरोधी प्रदर्शन के दौरान महसा ईरानी नाम की महिला को ईरानी पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके बाद पूरे ईरानी में प्रदर्शन तेज हो गया। इस दौरान कई जगहों पर हिंसा की भी खबरें सामने आईं।

# जकार्ता में 5.6 तीव्रता का भूकंप, 20 की मौत, 300 से ज्यादा घायल



**जकार्ता।**
इंडोनेशिया के जकार्ता में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इस दौरान 20 लोगों की जान चली गई। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। सियांजुर के प्रशासन के प्रमुख हरमन सुहरमन ने बताया कि अभी मुझे जो जानकारी मिली है, उसके हिसाब से सिर्फ एक ही अस्पताल में करीब 20 लोगों की मौत हो गई है और कम से कम 300 लोगों का इलाज चल रहा है। ज्यादातर को इमारतों में फंसने के कारण फ्रैक्चर हुआ है। हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। मौसम और भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि सोमवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पश्चिम जावा के सियानजुर में 10 किमी की गहराई में था। हालांकि, इसके कारण सुनामी आने की कोई संभावना नहीं जताई गई है। जानकारी के मुताबिक, जकार्ता में भूकंप के बाद लोग घबरा गए। अपने दफ्तरों में बैठकर काम कर रहे लोग भी बाहर निकल आए। भूकंप के झटकों की वजह से बिल्डिंग हिलते हुई दिखाई दी। इससे अफरा-तफरी मच गई।

# ट्विटर का नाम सुनते ही बुरी तरह झल्लाए ट्रंप, कहा- मुझे यहां लौटने की कोई दिलचस्पी नहीं

**वाशिंगटन।**
करीब 22 महीने बाद ट्विटर अकाउंट बहाल होने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चर्चा में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर जहां इस खबर के बाद मीम्स की बाढ़ आ गई वहीं उनके फॉलोवर्स भी तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन इन सब के बीच जो खबर आ रही है वह बेहद दिलचस्प है। बताया जा रहा है कि ट्विटर अकाउंट के फिर से बहाल होने के बाद भी ट्रंप खुश नहीं है और उन्होंने ट्विटर को जमकर खरी-खोटी सुना दी। हालांकि इस दौरान उन्होंने मस्क के बारे में कुछ नहीं कहा।



**मुझे ट्विटर में कोई दिलचस्पी नहीं** - दरअसल, ट्रंप को जैसे ही पता चला कि उनका अकाउंट बहाल हो गया है वैसे ही वे झल्ला गए और कहा कि मुझे ट्विटर पर फिर से लौटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। रिपब्लिकन यहूदी गठबंधन की वार्षिक नेतृत्व बैठक में एक पैनल द्वारा ट्विटर पर लौटने की योजना के बारे में पूछे जाने पर पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे इस प्लेटफॉर्म पर लौटने का कोई कारण नहीं दिखता है। ट्रंप ने कहा कि ट्विटर पर अब बॉट्स और फर्जी अकाउंट भरे पड़े है और मैंने जिन समस्याओं का सामना किया वह अविश्वसनीय थीं। उन्होंने कहा कि वह अपने ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप स्टार्टअप द्वारा विकसित ऐप, ट्रुथ सोशल के साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि ट्विटर की तुलना में हमारा प्लेटफॉर्म बढ़िया है और अभूतपूर्व रूप से अच्छा कर रहा है।

**भड़काऊ ट्वीट के चलते सस्पेंड हुआ था ट्रंप का अकाउंट** - डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर अकाउंट को भड़काऊ ट्वीट के चलते ब्लॉक किया गया था। दरअसल, अमेरिका में हुए चुनाव के बाद जो बाइडन को राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया था। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों ने व्हाइट हाउस के बाहर और अंदर जमकर उपद्रव किया था। भीड़ के इस हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए ट्विटर ने पहले ट्रंप का अकाउंट 12 घंटों के लिए और बाद में पूरी तरह से सस्पेंड कर दिया गया था।

**मस्क की घोषणा के तुरंत बाद दिखने लगा अकाउंट** - 19 नवंबर को एलन मस्क की घोषणा के कुछ देर बाद ही ट्विटर ने डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट से बैन हटा लिया। करीब 22 महीने बाद डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को बहाल किया गया है। पोल के बाद मस्क ने ट्वीट किया था, जनता बोल चुकी है। ट्रंप को बहाल किया जाएगा। मस्क ने इस दौरान एक पोल भी पोस्ट किया था और उसमें साफ दिख रहा था कि 51 फीसदी लोग ट्रंप के अकाउंट को फिर से बहाल करने के पक्ष में थे।

# जनरल बाजवा के दामन पर दाग, छह साल में अरबपति बना परिवार, रिपोर्ट में बड़ा दावा

**इस्लामाबाद।**
अगले कुछ दिनों में रिटायर हो रहे पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के परिवार को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट आई है। इससे उनके दामन पर दाग उभरा है। इसमें दावा किया गया है कि जनरल बाजवा का परिवार मात्र छह साल में अरबपति बन गया है। इस रिपोर्ट से पाकिस्तान में बवाल मच सकता है। पाकिस्तान में सेना सबसे शक्तिशाली है। यह सनसनीखेज रिपोर्ट पाक सेना में भारी भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है। इसमें कहा गया है कि बाजवा की विदाई के पहले आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उनके परिवार के सदस्यों की संपत्ति में बीते छह सालों में भारी बढ़ोतरी हुई है।

### पत्रकार अहमद नूरानी ने तैयार की रिपोर्ट

फैक्ट फोकस के लिए पाकिस्तान पत्रकार अहमद नूरानी ने यह खोजी रिपोर्ट तैयार की है। नूरानी ने खुलासा किया है कि कैसे बाजवा के करीबी और परिवार के सदस्यों ने कुछ ही वर्षों में एक नया कारोबार शुरू किया और पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में फार्महाउस के मालिक बन गए। उन्होंने विदेशी संपत्ति खरीदी और उससे अरबों डॉलर कमाए। फैक्ट फोकस की रिपोर्ट में बहुत से आंकड़े पेश किए गए हैं। इनमें उनकी पत्नी आयशा अमजद, उनकी बहू महनूर साबिर और परिवार के अन्य करीबी सदस्यों की संपत्ति का जिक्र है। इसमें दावा किया गया है कि छह साल में उनका परिवार अरबपति बन गया। छह वर्षों में बाजवा परिवार ने विदेशों में भी कई संपत्तियां खरीदीं और पैसा विदेशों में ट्रांसफर किया। यह परिवार इस्लामाबाद व कराची में कमर्शियल प्लाजा और व्यावसायिक भूखंडों का मालिक बन गया। लाहौर में भी परिवार के पास भारी मात्रा में जायदाद है।



### बाजवा परिवार के पास 12 अरब रुपये की जायदाद

नूरानी ने रिपोर्ट में दावा किया है कि बाजवा परिवार ने बीते छह सालों में 12.7 अरब रुपये की जायदाद बटोरी है। टैक्स रिटर्न और अन्य वित्तीय विवरणों के आधार पर, पाकिस्तानी पत्रकार नूरानी ने बताया कि सेना प्रमुख नियुक्त किए जाने के बाद जनरल बाजवा के परिवार ने कैसे 2013 और 2017 के बीच संपत्ति जमा की। 2013 में उन्होंने संपत्ति विवरण में तीन बार संशोधन किया। वर्ष 2013 के संशोधित विवरण में जनरल बाजवा ने डीएचए लाहौर के फेज-8 में एक वाणिज्यिक भूखंड का विवरण शामिल किया। उन्होंने दावा किया कि दरअसल लाहौर का यह भूखंड उन्होंने 2013 में खरीदा था, लेकिन वे पिछले चार साल तक इसका विवरण देना भूल गए।

# देश की बेटियों को अब फ्रिज खोलने से डर लगता है...

**फरीदाबाद ( हिंस )।** शहर के सबसे बड़े एवं प्रथम ओपन माइक स्काई शॉट में युवाओं ने अपनी प्रतिभा के जलवे बिखेरे। आयोजक एवं मंच संचालन कर रहे स्काई ( साहिल कौशिक ) ने इस कार्यक्रम को अपनी मां को समर्पित करते हुए कहा कि कुछ जिम्मेदारियां हैं, जो लोईायी घर से दूर, वर्ना मां के बगैर किसका मन लगता है। उन्होंने समाज की बुराइयों पर चोट करते हुए कहा-जिन्हें देश में डर लगता है, उनके खिलाफ बोलने से डर लगता है। देश की बेटियों को अब फ्रिज खोलने से डर लगता है-को खूब सराहा गया। सेक्टर- 11 स्थित द ब्लैक रैबिट कैफे में सोमवार को फरीदाबाद का सबसे बड़ा ओपन माइक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में काफी युवाओं ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन कर हुनर दिखाया। इस समारोह को स्काई यानि साहिल कौशिक द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मशहूर कवि पुनीत पांचाल, संदीप



गगन, अखिलेश त्रिपाठी, रेडियो महारानी की हेड सपना सूरी और आलोक अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के द्वारा मंच पर आकर परफॉर्म करने का नयी प्रतिभा को मौका मिला। मशहूर कवि पुनीत पांचाल ने अपने कविता - उजियारा लिखा हो जैसे दीपक की हर बाती पर, रोक लगानी होगी मिलकर हमको हर उत्पाती पर, करें समर्थन भारत में जो देश विरोधी नारों का, भारत माता की जय लिख दो गद्दारों की छाती पर। उपस्थित सभी श्रोताओं में जोश भर दिया। उन्होंने देश भक्ति की कविताएं और गाने सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। संदीप गगन ने अपनी प्रस्तुति में मां-बाप की विशेषताओं को खूबसूरती से समझाया। फरीदाबाद के लोकल लड़के ग्रुप हैप्पी सिंह, स्काई म्यूजिक और एजे की रैप शैली का जलवा जबरदस्त रहा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाया। किसी ने गाने गाकर मन मोह लिया तो किसी ने अपनी ओजस्वी कविता से क्रांति की ज्वाला जलाई। किसी ने पियानो और गिटार की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में कई युवाओं को एक मंच मिला जहां उन्होंने अपने टैलेंट को पहचाना और अपनी कला को जाना। इस अवसर पर मशहूर कवि पुनीत पांचाल, संदीप गगन, अखिलेश त्रिपाठी, रेडियो महारानी हेड सपना सूरी, आलोक अरोड़ा, अभिषेक देशवाल, सोनम यादव, प्रशांत पाराशर और यूडी शर्मा मौजूद रहे।

# पिछली हुड्डा सरकार का ऋण हमारी सरकार उतार रही है : दुष्यंत चौटाला

**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला यमुनानगर में सोमवार दोपहर को अपने दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ता राजकुमार बुबका के कार्यालय में जगाधरी अनाज मंडी पहुंचे। यहां प्रेस वार्ता में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि 9 दिसंबर को भिवानी में पार्टी का दूसरा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। और इसको लेकर बहुत ज्यादा उत्साह कार्यकर्ताओं में बहुत जोश बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 की तैयारियों को लेकर पार्टी की मुहिम के तहत महिला सखी और बूथ योद्धा बनाने का काम जारी है। प्रदेश के ऊपर कर्ज के सवाल पर उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समय खजाने में पैसा नहीं आया। युवाओं की भर्तियों को कानून के झमेले में ही फंसा दिया। उन्होंने कहा कि एचएसआईडीसी के ऊपर 13 हजार करोड़ रुपए का ऋण था, जो कि अब घटकर 6 हजार करोड़ रह गया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य जिसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत वार्षिक राशि 1 लाख 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपए कर दी है। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सकें। परिवार पहचान पत्र के बाद राशन कार्ड की मांग खत्म हो जाएगी। सिर्फ परिवार पहचान पत्र के वार्षिक आय के आधार



पर ऑनलाइन सिस्टम से लोग अपना रजिस्ट्रेशन करेंगे तो उन्हें सारी योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है। उन्होंने कहा कि फिलिप कार्ड का सबसे बड़ा वेयरहाउस मानेसर में बनाया जा रहा है। एम.एस.एम.ई. में हरियाणा देश का तीसरा राज्य बना है। जबकि कोरोना के समय यह पांचवे स्थान से 17वें स्थान पर चला गया था। किसान आंदोलन को लेकर कहा कि सरकार बातचीत कर रही है और उनके सभी दर्ज केस सरकार ने वापस ले लिए है। उन्होंने सड़कों की रिपेयर और विस्तारी को लेकर कहा कि 25 करोड़ रुपए की राशि हर विधायक को आवंटित कर सुधार और विस्तार के लिए की गई है। बजट में सड़कों के लिए 2250 करोड़ रुपए का बजट रखा गया था। उन्होंने कहा कि 9 लोजिस्टिक हब बन चुके हैं और 14 पाइप लाइन में है।

## लव जिहाद के नाम पर हिंदुओं की बेटियों को बनाया जा रहा टारगेट : आलोक

**फरीदाबाद ( हिंस )।** देश के सबसे बड़े संगठन विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने सभी हिंदुओं को एक होने का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि लव जिहाद के नाम पर हिंदुओं की बेटियों को टारगेट बनाया जा रहा है, उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाए और इसके खिलाफ सख्त कानून बनाया जाए, ताकि इसे लोगों को सबक सिखाया जा सके। आलोक कुमार सोमवार को हिंदू हित चिंतक अभियान के लिए फरीदाबाद में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-15 मार्किट की दुकानों पर जा-जाकर 20-20 रूपए की संकल्प राशि भी एकत्रित की। विहिप कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि आज देश में जगह-जगह लव जिहाद, जमीन जिहाद, गौवंश की हत्या हो रही है, जो बेहद दुखद है, पुलिस और प्रशासन को इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए ऐसे मामलों में दोषी लोगों पर सख्त कार्यवाही करनी होगी। उन्होंने कहा कि अब हमें अने बजरंगियों को आगे लाने की आवश्यकता पड़ गई है, सभी हिंदू एक होकर आवाज उठाए, विश्व हिंदू परिषद सभी हिंदुओं के साथ है। इस मौके उनके साथ मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं गोपाल गऊशाला अध्यक्ष रमेश गुप्ता, फरीदाबाद विभाग अध्यक्ष प्रेम चंद गोयल, हरियाणा संपर्क प्रमुख कालिदास, सेक्टर -15 मार्किट कमेटी के अध्यक्ष आलोक, सेक्टर -15 के रेजिडेंट वेलफेयर के अध्यक्ष नीरज चावला, सहमंत्री ऋतु राज, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख आशीष माहेश्वरी, बजरंग दल संयोजक जीत, प्रांत प्रमुख मातृशक्ति एवं सत्संग प्रमुख किरण वर्मा, जिला प्रचार प्रसार से सुधीर मेहता आदि कार्यक्रम में मुख्य तौर पर उपस्थित थे।

# जम्मू पर्यटन के तहत प्राचीन भैवर मंदिर को शामिल करने की मांग

**जम्मू।** आज अध्यक्ष कोटली कॉलोनी वेलफेयर ट्रस्ट ने डिवकॉम जम्मू आईएएस रमेश कुमार से मुलाकात की और लोगों के कल्याण के कई मुद्दों पर चर्चा की। दत्ता ने सभी जिला मुख्यालयों की विभिन्न प्रगतिशील योजनाओं तक पहुंचने और उनकी समीक्षा करने और किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए धैर्यपूर्वक सुनवाई करने के लिए डिवकॉम जम्मू के समर्पण की सराहना की। एसडीएम मेंढर, डीएम कठुआ और डीएम जम्मू के रूप में तैनात होने का उनका अनुभव उन्हें उन क्षेत्रों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के दर्द को महसूस कराता है। दत्ता ने उनसे प्राचीन भैरव मंदिर ट्रस्ट को जम्मू पर्यटन के पर्यटन गंतव्य कार्यक्रम के तहत शामिल करने और महंत रोमिल शर्मा के मार्गदर्शन और आशीर्वाद के तहत जम्मू स्थित भैरव मंदिर में महाकाल भैरव अष्टमी के हर साल उत्सव में सभी विभागों से समर्थन प्राप्त करने का अनुरोध किया। श्री प्राचीन भैरव मंदिर मे हर साल अक्तूबर-नवंबर भैरव अष्टमी के महीने में लाखों भक्त महाकाल भैरव देव का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर में आते हैं, जिस पर अन्य राज्यों के भक्त भी आते हैं। हर साल 5 दिनों के धार्मिक उत्सव समारोह का आयोजन किया जाता है और पूरा पुराना शहर पंजतीर्थी चौक से भैरव बाजार चौक तक बाजार की बिजली और ताजा फूलों के साथ दुल्हन की तरह दिखता है। डिवकॉम जम्मू ने हमारे अनुरोध पर ध्यान दिया है और निदेशक पर्यटन जम्मू को निर्देश दिया है कि वे आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट देखें और बनाएं। बैठक में प्रभारी संस्कृति प्रकोष्ठ जम्मू और कश्मीर भारतीय जनता युवा मोर्चा तरुण शर्मा भी मौजूद रहे।

# मांगें पूरी नहीं होने तक पीएचई कर्मचारी रहेंगे सड़कों पर

**जम्मू।** नियमतीकरण और उनके लंबित वेतन को जारी करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे पीएचई कर्मचारियों का गुस्सा सोमवार को भी देखने को मिला यहां कर्मचारियों ने साफ तौर पर कहा है कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह सड़कों पर फिर होंगे और पानी की सप्लाई को पूर्ण रूप से बंद कर देंगे। हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने आज भी विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अगर हमारी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन होगा। उन्होंने मांगें पूरी होने तक अपना संघर्ष जारी रखने की घोषणा की। अपनी मांगों के समर्थन में नारों वाली तख्तीयां लिए हुए दिहाड़ी मजदूरों को नियमति करने के लिए एसआरओ-64 लागू करने का दबाव बना रहे थे,



जो वर्षों से विभाग में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से हम यहां अपने मुद्दों के लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन प्रशासन ने मुद्दों के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाया है। कोरोना महामारी के दौरान हमें पीएम मोदी द्वारा कोरोना योद्धा के रूप में नामति किया गया था, लेकिन आज सरकार ने हमारे मुद्दों को हल नहीं करके हमें हटा दिया है। प्रदर्शनकारी दैनिक ग्रामीणों ने कहा और अफसोस जताया कि जब वे अपनी मांगों को उजागर करने के लिए सड़कों पर आते हैं, प्रशासन उन पर लाठियां बरसाता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जम्मू के पीएचई दैनिक ग्रामीणों को नियमति करने के लिए एसआरओ-64 को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। सरकार ने पहले कहा था कि वे हमारे लिए न्यूनतम वेतन अधिनियम लागू करने जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसके लिए कुछ नहीं किया है। स्थानीय शासन हमें धोखा दे रहा है और हम उनके बहाने नहीं सुनना चाहते। जब तक सरकार हमें स्थायी कर्मचारी नहीं बना देती, हम अपना विरोध नहीं रोकेंगे। हम अपनी मांगों से समझौता नहीं कर सकते।

# शिवसेना प्रदेश प्रमुख को सौंपा शोक संदेश



**जम्मू।** शिवसेना जम्मू-कश्मीर प्रमुख मनीश साहनी की माताश्री के निधन पर पार्टी पक्ष प्रमुख माननीय उद्धव साहेब ठाकरे एवं राष्ट्रीय सचिव अनिल देसाई तथा शिवसेना परिवार की तरफ से एक लिखित संदेश के माध्यम से शोक व्यक्त किया। पार्टी मध्यवर्ती कार्यालय जम्मू से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी की माता जी के देहांत की तेरहवीं पर हाईकमान का शोक संदेश लेकर जम्मू पहुंचे पार्टी राष्ट्रीय संगठक अशोक तिवारी ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। अशोक तिवारी ने उषा साहनी की दिवंगत आत्मा की शांति एवं स्वर्ग में प्रभु के चरणों में स्थान मिले प्रार्थना की। मनीश साहनी की माता श्री ऊषा साहनी का 9 नवंबर को स्वर्गवास हुआ था और आज तेरहवीं के मौके पर शिव सैनिकों ने गरीबों एवं असहाय लोगों में कपड़े एवं खाना वितरित किया।

## भारत जोड़ो यात्रा के लिए कांग्रेस एकजुट 2023 में फिर से बनाएंगे सरकार

**उदयपुर ( हिंस )।** राजस्थान सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास अल्प प्रवास के दौरान सोमवार को उदयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव अजय माकन की खुले दिल से तारीफ की। गौरतलब है कि कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता अजय माकन का खुलकर विरोध कर चुके हैं और उनकी कार्यप्रणाली को गलत बता चुके हैं, लेकिन सोमवार को खाचरियावास ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि अजय माकन ने राजस्थान कांग्रेस के लिए बेहतरीन कार्य किया है और इसके लिए वे दिल से उनका सम्मान करते हैं। खाचरियावास ने कहा कि अजय माकन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं को साथ लेकर चले हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर भी जमकर हमला बोला और राजस्थान आ रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पूरी कांग्रेस को एकजुट बताया। उन्होंने दावा किया कि 2023 में राजस्थान में जनता कांग्रेस की सरकार पुन: बनाएगी। उन्होंने ब्यूरोक्रेसी के हावी होने पर भी चिंता जताई। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा से कहते आये हैं किसी भी मंत्री या विधायक किसी दूसरे की बात का खंडन नहीं करना चाहिए।

# पंजाब में 13 किलो हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**अमृतसर।** पंजाब पुलिस की सीआइए की टीम ने जम्मू-कश्मीर से 13 किलो हेरोइन लेकर पहुंचे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित राजस्थान के रहने वाले हैं। आरोपितों के अन्य साथियों का पता लगाया जा रहा है। इसकी जानकारी स्वयं डीजीपी गौरव यादव ने ट्वीट कर दी है। उनके अनुसार दोनों आरोपित राजस्थान के रहने वाले हैं और कार में सवार होकर जम्मू से नशे की यह बड़ी खेप लेकर जा रहे थे। पुलिस टीम को जब इसकी भनक लगी तो उन्हें धर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 13 किलो हेरोइन बरामद की गई। आरोपितों की पहचान राजस्थान के श्रीगंगानगर के श्रीविजय नगर निवासी सुखवीर सिंह काला और गांव टिब्बी हनुमानगढ़ निवासी बिंदू उर्फ बिंदर के रूप में हुई है। बता दें कि भारत, विशेषकर पंजाब को अस्थिर करने के लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान लगातार सीमा पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन और हथियारों की खेप पंजाब में भेज रहा है। आए दिन पाकिस्तानी तस्करों के भेजे ड्रोन या बीएसएफ की ओर से मार गिराए जाते हैं या फिर उन्हें फायरिंग और रोशनी वाले बम फेंककर खदेड़ दिया जाता है। एक दिन पहले ही गुरदासपुर में दो ड्रोनों को फायरिंग करके वापस पाकिस्तान में खदेड़ा गया था।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जम्मू पूर्व में चलाया जनसंपर्क अभियान

**जम्मू।** ब्रह्म ज्योत सत्ती, अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा जेके-यूटी के निर्देश पर भाजपा ओबीसी मोर्चा समाज की भलाई के लिए काम कर रहा है और पूरे जम्मू-कश्मीर में जरूरतमंदों की मदद कर रहा है। आज भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जम्मू पूर्व में जनसंपर्क सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील प्रजापति (महासचिव बीजेपी ओबीसी मोर्चा जम्मू-कश्मीर) ने किया। मौके पर विक्रम भसीन (सामाजिक कार्यकर्ता), राम लुभया (शक्ति केंद्र प्रमुख), राकेश कुमार (बूथ अध्यक्ष), प्रेम बदन (बूथ अध्यक्ष) सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुनील प्रजापति ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों एवं क्षेत्र के स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने ओबीसी के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया और कहा कि भाजपा की विचारधारा जनता के लिए सर्वोत्तम है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा सबसे अच्छी है और यह देश हित में काम करती है और प्रमुख नागरिक भाजपा के साथ हाथ मिला रहे हैं जो बेहद सराहनीय है। इस पर बोलते हुए ब्रह्म ज्योत ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा ओबीसी मोर्चा



की कार्यशील टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रहा है और सामाजिक कार्यों का आयोजन कर रहा है और पूरे जम्मू-कश्मीर में मानवता की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेशा नेशन फर्स्ट की विचारधारा का पालन करती है और यह नीति भारत और इसके नागरिकों के लिए बेहतर है। उन्होंने यह भी कहा कि लोग बीजेपी ओबीसी मोर्चा के काम से प्रेरणा ले रहे हैं और बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। जनता की भलाई के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा हमेशा उपलब्ध है और जिस किसी को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वह संबंधित क्षेत्र के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्षों से संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी संख्या में अत्यधिक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और जनता को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

## एक ही परिवार के छह लोगों के शव फंदे पर मिले लटके

**उदयपुर( हिंस )।** उदयपुर के गोगुन्दा थानाक्षेत्र के झाड़ोली गांव में माता-पिता और 4 बेटों के शव मिलने से पूरा गांव स्तब्ध है। घर का दरवाजा अंदर से बंद होने की जानकारी के आधार पर पुलिस आरंभिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह झाड़ोली गांव निवासी प्रकाश के पूरे परिवार के शव घर के अन्दर मिलने की सूचना मिली। उसकी पत्नी दुर्गा और चार बच्चे गणेश, पुष्कर, रोशन और नवजात गंगाराम के साथ प्रकाश का भी शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस का अनुमान है कि पत्नी और चारों बच्चों को फंदे पर लटकाकर प्रकाश ने भी आत्महत्या की होगी। फिलहाल मौके पर उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार सहित पुलिस अधिकारी भी पहुंचे हैं।

# डोगरा नगर लेन नंबर 7-सी में पेयजल पाइप बिछाने का कार्य शुरू

**जम्मू।** जम्मू शहर की वार्ड 64 में जलापूर्ति की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिप्टी मेयर बलदेव सिंह बलोरिया ने चेयरमैन पब्लिक हेल्थ एंड सैनिटेशन राज कुमार तरखान, स्थानीय पार्षद कपिल सिंह चिब के साथ डोगरा नगर लेन नंबर 7-सी में पेयजल पाइप बिछाने का कार्य शुरू करवाया। इस विकास कार्य परियोजना की अनुमानित कुल लागत 10 लाख रुपए है और इसे संबंधित अधिकारियों की देखरेख में किया जाएगा। डिप्टी मेयर बलदेव सिंह बलोरिया ने कहा कि पार्षद कपिल सिंह चिब के प्रयास से क्षेत्र में पाइप लाइन डालने का काम शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय पार्षद कपिल सिंह चिब एक उल्लेखनीय व्यक्ति हैं। उनके समृद्ध विकास कार्य, विविध भूमिकाओं और अद्भुत प्रकृति ने उन्हें उक्त क्षेत्र के विकास का लाभ देने के लिए नगर निगम में काम करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि इस पाइप लाइन का कार्य पूरा होने से क्षेत्र के हर घर में पानी पहुंचेगा और लोगों को पेयजल के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डिप्टी मेयर ने कहा कि मुझे खुशी है कि पानी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ रही है और इस दिशा में प्रयास भी बढ़ रहे हैं। जम्मू शहर और इसके आसपास के लाखों परिवारों के हित में आज पेयजल, स्वास्थ्य और स्वच्छता के संबंध में एक व्यवस्था की गई है जो माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने



को साकार करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। चेयरमैन पब्लिक हेल्थ एंड सैनिटेशन राज कुमार तारखान ने कहा कि किसी मोहल्ले में पानी की कमी न हो इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को पानी की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल की समस्या को लेकर उनके द्वारा अभियान चलाया गया है और वह जम्मू नगर निगम के पार्षदों, पीएचई अधिकारियों के साथ विभिन्न वार्डों का दौरा कर रहे हैं। पार्षद कपिल सिंह चिब ने डिप्टी मेयर बलदेव सिंह बलोरिया व चेयरमैन पब्लिक हेल्थ एंड सैनिटेशन राज कुमार तरखान का अपनी वार्ड में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कॉलोनी के लोग कई वर्षों से पानी की पाइप लाइन डालने की मांग कर रहे थे, उनकी मांग अब डिप्टी मेयर बलदेव सिंह बलोरिया व चेयरमैन पब्लिक हेल्थ एंड सैनिटेशन राज कुमार तरखान के नेतृत्व में पूरी होने जा रही है। इस मौके पर अभित संगौत्र, एमके राजदान, विरेंद्र कुमार, रवि कुमार, जनक सिंह, व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।


**TENDER NOTICE**

No. DVT-186/SOPD-ODS/2022-23/4

1. Separate sealed tender in prescribed format affixing non-refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees eight and paise twenty five) only for a validity period of 180 (one hundred eighty) days are hereby invited from the eligible contractors duly registered under Animal Husbandry & Veterinary Deptt. Assam, Guwahati-3, and Dairy Development Deptt. of Assam, Khanapara, Guwahati-22 for the following works under **SOPD-ODS** as shown in the table below and will be received by the undersigned on or before **12.12.2022** hours of **14.00** and will be opened on the same day at 14.30 hours in presence of tenderers or their authorized representative who wish to attend the same.
If the date of the opening of tender happens to be a holiday / bandh or if it is not possible to receive tenders in stipulated date for any unforeseen reason, the next working day will be considered as the last date for receipt / opening of the tenders.

| Sl. No. | Work Description | Estimated Cost (Rs.) | Cost of Bidding Documents incl. of GST (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of RCC Record Room adjacent to Establishment Section at Directorate Campus, A.H. & Vety. Deptt. Chenikuthi, Ghy-3 | 17,51,714.00 | 500.00 | 35,034.00 | 180 days |
| 2. | Repairing, Renovation and Modernization of Director room converted to Conference Hall at Directorrate Campus, A.H. & Vety. Deptt. Chenikuthi, Ghy-3 | 22,58,981.00 | 700.00 | 45,180.00 | 45 days |
| 3. | Modernization of Establishment Section at Directorate Campus, A.H. & Vety. Deptt. Chenikuthi, Ghy-3 | 20,16,117.00 | 600.00 | 40,322.00 | 90 days |

2. Bidding will be conducted through Limited Bidding method and procedures as specified in "The Assam Public Procurement Act, 2017" and "The Assam Public Procurement Rules, 2020". These Act and Rules may be viewed and downloaded from the web-link at *www.assam.gov.in.*
3. The Bidding Documents may be downloaded by the interested eligible registered contractors of A. H. & Vety. Deptt. Assam, Chenikuthi, Guwahati-3 and Dairy Development, Assam, Khanapara, Guwahati-22 from the website *https://animalhusbandry.assam.gov.in/ up to* **12.12.2022**. However, bidders are required to submit cost of Bidding Document as per table mentioned above in the mode prescribed in the Bidding Documents along with Bids.
4. All Bids must be accompanied by a Bid Security as mentioned in the table above, unless otherwise mentioned in the Bidding Documents.
5. Bids must be delivered to the address below on or before 14.00 hrs of **12.12.2022**. Further both the Technical BID & Financial BID (Letter of BID & Bill of Quantities), sealed separately should be enclosed in a single envelop. Electronic Bidding will not be permitted. Late Bids will be rejected.
6. The Bids will be publicly opened in the presence of the Bidders' designated representatives and anyone who chooses to attend, at the address below on **12.12.2022** *at 15.00 hrs.*

Sd/-
A.H. & Vety.Deptt. Assam,
Chenikuthi, Guwahati-3.

**-- Janasanyog /C/14623/22**



# 50 फीसदी कर्मचारियों को निकालने के बाद भी संतुष्ट नहीं हैं मस्क, फिर से कर सकते हैं छंटनी

**वाशिंगटन ।**

ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क एक बार फिर से कर्मचारियों की छंटनी पर विचार कर रहे हैं। ट्विटर के 50 फीसदी कर्मचारियों को निकालने के बाद भी वे संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो वे पूरी टीम को ही बदलना चाह रहे हों। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार मस्क इस बार सेल्स और पार्टनरशिप डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना रहे हैं।

**बीते 18 नवंबर को भी 1200 कर्मचारियों ने इस्तीफा दिया था** - बता दें कि मस्क के दबाव को कई कर्मचारी नहीं झेल पा रहे हैं। 50 फीसदी कर्मचारियों के अलावा बीते 18 नवंबर को 1200 से ज्यादा कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक टेक्निकल टीम के कर्मचारी सबसे ज्यादा परेशान हो गए हैं और इस्तीफा देने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ये सभी इस्तीफे एलन मस्क की उस चेतावनी के बाद आए थे, जिसमें उन्होंने मेल लिखकर कहा था कि ज्यादा देर तक काम करने के लिए तैयार रहो या कंपनी छोड़ो। ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने इन इस्तीफों पर कहा था कि मुझे कोई फिक्र नहीं पड़ता है। जो सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले एम्प्लॉई हैं, वे नहीं गए हैं।

**सेल्स और पार्टनरशिप डिपार्टमेंट्स के टीम लीडर्स को निकाला** - बता दें कि कुछ दिन पहले ही मस्क ने सेल्स और पार्टनरशिप डिपार्टमेंट्स के टीम लीडर्स को कुछ और कर्मचारियों को बाहर निकालने के लिए कहा था लेकिन ये टीम लीडर्स तैयार नहीं हुए। इसके बाद वही हुआ जिसका अंदेशा था। टीम लीडर्स को ही कंपनी से निकालने का फरमान सुना दिया गया।

**मस्क की पॉलिसी से सहमे कर्मचारी** - बता दें कि मस्क ट्विटर के आधे से ज्यादा कर्मचारियों को कंपनी से निकाल चुके हैं। यही नहीं, उन्होंने ट्विटर में अब वर्क फ्रॉम होम भी पूरी तरह से खत्म कर दिया है। उनकी पॉलिसी से कर्मचारी इस तरह से खौफजदा हैं कि वे रात में भी दफ्तर में ही सो रहे हैं। मस्क की तरफ से कर्मचारियों को एक फॉर्म भरने के लिए भी कहा गया था जिसमें काम की शर्तों के बारे में लिखा था। यदि कोई कर्मचारी ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे तीन महीने के लिए विच्छेद वेतन मिलेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दूध अब गरीबों की पहुंच से बाहर एक साल में चार बार बढ़ीं कीमतें तो क्या बोले लोग




**नई दिल्ली ।** मदर डेयरी ने अपनी फूल क्रीम दूध की कीमत दिल्ली और एनसीआर में 63 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 64 रुपये प्रति लीटर कर दी है। वहीं, आधे लीटर की फूल क्रीम दूध की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरों की घोषणा रविवार को की गई और सोमवार से यह प्रभाव में आ गई है। मदर डेयरी ने फूल क्रीम दूध की कीमत एक प्रति लीटर बढ़ाया नई दरों के अनुसार जहां फूल क्रीम दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है वहीं टोकन वाला दूध दो रुपये प्रति लीटर महंगा होकर 50 रुपये हो गया है। मदर डेयरी वर्ष 2022 में दूध की कीमतें चार बार बढ़ा चुका है। ताजा बढ़ोतरी से पहले मार्च, अगस्त और अक्तूबर महीने में कीमतें बढ़ाई गई थी। लोग बोले- सैलरी मुश्किल से एक बार बढ़ती है पर दूध एक साल में चार बार महंगा हो गया दिल्ली के मुनीरका में मदर डेयरी के शॉप नंबर 109 पर दूध खरीदने पहुंचे सूर्य प्रकाश जोशी का कहना है कि दूध की कीमतें इस वर्ष चार बार बढ़ चुकी हैं, हमारी सैलरी मुश्किल से वर्ष से में एक बार ही बढ़ पाती है। इससे हमारे घर का बजट प्रभावित होता है। गरीबों की पहुंच से बाहर हुआ दूध, अब सिर्फ संपन्न लोग ही इस्तेमाल कर पा रहे स्वाति नाम की एक महिला के अनुसार, दूध एक जरूरी चीज है और हर कोई इसका रोजाना इस्तेमाल करता है। वर्ष में चार बार इसकी कीमतें बढ़ चुकी हैं, ऐसी परिस्थिति में यह गरीबों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। सिर्फ संपन्न ही इसका उपभोग कर पा रहे हैं। मदर डेयरी दिल्ली और एनसीआर में सबसे बड़ा दूध का सप्लायर है। यह रोजाना 30 लाख लीटर दूध की बिक्री करता है। यह बिक्री पैकेट्स और वेंडिंग मशीनों के माध्यम से होती है। मदर डेयरी के पास नौ प्रोसेसिंग प्लांट्स हैं। इसके पास दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सैकड़ों मिल्क बूथ और सफल रिटेल आउटलेट हैं।

### यूपीआई लेनदेन की तय होगी सीमा, खत्म होगा गूगल पे और फोन पे का एकाधिकार




**नई दिल्ली।** थर्ड पार्टी यूपीआई भुगतान सेवा के मामले में गूगल पे और फोन पे का एकाधिकार अगले महीने से खत्म हो सकता है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) थर्ड पार्टी यूपीआई भुगतान सेवा के लिए कुल लेनदेन की सीमा को 30 फीसदी तक सीमित करने के फैसले पर आरबीआई से बात कर रहा है। एनपीसीआई इस फैसले को 31 दिसंबर से लागू करना चाहता है। वर्तमान में लेनदेन की कोई सीमा नहीं होने की वजह से दो कंपनियों गूगल पे और फोन पे की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर करीब 80 फीसदी हो गई है। एनपीसीआई ने नवंबर, 2022 में एकाधिकार के जोखिम से बचने को थर्ड पार्टी एप प्रदाताओं (टीपीएपी) के लिए 30 फीसदी लेनदेन की सीमा तय करने का प्रस्ताव दिया था। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई गई थी। इसमें एनपीसीआई के अधिकारियों के साथ वित्त मंत्रालय और आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। एनपीसीआई इस महीने के अंत तक यूपीआई बाजार सीमा लागू करने के मुद्दे पर फैसला कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, एनपीसीआई फिलहाल सभी संभावनाओं का मूल्यांकन कर रहा है।

### जीएसटी कानून से बाहर हो सकते हैं आईपीसी के दायरे में आने वाले अपराध




**नई दिल्ली।** भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के दायरे में आने वाले दंडात्मक अपराधों को सरकार जीएसटी कानून से बाहर करने पर विचार कर रही है। इससे जीएसटी के स्वरूप को करदाताओं के लिए और आसान बनाने में मदद मिलेगी। एक अधिकारी ने बताया कि जीएसटी परिषद की अगली बैठक में यह प्रस्ताव रखा जा सकता है। परिषद की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय जीएसटी कानून में संशोधन का प्रस्ताव देगा। इसे संसद के शीतकालीन सत्र में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि विधि समिति ने जीएसटी कानून की धारा-132 में बदलावों को अंतिम रूप दे दिया है।

# डीईपीआर के वार्षिक सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, भारत में मंदी की आशंका नहीं

**हैदराबाद।**

**आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई घटाने के लिए दुनिया के केंद्रीय बैकों ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इससे आर्थिक गतिविधियों में कमी या कर्ज देने के लिए राशि की कम उपलब्धता ने मंदी के खतरे को बढ़ा दिया है। हालांकि, भारत की स्थिति काफी अलग है और यहां मंदी की आशंका नहीं है। आरबीआई के डिपार्टमेंट ऑफ इकनॉमिक एंड पॉलिसी रिसर्च (डीईपीआर) के सालाना सम्मलेन में दास ने कहा कि विकसित अर्थव्यस्थाओं में महंगाई अस्थायी होने की बजाय बनी रही है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि से डॉलर में मजबूती आई। उन्होंने कहा कि जून, 2016 से फरवरी, 2020 तक औसत महंगाई 3.9 फीसदी रही है।**



यह उस समय रिसर्च का मुद्दा था कि किन वजहों से उस वक्त महंगाई काबू में रही। इससे पहले गवर्नर ने कहा था कि महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के साथ मिलकर आरबीआई काम कर रहा है। केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को बढ़ाकर महंगाई घटाने की कोशिश की है, जबकि सरकार आपूर्ति बढ़ा रही है।

### 2023-24 में सात फीसदी तक रहेगी वृद्धि दर : राजीव कुमार

दुनिया के मंदी में जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि भारत इससे अछूता रहेगा। हालांकि, अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों से भारतीय अर्थव्यवस्था प्रभावित जरूर हो सकती है, लेकिन 2023-24 में घरेलू जीडीपी छह से सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका, यूरोप, जापान और चीन की अर्थव्यवस्थाएं नीचे आ रही हैं। ऐसे में यह स्थिति आने वाले महीनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर ले जा सकती है। अच्छी बात यह है कि भारत में मंदी की ऐसी कोई आशंका नहीं है। उच्च महंगाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई संभवतः कुछ और समय के लिए 6-7 फीसदी के दायरे में रहेगी। उसके बाद यह चरम पर जाने के बाद नीचे आनी शुरू होगी।

कमजोर होते रुपये के आम आदमी पर पड़ने वाले प्रभाव पर उन्होंने कहा कि आम भारतीय बहुत अधिक संख्या में आयातित वस्तुओं और सेवाओं का इस्तेमाल नहीं करते हैं।

भारत के बढ़ते व्यापार घाटे पर कहा कि अक्तूबर में निर्यात वृद्धि नकारात्मक रही है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि देश को इस क्षेत्र में नीतिगत रूप से ध्यान देने की जरूरत है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं दोनों का निर्यात बढ़ाया जा सके।

### रेपो दर में वृद्धि के साथ बैंकों ने 1.9 फीसदी बढ़ाई ईबीएलआर

रेपो दर में इस साल मई से अब तक की गई वृद्धि के साथ ही सभी प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी बाहरी बेंचमार्क आधारित ऋण दरों (ईबीएलआर) को क्रमिक रूप से 1.9 फीसदी बढ़ाया है। हालांकि, जमा दरों को बढ़ाने में बैंकों की रफ्तार धीमी रही है। केंद्रीय बैंक के लेख के अनुसार, बैंकों ने मई से अक्तूबर, 2022 अंत तक ईबीएलआर में 1.9 फीसदी वृद्धि की है। इस दौरान कोष की सीमांत लागत आधारित कर्ज दर (एमसीएलआर) में 0.85 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह वृद्धि एक साल की एमसीएलआर के लिए हुई है। इसके मुकाबले सावधि जमा पर ब्याज दरों में काफी कम 0.48 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

# आईपीओ की तरह एनएफओ में निवेश का मौका, परिपक्वता वाले साधन में पैसा लगाने का मौका

**नई दिल्ली ।**

अधिकतर एनएफओ इक्विटी व फिक्स्ड इनकम आधारित है। जैसे-जैसे शेयर बाजार सार्वकालिक उच्च स्तर के करीब पहुंच रहा है, बढ़ते बॉन्ड ब्याज के बीच खुदरा निवेशकों की शेयरों में निवेश करने की दिलचस्पी बढ़ रही है। ऐसे में म्यूचुअल फंड कंपनियां भी इक्विटी और फिक्स्ड इनकम पर आधारित नए फंड ऑफर (एनएफओ) ला रही हैं। कई सारे एनएफओ इस समय खुले हुए हैं। इनके अलावा, दिसंबर के पहले सप्ताह में ही केंद्र सरकार भी अपना प्रसिद्ध भारत बॉन्ड ईटीएफ ला रही है। इस ईटीएफ का प्रबंधन एडलवाइज म्यूचुअल फंड करती है। इसकी पहली किस्त 2019 में जारी हुई थी और इस समय असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 50 हजार करोड़ रुपये है। बीएफसी कैपिटल के खुशाल कोहली कहते हैं कि प्रत्यक्ष रिटर्न और सुरक्षा के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश किया जाता है, जबकि सरकार का भारत बॉन्ड ईटीएफ अपने एएए-रेटेड पोर्टफोलियो के साथ आपको एफडी जैसी सुरक्षा और अनुमानित रिटर्न देता है। एयूएम रिकॉर्ड स्तर पर म्यूचुअल फंड उद्योग का प्रबंधन के तहत संपत्तियां (एयूएम) अक्तूबर में रिकॉर्ड 39.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गईं। सितंबर में यह 38.4 लाख करोड़ थी। इसमें इक्विटी की एयूएम 15.2 लाख करोड़ रहीं।

**परिपक्वता वाले साधन में पैसा लगाने का मौका** - कुछ वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि पिछले वर्ष की तुलना में ब्याज दरों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। निवेशक इस अवसर का उपयोग परिपक्वता वाले साधन में निवेश के जरिये कर सकते हैं। उनको यहां 7.4 से 7.6 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है।



इस समय इक्विटी वाले जो एनएफओ खुले हैं, उनमें एचडीएफसी बिजनेस साइकिल फंड, केनरा रोबेको मिड कैप फंड, व्हाइटओक लार्ज कैप फंड, जेएम मिड कैप फंड और यूनियन मल्टीकैप फंड सहित अन्य फंड हैं।

**सरकार का भारत बॉन्ड ईटीएफ भी दिसंबर में** - ऐसा कोई कारण नहीं है कि आप जल्दी सेवानिवृत्त होने या अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम न हों। सही योजना चुनने से मदद मिलेगी। फ्रीडम एसआईपी यही सुविधा देता है। यह आपके भविष्य को सुरक्षित करने के साथ आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाता है। -राममूर्ति गोयल, संस्थापक, गोयल फिनटेक आईएमएफ

**छोटी कंपनियों में भी निवेश के लिए एनएफओ** - बड़ी कंपनियों और विदेशी बाजारों में पैसा लगाने के अलावा आप छोटी कंपनियों में निवेश करने वाले एनएफओ में भी निवेश कर सकते हैं। इसी सप्ताह महिंद्रा मनुलाइफ स्मॉल कैप फंड भी आ रहा है। यह छोटी कंपनियों में निवेश करेगा। हालांकि, यह भी इक्विटी आधारित फंड ही होगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेस एक्स बैंक ईटीएफ भी खुला हुआ है, जिसमें निवेश कर सकते हैं। कईअन्य एनएफओभी इस सप्ताह खुलने वाले हैं। फ्रीडम एसआईपी...एक नया तरीका आजकल फ्रीडम एसआईपी भी काफी पसंदीदा साधन है। आईप्रू ने इस तरह की सुविधा शुरू की है। यह सुनिश्चित करता है ।

# सोना-चांदी में गिरावटः साढ़े 52 हजार पर आया सोना, फिसलकर 61 हजार के नीचे आई चांदी

**नई दिल्ली ।**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 21 नवंबर को सर्राफा बाजार में सोना 395 रुपए सस्ता होकर 52,558 रुपए पर आ गया है।



**61 हजार के नीचे आई चांदी** - अगर चांदी की बात करें तो इसमें बड़ी गिरावट देखने को मिली है। सर्राफा बाजार में ये 720 रुपए लुढ़ककर 60,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 61,320 रुपए पर बंद हुई थी।

**अपने ऑल टाइम हाई से 3,600 रुपए से ज्यादा सस्ता** - सोना फिलहाल अपने ऑलटाइम हाई से करीब 3,642 रुपए प्रति 10 ग्राम रुपए सस्ता बिक रहा है। अगस्त 2020 में सोना ऑलटाइम हाई पर था। उस वक्त सोना 56,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। वहीं चांदी अपने उच्चतम स्तर से करीब 19,380 रुपए प्रति किलो की दर से सस्ती मिल रही है। चांदी का अब तक का हाई 79,980 रुपए प्रति किलो है।

**आने वाले दिनों में महंगा हो सकता है सोना** - आईआईएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता ने कहा कि दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने का भंडार बढ़ाया है। इससे सोने की डिमांड बड़ी है और इसकी कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। इसके चलते आने वाले दिनों में सोना 54 हजार तक जा सकता है।

# 22 नवंबर को पीएम मोदी देंगे 71 हजार नियुक्ति पत्र, केंद्र के कई विभागों में मिलेगी पक्की नौकरी

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार में मंगलवार को एक साथ 71 हजार युवाओं को पक्की नौकरी का नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 22 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने दीवाली पर भी रोजगार मेले के तहत लगभग 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। केंद्र सरकार का प्रयास है कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाली पड़े पदों को मिशन मोड में डेढ़ साल के अंदर भर दिया जाए। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम हो रहा है।



**दीपावली पर दिए थे नियुक्ति पत्र** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून में केंद्र के सभी मंत्रालयों और विभागों को इस दिशा में काम करने का निर्देश दिया था। दीपावली पर आयोजित हुए रोजगार मेले में देशभर से चयनित युवाओं को नियुक्त पत्र दिया गया था। इनमें समूह-ए, समूह-बी (राजपत्रित), समूह-बी (अराजपत्रित) और समूह-सी की नियुक्तियों के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र बल, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, कनिष्ठ लिपिक (एलडीसी), स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, रेलवे एमटीएस जैसे पद शामिल थे।

रोजगार मेले में केंद्र सरकार के अनेक मंत्री भी शामिल हुए थे। ये मंत्री विभिन्न प्रांतों में पीएम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे। इन्होंने वहां आसपास के युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा था। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा, अनुराग ठाकुर चंडीगढ़, पीयूष गोयल महाराष्ट्र और मनसुख मांडविया गुजरात से रोजगार मेले में शामिल हुए थे। इसके अलावा अन्य केंद्रीय मंत्री और सांसद भी अपने-अपने क्षेत्र में उन युवाओं के बीच रहे थे, जिन्हें नियुक्ति पत्र दिया जाना था।

**नियुक्ति पत्र देने से पहले करेंगे संवाद** - इस बार भी कुछ वैसा ही कार्यक्रम बनाया गया है। पीएम मोदी मंगलवार सुबह दस बजे रोजगार मेला-2 की शुरुआत करेंगे। दूसरे चरण में रायपुर, नई दिल्ली, पणजी, गुरुग्राम, पोर्ट ब्लयेर, विशाखापट्टनम, इटानगर, गुवाहटी, पटना, श्रीनगर, उधमपुर, जम्मू, रांची, हजारीबाग, बैंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, लेह, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, पुणे, नागपुर, इंफाल, शिलांग, आइजोल, दीमापुर, भुवनेश्वर और जालंधर आदि 45 शहर शामिल हैं।

# गलत फॉर्म चुनने का डर होगा खत्म, बचेगा समय

**नई दिल्ली ।**

आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरना सामान्य आयकरदाता के लिए कठिन कार्य माना जाता है। 7 अलग-अलग फॉर्म होने से रिटर्न भरते समय सबसे बड़ी समस्या सही फॉर्म के चयन में आती है। आयकरदाताओं की इस समस्या के सामाधान के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आईटीआर-7 को छोड़कर बाकी सभी फॉर्म को मिलाकर एक कॉमन आईटीआर फॉर्म लाने का प्रस्ताव रखा है। सीबीडीटी ने इस पर 15 दिसंबर, 2022 तक सुझाव मांगा है। उम्मीद है कि 2023-24 के बजट में कॉमन आईटीआर फॉर्म की घोषणा की जा सकती है। यह कम-से-कम चार रिटर्न फॉर्म आईटीआर-2, 3, 5 और 6 की जगह लेगा। आईटीआर-7 फॉर्म पहले की तरह बना रहेगा। कर विशेषज्ञों का कहना है कि इससे रिटर्न भरने में आयकरदाताओं का समय बचेगा। इससे यह मुश्किल भी खत्म हो जाएगी कि उन्हें कौन-सा फॉर्म भरना है। यानी गलत फॉर्म के चुनाव का डर खत्म हो जाएगा। कॉमन आईटीआर फॉर्म को आयकरदाताओं से पूछे गए सवालों के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें 40 या उससे ज्यादा सवाल होंगे, जिनका जवाब 'हां' या 'नहीं' में देना होगा। अगर जवाब 'हां' हुआ तो इससे जुड़े सवाल



आयकरदाता से पूछे जाएंगे। जवाब 'नहीं' में होने पर इससे जुड़े सवाल दिखाई नहीं देंगे। प्रस्ताव के अनुसार, ट्रस्ट और एनजीओ को छोड़कर सभी आयकरदाता कॉमन आईटीआर फॉर्म का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसका मकसद व्यक्तियों और गैर-कारोबारी करदाताओं के लिए रिटर्न भरने में लगने वाले समय को कम करना है। इसके अलावा, नए फॉर्म में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स यानी क्रिप्टोकरेंसी से हुए मुनाफे और विदेश भेजी गई रकम की जानकारी देने के लिए भी एक अलग स्थान होगा। आईटीआर-1 (सहज) : छोटे व मझोले करदाताओं के लिए है। 50 लाख तक सालाना आय वाले इसे भर सकते हैं। यह वेतन, संपत्ति या दूसरे स्रोत (ब्याज आदि) से हुई कमाई के लिए होता है। आईटीआर-2 : अगर आपकी आय में आवासीय संपत्ति से प्राप्त कमाई शामिल है तो यह फॉर्म भर सकते हैं। आईटीआर-3 : जिन लोगों को व्यापार या पेशे से आमदनी होती है, उन्हें यह भरना होता है। आईटीआर-4 (सुगम) : इसका इस्तेमाल 50 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार और फर्म करते हैं। आईटीआर-5 और 6 : सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी) एवं कारोबारों की ओर से भरा जाता है।

# गोविंदा नाम मेरा को लेकर चर्चा में विक्की कौशल

## -माधुरी संग रोमांस करते आए नजर




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म गोविंदा नाम मेरा को लेकर चचाओं में है। इस फिल्म में वे धक-धक गर्लस माधुरी दीक्षित संग रोमांस करते हुए नजर आएंगे। विक्की के साथ कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर की पहली झलक देखने के बाद फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार करने लगे हैं। करण जौहर के होम प्रोडक्शन की फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर कर दिया गया है। ये फिल्म 16 दिसंबर को सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। इसी बीच, विक्की सोशल मीडिया पर माधुरी दीक्षित के साथ रोमांटिक वीडियो शेयर करके सोशल मीडिया पर छा गए हैं। विक्की और माधुरी का ये वीडियो देखते ही देखते वायरल होने लगा।दरअसल, विक्की कौशल ने इंस्टाग्राम पर माधुरी दीक्षित के साथ एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में विक्की व्हाइट कलर के कोट-पैंट और प्रिंटेड शर्ट में डैशिंग लग रहे हैं, जबकि माधुरी पिंक कलर के शरारा कुर्ती में बला की खूबसूरत लग रही हैं। इतना ही नहीं, इस वीडियो में विक्की अपनी बरसों पुरानी मुराद पूरी करते नजर आ रहे हैं। माधुरी के साथ विक्की मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद का टुकड़ा रहता है गाने पर झूम झूम कर रोमांटिक अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर कर विक्की ने कैप्शन में लिखा माया! फॉरएवर फेवरेट माधुरी दीक्षित। विक्की कौशल और माधुरी दीक्षित को फ्लोर पर डांस करते देख फैंस जमकर प्यार लुटाते हुए उन्हें क्यूट बता रहे हैं।

# अथिया और राहुल की शादी जल्द ही होगी: शेट्टी

## -इससे पहले भी एक्टर कह चुके हैं यह बात





**मुंबई (ईएमएस) ।** हाल ही में बालीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने अपनी बेटी अथिया शेट्टी के विवाह के बारे में में कहा है कि अथिया और केएल राहुल की शादी जल्द होगी। वैसे यह पहला मौका नहीं जब सुनील शेट्टी ने यह जवाब दिया है। इससे पहले भी वह यह बात कह चुके हैं। एक ताजा इवेंट में, सुनील शेट्टी ने बेटी की शादी पर जवाब दिया, जल्दी होगी... अथिया और केएल राहुल ने अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया, जब वह साल 2021 में अपने अथिया के भाई अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प के प्रीमियर में शामिल हुए थे। अथिया और केएल ने मीडिया के सामने जमकर पोज भी दिए थे. सोशल मीडिया पर भी बी-टाउन का ये कपल एक-दूसरे के लिए प्यार जाहिर करने में पीछे नहीं रहता है। इसके अलावा सुनील शेट्टी भी होने वाले दामाद राहुल के क्रिकेट मैचों में जरूर पहुंचते हैं। यह पहली बार नहीं है जब सुनील ने अथिया और केएल राहुल की शादी के बारे में बात की है। इस साल की शुरूआत में, जब उनसे बेटी की शादी के बारे में पूछा गया था, तो सुनील ने कहा था, मुझे लगता है कि जैसे ही बच्चे फैसला करेंगे तभी हो पाएगा। अभी राहुल के पास बहुत काम है, एशिया कप है, वर्ल्ड कप है, साउथ अफ्रीका टूर है, ऑस्ट्रेलिया टूर है, जब बच्चों को ब्रेक मिलेगा तब शादी होगी। एक दिन में शादी नहीं हो सकती ना? बहरहाल, सुनील शेट्टी ओटीटी पर डेब्यू कर चुके हैं, उनकी पहली वेब सीरीज धारावी बैंक 19 नवंबर को एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हो चुकी है। इस सीरीज में उनके साथ विवेक ओबेराय नजर आ रहे हैं, जिन्होंने अपने किरदार के लिए 10 किलो वजन बढ़ाया है। बता दें कि भारतीय सिनेमा, हिन्दी सिनेमा में, अन्ना के नाम से ख्यात अभिनेता सुनील शेट्टी इन दिनों अपनी पहली वेब सीरीज धारावी बैंक को लेकर खासी चचाओं में हैं। 19 नवम्बर से ओटीटी प्लेटफार्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हुई इस सीरीज को दर्शकों ने खासा पसन्द किया है।

# फिल्म फ्रेडी को लेकर बिजी है कार्तिक

## -कार्तिक के हाथ लगी एक और बड़ी फिल्म



**मुबंई (ईएमएस)।** बालीवुड कलाकार कार्तिक आर्यन फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म फ्रेडी को लेकर बिजी हैं। इसी बीच खबर है कि कार्तिक के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। वह डायरेक्टर कबीर खान की एक अपकमिंग अनटाइटल फिल्म में बॉक्सर की भूमिका निभाएंगे। बताया जा रहा है कि कार्तिक इस फिल्म के काफी एक्साइटेड हैं और वह इस फिल्म को निभाने के लिए राहुल भट्ट स्पेशल ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। रिपोर्ट में आगे सूत्रों का हवाला देते हुए बताया गया है कि, कार्तिक आर्यन फिल्म में एक बॉक्सर के रूप में नजर आएंगे और इसके लिए उनका लुक भी बीफ होगा। मतलब साफ है कि आने वाली इस फिल्म में आपको दुबले-पतले कार्तिक देखने को नहीं मिलेंगा। सूत्र ने बताया, कार्तिक के लिए यह एक बड़ी चुनौती होने जा रही है। उन्हें एक बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए एक भारी-भरकम शरीर की जरूरत होगी। कार्तिक आर्यन को अपनी पूरी काया और बॉडी लैंग्वेज को बदलना होगा। ऐसे में कार्तिक ने राजकोट में राहुल भट्ट के तहत ट्रेनिंग शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म साजिद नाडियाडवाला के साथ कार्तिक की दूसरी फिल्म होगी। इस फिल्म के पहले कार्तिक उनके साथ सत्यप्रेम की कथा कर रहे हैं। सत्यप्रेम की कथा शूटिंग शेड्यूल आखिरी मोड पर है।

बताया जा रहा है कि फिल्म भूल भुलैया 2 की सफलता के बाद से साजिद नाडियाडवाला कार्तिक से बहुत खुश हैं। बता दें कि कार्तिक राजकोट में ही कियारा आडवाणी के साथ सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग कर रहे हैं। सूत्र ने आगे कहा, राहुल भट्ट ने पहले आमिर खान को दंगल के लिए प्रशिक्षित किया था। एक पहलवान के रूप में आमिर खान के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन को ध्यान में रखते हुए कबीर खान ने कार्तिक के लिए राहुल भट्ट को चुना है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक आर्यन के अगले अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। फिल्म साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन और कबीर खान द्वारा बनाई बन रही है। इस फिल्म को 83, स्त्री और द फैमिली मैन के डायलॉग लिखने वाले सुमित अरोड़ा ने लिखा है। जाहिर है, कबीर, कार्तिक और साजिद स्क्रिप्ट से बहुत खुश हैं और उनका मानना है कि एड्रेनालाईन रश देने के लिए यह सही कहानी साबित होगी।

# धर्मेंद्र को याद आए डॉ परिमल



ब्लॉकबस्टर फिल्म 'चुपके चुपके' में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने डॉ परिमल त्रिपाठी के चरित्र निभाया था। इस रोल को याद करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने फिल्म में एक चौकीदार के रूप में खुद को छिपाने के लिए बंदर की टोपी और स्वेटर पहना था। 'इंडियन आइडल 13' के प्रतियोगी शिवम सिंह की 1977 की फिल्म 'धरम-वीर' में जीनत अमान अभिनीत 'ओ मेरे महबूबा' के गायन को देखने के बाद, उन्होंने उनके प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की और साथ ही उनके लुक ने उन्हें उनकी एक ब्लॉकबस्टर फिल्म 'चुपके चुपके' में उनकी ड्रेसिंग स्टाइल की याद दिला दी। उन्होंने कहा, "फिल्म में शर्मिला (टैगोर) जी के साथ एक द्रश्य था, जहां मैं परिमल (त्रिपाठी) की भूमिका निभा रहा था। मेरा लुक वैसा ही था, जैसा शिवम ने आज पहना है। परिमल त्रिपाठी का एक खास तरह का किरदार है और वह चेहरे के कुछ भाव बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।"इसे जोड़ते हुए, जज और गायक हिमेश रेशमिया ने कहा, ""चुपके चुपके' एक प्रतिष्ठित फिल्म है! यह एक ऐसी फिल्म है जिसे हम सभी ने 100 से अधिक बार देखा है।" सिंगिंग रियलिटी शो को नेहा कक्कड़, हिमेश रेशमिया और विशाल ददलानी जज करते हैं। यह सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# एन एक्शन हीरो फिल्म के प्रमोशन में बिजी है आयुष्मान

## -चंडीगढ़ करे आशिकी खराब कलेक्शन पर भी की बातें



**मुबंई (ईएमएस) ।** बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना आजकल एन एक्शन हीरो फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म के प्रमोशन के बीच एक्टर ने अपनी फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी खराब बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में बातें की। इस फिल्म में वाणी कपूर बतौर लीड एक्ट्रेस थीं। फिल्म बॉक्स पर बुरी तरह फ्लॉफ साबित हुई थी। इस साल आयुष्मान को फिल्म अनेक और डॉक्टर जी में देखा गया। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। आयुष्मान खुराना ने ओटीटी प्ले से बात करते हुए अपनी फिल्में के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉफ होने पर चुप्पी तोड़ी। रिपोर्ट के अनुसार, एक सवाल का जवाब देते हुए एक्टर ने कहा, हमारा भारत एक होमोफोबिक देश है। मैने ऐसी फिल्मों से अपने करियर की शुरूआत की जिनपर ज्यादातर एक्टर काम करना पसंद नहीं करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा बिजनेस नहीं कर सकीं। इसकी असली वजह ये है कि हमारा देश अभी तक होमोफोबिक सोच में डूबा हुआ है। आयुष्मान खुराना ये समझाते हुए आगे कहा कि अगर वह अपनी जगह काफी जिद्दी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अगर मैने रिस्क लेना छोड़ दिया तो दूसरों की तरह रूढ़ हो जाउंगा क्योंकि मुझे हमेशा से एकतरफा रहना ही पसंद है। मैं हिट या फ्लॉप की चिंता किए बिना उन प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहता हूं जिन्हें फ्यूचर में ले जाना सही है और मैं हमेशा उन्हीं सीमाओं को आगे धकेलता रहता हूं। हालांकि मेरी फिल्में काफी कम बजट की होती हैं जिनके फ्लॉप होने पर बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होता है। इसलिए मैं रिस्क लेने से नहीं भागता। बता दें कि आयुष्मान खुराना को हाल ही में रिलीज हुई डॉक्टर जी फिल्म में देखा गया था। अब आने वाले दिनों वह एन एक्शन हीरो में एक्शन करते हुए देखे जाएंगे। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है।

# दृश्यम-2 की बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरूआत




बालीवुड एक्टर अजय देवगन और तब्बू की फिल्म दृश्यम-2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शरूआत की है। इससे लगातार असफल होती हिन्दी फिल्मों को कुछ राहत प्रदान मिली है। चालू साल की दूसरी बड़ी ओपनिंग अपने नाम करते हुए स्वयं को दूसरे दिन भी सही साबित किया। पहले दिन 15.38 करोड़ का कारोबार करने वाली दृश्यम-2 ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 45 प्रतिशत की उछाल लेते हुए अपने कारोबार को 21.59 करोड़ तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त की है। ब्रह्मास्त्र (37 करोड़) के बाद ओपनिंग डे पर इतनी बड़ी शरूआत करने वाली यह इस वर्ष की बॉलीवुड की दूसरी फिल्म है। इससे पहले कार्तिक आर्यन की भूल-भुलैय्या-2 ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 14.58 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी।

दृश्यम-2 के रविवार के कारोबार को लेकर यह कहा जा रहा है कि 3रे दिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगभग 25 करोड़ का कारोबार करने में सफल होगी। यदि ऐसा होता है कि तो यह इस वर्ष की दूसरी ऐसी फिल्म होगी जो अपने पहले वीकेंड में ही बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ के आंकड़े को छूने में सफल होगी। उम्मीद की जा रही है कि रविवार तक इसका कारोबार 60 करोड़ तक पहुँचने में सफल होगा।

# 'यशोदा' की सफलता से अभिभूत समांथा

फिल्म 'यशोदा' की सफलता से अभिभूत अभिनेत्री समांथा रूथ प्रभु ने समर्थन के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, "प्रिय दर्शकों यशोदा के लिए आपकी प्रशंसा और प्यार सबसे बड़ा उपहार और समर्थन है जो मैं कभी भी मांग सकती थी। मैं खुशी और कृतज्ञता से अभिभूत हूं। फिल्म की सफलता से अभिभूत अभिनेत्री समांथा रूथ प्रभु ने एक धन्यवाद नोट लिखा और कहा कि उनकी फिल्म को मिल रहे प्यार से वह सातवें आसमान पर हैं। आपकी सीटी सुनना और सिनेमाघरों में जश्न देखना इस बात का सबूत है कि सभी यशोदा की पूरी टीम ने जो मेहनत की वह सब के लायक थी।""मैं सातवें आसमान पर हूं।

मैं इस अवसर पर उन सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं, जो यशोदा के निर्माण में शामिल थे। मैं इस परियोजना के साथ मुझ पर भरोसा करने के लिए विशेष रूप से निमार्ता कृष्ण प्रसाद गारू को धन्यवाद देना चाहती हूं।" अभिनेत्री ने फिल्म के निर्देशक और सह-कलाकारों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, "और मैं निर्देशकों, हरि और हरीश की भी आभारी हूं, जिनके साथ काम करना एक परम आनंद रहा है।

# म्यूजिक वीडियो की शूटिंग फिल्म से कम नहीं : गुरमीत



एक नए गाने 'दिल जिससे जिंदा है' के लिए अभिनेता गुरमीत चौधरी और जियोर्जिया एंड्रियानी ने हाथ मिलाया है। यह गाना बीते दिनों रिलीज हो चुका है। गाने के बारे में बात करते हुए, गुरमीत ने कहा, "इस म्यूजिक वीडियो की शूटिंग किसी फिल्म की शूटिंग से कम नहीं थी - इसकी एक मनोरंजक कहानी है। इसमें जुनून, प्यार, एक्शन, हर मोड़ पर ट्विस्ट और टर्न हैं। मेरे पास 'दिल जिसे जिंदा है' पर काम करने का एक अद्भुत अनुभव था।" इवान द्वारा निर्देशित, ट्विस्ट और टर्न के साथ दिए गए संगीत वीडियो में गुरमीत चौधरी एक स्टाइलिश और आकर्षक लुक में जियोर्जिया एंड्रियानी के कामुक डांस मूव्स के साथ हैं। इस गाने को म्यूजिक कंपोजर जोड़ी मीत ब्रदर्स ने कंपोज किया है। गीत की रिलीज के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने कहा, "ट्रैक खूबसूरती से बना है। यह गजल, कव्वाली और सूफी का एक अद्भुत मिश्रण है और हमने ट्रैक को पूरा करने के लिए उन उपकरणों का उपयोग किया है - जुबिन नौटियाल ने गीत पर एक अद्भुत काम किया है। गायक और दर्शक इसे पसंद करने वाले हैं।"

## सूडोकु नवताल- 6259

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6258 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्दजाल - 7006

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | ह | आ | ल | म | आ | रा | म |
| ग | खु | क | दू | म | जी | ने | शि | या | ड़ | द |
| ले | पी | जा | क | दि | ग | बा | द | ह | प | र |
| आ | ग | ए | रा | ल | दे | व | दा | स | लि | इं |
| ज | आ | रा | ल | दे | ब्लै | ला | कि | यो | प | डि |
| म | इ | वा | मो | चु | प | क | शी | ह | गी | या |
| न | अ | ल | रा | के | मा | जो | न | व | प | क्ति |
| क | रि | ल | र | स | र | प्या | सा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | बे | न | न | ज | जी | व | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | म | व | शि | का | री | क्त | ल |
| बां | दो | बी | घा | ज | मी | न | स | सु | रा | ल |

*शब्दजाल में दस बेहतरीन फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

मदर इंडिया,दो बीघा जमीन, आवारा, प्यासा, वक्त, आलमआरा,मुगले आजम, देवदास, हम दिल दे चुके सनम, ब्लैक,

### शब्दजाल - 7005 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | व | द्री | ना | थ | य | ऋ | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | षि | ह | कां | गं |
| वि | स | की | वै | को | ह | रा | के | ल | ख | गो |
| के | स | स | क | ष्णो | वा | ज | ष | ह | श | त्री |
| दा | आ | र | ग | स | दे | ना | तू | रि | झ | प |
| र | ल | ला | र | दि | म | वी | ती | द्वा | घ | रिं |
| ना | व | का | शी | प | बा | ज | र | र | ना | थ |
| थ | वा | ई | द | ब | र्ड | डू | ए | श | सि | मी |
| ड | ल | अ | म | र | ना | थ | ग | शी | क | र |
| गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द | वि |
| वा | रा | ण | सी | क्षी | डि | त | ब | प | म | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5959

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 3 | | 7 | |
| | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | | 2 | | 5 | | |
| | 29 | | 33 | | 37 | 3 |
| 4 | | 1 | 6 | | | 7 |
| | 30 | | 32 | | 34 | |
| | 5 | | | 1 | 2 | 4 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5958 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 25 | 6 | 33 | 6 | 41 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# लाडी की बदौलत जीता जालंधर क्रिकेट क्लब रोमांचक मुकाबले में 13 ओवर में बनाए 136 रन

**जालंधर।**

पीएपी खेल मैदान में सीरीज का पहला मैच जालंधर क्रिकेट क्लब व एआरपी के बीच खेला गया। एआरपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में दस विकेट पर 135 रन बनाए। जालंधर क्लब बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी तो 13 ओवर में 136 रन बनाकर मैच जीत लिया। लाडी ने 79 रन, वरिंदर ने 52 रनों का योगदान दिया। लाडी को मैन आफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

**सुभाष की बदौलत जीता राजा साहिब क्लब** – डीसी व राजा साहिब क्रिकेट क्लब के बीच मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया। डीसी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में 118 रन बनाए। राजा साहिब की तरफ से सुभाष ने तीन विकेट हासिल किए। राजा साहिब बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी तो 13.5 ओवर में 119 रन बनाकर मैच जीत लिया। शिल्पी ने 71, लाल चंद ने 20 रनों का योगदान दिया। सुभाष को मैन आफ दल मैच के खिताब से नवाजा गया।

**वरूण की बदौलत ईगल क्लब को मिली जीत** – गांव धीना के खेल मैदान में ईगल व प्रदीप क्रिकेट क्लब के बीच मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया। प्रदीप इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में दस विकेट पर 129 रन बनाए। ईगल क्लब की तरफ से साहिल ने दो, वरुण ने दो, कमल ने दो, सन्नी ने दो, गगन ने एक विकेट हासिल किया।

बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी ईगल क्लब ने 13.3 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। वरूण ने 60, गावस्कर ने 35 नाबाद रनों का योगदान दिया। वरुण को मैच आफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। सभी इस दौरान काफी खुश नजर आए।

**लक्की व विक्की की बदौलत जीता कबीरा क्लब** – जालंधर हाइट्स के नजदीक खेल मैदान में कबीरा क्रिकेट क्लब व एपी वारियर्स के बीच मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया। एपी वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में 208 रन बनाए। कबीरा क्लब की तरफ से लक्की ने तीन, गोरा ने एक, संजू ने एक, संजय ने एक व अरूण ने एक विकेट हासिल किया।

कबीरा क्लब बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी तो 19.1 ओवर में चार विकेट पर 211 रन बनाकर मैच जीत लिया। लक्की ने नाबाद 81 रन, विक्की ने नाबाद 61 व संजय ने 28 रनों का योगदान दिया। कबीरा क्लब ने छह विकेट से मैच जीत लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### फुटबॉल मैच फिक्सिंग मामले में सीबीआई ने प्राथमिक जांच दर्ज की, एआईएफएफ से भी की थी पूछताछ




**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित फुटबॉल फिक्सिंग मामले में प्राथमिक जांच दर्ज कर ली है। दरअसल, भारत के क्लब फुटबॉल में मैच फिक्सिंग का मामला उठा था। सीबीआई को एक अंतरराष्ट्रीय फिक्सर के बारे में जानकारी मिली थी, जिसने शेल कंपनियों के माध्यम से कम से कम पांच भारतीय फुटबॉल क्लबों में कथित तौर पर बड़ी रकम का निवेश किया था। इसके बाद फुटबॉल मैचों में मैच फिक्सिंग की जांच करने के लिए सीबीआई ने यह कदम उठाया है। यह पहली बार है जब भारतीय फुटबॉल में फिक्सिंग इतना खुलकर सामने आई है। सीबीआई ने हाल ही में दिल्ली स्थित अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मुख्यालय का दौरा किया था और फुटबॉल में कथित मैच फिक्सिंग के संबंध में क्लबों और उनके निवेश के बारे में अधिक जानकारी मांगी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंगापुर स्थित मैच फिक्सर विल्सन राज पेरुमल, जो पहली बार 1995 में सिंगापुर में मैच फिक्सिंग के लिए जेल गया था और फिनलैंड और हंगरी में भी दोषी ठहराया गया था, इस मामले के पीछे है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उसने लिविंग 3डी होल्डिंग्स लिमिटेड के जरिए भारतीय क्लबों में निवेश किया था। हालांकि, यह भी जानकारी मिली है कि फिक्सर इससे पहले ओलंपिक, विश्व कप क्वालीफायर, महिला विश्व कप, गोल्ड कप और अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस सहित अन्य प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों से भी जुड़ा रहा है। एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा है कि एआईएफएफ मैच फिक्सिंग को कतई बर्दाश्त नहीं करता है और हमने क्लबों को जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। शाजी ने कहा– फिक्सर से जुड़ी शेल कंपनियों द्वारा किए गए निवेश को लेकर चिंताएं हैं।

### 23 साल के कैस्पर रूड को हराकर 35 साल के जोकोविच छठी बार बने चैंपियन, फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की




**ट्युरिन।** सर्बिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने छठी बार एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया है। उनहोंने इटली के ट्युरिन में खेले गए फाइनल मुकाबले में नॉर्वे के कैस्पर रूड को 7-5, 6-3 से हराकर टाइटल जीता। उन्होंने छह एटीपी फाइनल्स टाइटल जीतने के साथ ही स्विट्जरलैंड के पूर्व महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच ने सात साल बाद यह खिताब अपने नाम किया है। इससे पहले उन्होंने 2008, 2012, 2013, 2014 और 2015 में भी यह खिताब जीता था। यह टाइटल जीतने के साथ ही जोकोविच इस सीजन में अजेय रहे। साथ ही उन्हें टेनिस का सबसे बड़ा पे-चेक भी मिला। उन्हें 38.78 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिले। अब अगले सीजन की शुरुआत जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के साथ करेंगे।

### फीफा वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने कतर पहुंचे उपराष्ट्रपति, ओपनिंग सेरेमनी में भी नजर आए



**दोहा।** फीफा वर्ल्ड कप का आगाज हो चुका है। ओपनिंग सेरेमनी के साथ ही फुटबॉल के सबसे बड़े उत्सव की शुरुआत हो गई। इस फीफा वर्ल्ड कप का हिस्सा भारत भी बना। दरअसल, फीफा ने भारत को भी ओपनिंग सेरेमनी का हिस्सा बनने का न्योत भेजा था। ऐसे में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने ओपनिंग सेरेमनी में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह फिलहाल दो दिन के दौरे पर दोहा में हैं। उन्हें कतर के एमिर शेख तमिम बिन हमाद अल थानी ने न्योता भेजा था। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा– उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ फीफा विश्व कप कतर 2022 के उद्घाटन में कतर के एमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ शामिल हुए।

# हरियाणा स्कूल गेम्स 25 से, अंडर 11 में प्रतियोगिताओं के लिए मैदान में उतरेंगे खिलाड़ी



**अंबाला।**

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल अंडर 14, 17 व 19 गेम्स का आयोजन तो कर लिया गया है, लेकिन अब अंडर 11 स्कूल गेम्स के आयोजन को लेकर तैयारी की है। इसके लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अंबाला ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को लेटर जारी कर दिया है। इसके तहत 25 नवंबर से इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है, जबकि 30 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पूरा करवाना है। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

इस संबंध में 22 नवंबर को आयोजन कमेटी की बैठक होगी। दूसरी ओर स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसजीएफआइ) द्वारा करवाए जाने वाले स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन इस बार फिर से नहीं होगा। लगातार तीसरे साल यह आयोजन खटाई में पड़ गया है।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग द्वारा अंडर14,17 व 19 आयु वर्गों में ब्लाक से लेकर जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन तो करवा दिया गया, लेकिन स्कूल अंडर 11 के खिलाड़ियों की प्रतियोगिताओं को तीन बार टालना पड़ा। अब इसको लेकर जिला स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने इसके लिए खंड स्तर पर लेटर जारी किया है।

इसके तहत 25 नवंबर से ब्लाक स्तर पर अंडर 11 में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर पर प्रतियोगिताएं होंगी, जिसका आयोजन 30 नवंबर तक पूरा करवाया जाना है। ब्लाक स्तर पर खेल आयोजन को लेकर जिसको जिम्मेदारी सौंपी हैं, उनकी 22 नवंबर को बैठक होगी। अंबाला ब्लाक वन में राजकीय विद्यालय मटेहड़ी शेखां, अंबाला ब्लाक टू में राजकीय उच्च विद्यालय कलरहेड़ी, साहा ब्लाक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहा, बराड़ा ब्लाक में राजकीय उच्च विद्यालय सरकपुर, शहजादपुर ब्लाक में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर, नारायणगढ़ ब्लाक में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारायणगढ़ को जिम्मेदारी दी गई है। जिला स्तर पर यह जिम्मेदारी राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर सरसेहड़ी व राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नन्यौला को दी है।

# ईरान-इंग्लैंड में भिड़ंत, नीदरलैंड की टक्कर सेनेगल से और वेल्स के सामने होगा अमेरिका




**दोहा।**

इंग्लैंड की टीम जब ग्रुप बी में फीफा विश्वकप के मैच में ईरान का सामना करेगी तो वह ईरान को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी। इस मैच में जीत का दावेदार इंग्लैंड को माना जा रहा है और कोच गैरेथ साउथगेट की टीम इस मैच को बड़े अंतर से अपने नाम करना चाहेगी, लेकिन ईरान के पास उनके कोच कार्लोस क्वीरोज हैं जो सर एलेक्स फर्ग्यूसन के सहायक कोच रह चुके हैं। क्वीरोज अपनी टीम को यहां तक लेकर आए हैं और वह बड़ी टीमों पर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।

## हैरी केन पर सबकी नजर

इंग्लैंड को अपने स्टार कप्तान हैरी केन से अच्छे प्रदर्शन की आस रहेगी जो क्वालिफार्फिंग राउंड में 12 गोल किए थे। वहीं, ईरान को सरदार अजमून से अच्छे प्रदर्शन की आस होगी जिन्होंने क्वालिफाईंग राउंड में 10 गोल दागे थे। क्वीरोज का यह लगातार चौथा विश्वकप है। वह 2010 में दक्षिण अफ्रीका में पुर्तगाल के कोच रहे थे। इसके अलावा उन्होंने 2014 और 2018 में ईरान के कोच की भूमिका निभाई थी।

## जीत के साथ वापसी चाहेंगे अमेरिका और वेल्स

अमेरिका और वेल्स की टीमें लंबे अंतराल के बाद विश्वकप में खेलने के लिए तैयार हैं। दोनों टीमें यहां विश्वकप के ग्रुप-बी मैच में उतरेंगी तो जीत के साथ ही अपनी वापसी का जश्न मनाएंगी। वेल्स की टीम ने विश्वकप तक पहुंचने के लिए लंबा सफर तय किया है और कोच रॉब पेज की यह टीम 1958 के बाद इस टूर्नामेंट में पहली बार खेलने उतरेंगी वहीं, अमेरिका ने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए इतना लंबा इंतजार तो नहीं किया है, लेकिन यह टीम 2018 के बाद टूर्नामेंट में खेल रही है। अमेरिका के कोच ग्रेग बरहाल्टर ने टूर्नामेंट के लिए नए कप्तान की घोषणा कर दी। टीम के नए कप्तान 23 वर्षीय टायलर एडम्स हैं। वह अमेरिका के सबसे युवा कप्तान भी हैं। अमेरिका को अपने स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियन पुलिसिक से दमदार प्रदर्शन की आस रहेगी। वहीं, वेल्स के गोल का भार स्टार फॉरवर्ड गेरेथ बेल के कंधों पर होगा। वेल्स को पिछले तीन मैचों में हार का सामना भी करना पड़ा है।

# तीसरा टी-20 नहीं खेलेंगे विलियमसनः टिम साऊदी संभालेंगे टीम की कमान; चैपमैन को वापस बुलाया

**नई दिल्ली।**

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन टीम इंडिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला नहीं खेलेंगे, क्योंकि उन्हें पहले से तय एक मेडिकल अपॉइंमेंट में हिस्सा लेना है। उनकी गैरमौजूदगी में नेपियर में होने वाले इसे मुकाबले में अनुभवी गेंदबाज टिम साऊदी टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि बतौर खिलाड़ी मार्क चैपमैन टीम का हिस्सा होंगे।

कीवी कोच गैरी स्टड ने यह जानकारी दी। स्टड ने कहा– केन काफी समय से इस मेडिकल अपॉइमेंट को बुक करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह हमारे शेड्यूल के हिसाब से तय नहीं हो पाया। हमारे लिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। हम ऑकलैंड में उन्हें खेलते देखने के लिए उत्सुक हैं। वे ऑकलैंड में शुक्रवार को होने वाले पहले वनडे मैच की बात कर रहे थे। टीम को टी-20 के बाद 3 मुकाबलों की वनडे सीरीज भी खेलनी है।

कोच ने यह भी साफ किया– इस मेडिकल अपॉइमेंट का विलियमसन की कोहनी की पुरानी चोट से कोई लेना देना नहीं है। वे चैपमैन की वापसी पर कहते हैं– टी-20 वर्ल्ड कप और ट्राई सीरीज में खेलने के बाद मैं चैपमैन के टीम में वापस आने को लेकर उत्साहित था।

**विलियमसन ने जमाया अर्धशतक** – दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने



52 बॉल पर 61 रन बनाए। वे सीरीज के सेकंड टॉप स्कोरर हैं। 93 मिनट की पारी में विलियमसन ने 4 चौके और 2 छक्के जमाए।

**सीरीज में 1-0 की बढ़त पर है भारत, टीम इंडिया 3 टी-20 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त पर है।**

**पहला मैच :** बारिश के कारण रद्द हुआ।

**दूसरा मैच :** टीम इंडिया ने 65 रन से जीता।

**सूर्यकुमार ने जमाया दूसरा शतक** – भारतीय टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में 65 रन से हराया। उसने पहले तो सूर्यकुमार यादव (111 रन*) के दूसरे टी-20 इंटरनेशनल शतक के सहारे 191 रन बनाए। फिर मेजबान टीम को 126 रन पर ऑलआउट हो गई। सबसे ज्यादा 4 विकेट दीपक हुड्डा ने लिए।

# फीफा वर्ल्ड कप के बीच कतर पहुंचा भगोड़ा जाकिर नाइक : खेल के बहाने इस्लामिक प्रचार करेगा; फुटबॉल फैंस को देगा उपदेश

**दोहा।**

भारत में मनी लॉन्ड्रिंग और जहरीले भाषण देने के आरोपी जाकिर नाइक को कतर की सरकार ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के दौरान इस्लामिक उपदेश देने के लिए बुलाया है। गिरफ्तारी के डर से भारत से फरार होने के बाद इंडोनेशिया से संगठन चला रहा नाइक कतर पहुंच भी चुका है। कतर के सरकारी स्पोर्ट्स चैनल अलकास के टेलीविजन प्रेजेंटर अल्हाजरी ने बताया है कि नाइक फुटबॉल फैंस को उपदेश देगा।



दरअसल, फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन पहली बार मुस्लिम देश में हो रहा है। एक्सपर्ट इसे इस्लामिक प्रचार के टूल्स के रूप में देख रहे हैं। कतर ने ही विवादित भारतीय चित्रकार एमएफ हुसैन को शरण दी थी। नूपुर शर्मा विवाद में भी कतर विरोध जताने वाले देशों का स्वयंभू नेतृत्व कर रहा था। कुछ दिन पहले कतर सरकार ने 558 फुटबॉल फैंस के इस्लाम कबूल करने का प्रचार किया था।

## जाकिर नाइक अभी क्यों चर्चा में है

भारतीय गृह मंत्रालय ने 17 नवंबर को जाकिर नाइक के एनजीओ इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर 5 साल के लिए बैन लगाया था, जो 17 नवंबर को खत्म होने वाला था। बैन खत्म होने वाले दिन ही सरकार ने बैन की अवधि 5 साल बढ़ा दी है। यानी अब 2026 तक इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर बैन लगा रहेगा।

## एनजीओ पर बैन क्यों बढ़ाया गया

सरकार ने बैन बढ़ाने के पीछे कहा है कि इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन ऐसी गतिविधियों में शामिल है जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इससे देश की शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और धर्मनिरपेक्षता पर खतरा है।

साथ ही गृह मंत्रालय ने कहा कि नाइक के बयान आपत्तिजनक और विध्वंसक हैं और उनके जरिए वह धार्मिक समूहों के बीच नफरत को बढ़ावा दे रहा है। नाइक भारत और विदेशों में एक खास धर्म के युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## बैन क्यों लगाया गया था वो भी जान लीजिए

जुलाई 2016 में बांग्लादेश की राजधानी ढाका में 5 आतंकियों ने एक हमले को अंजाम दिया था, जिसमें 29 लोग मारे गए थे। इस घटना की जांच में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया उनमें से एक ने बताया था कि वो जाकिर नाइक के भाषणों से प्रभावित है। इसके बाद मुंबई पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने मामले की जांच की।

वनडे इतिहास की सबसे बड़ी पारी

# जगदीशन ने बनाए 277 रन, रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा; पहली बार 50 ओवर में 500 रन बने

**नई दिल्ली।**

**तमिलनाडु के बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने लिस्ट-ए क्रिकेट में ऐतिहासिक पारी खेली है। 26 साल के जगदीशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 277 रन ठोंक दिए हैं। यह वनडे और लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा है। बेंगलुरू में जगदीशन की पारी की बदौलत तमिलनाडू की टीम ने 506/2 रन का स्कोर खड़ा किया। वनडे मुकाबले में पहली बार 500 से ज्यादा रन बने।**



इससे पहले इंग्लैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ 498 रन बनाए थे।

## पिछली पांच पारियों में 5 सेंचुरी

विजय हजारे ट्रॉफी के इस सीजन में जगदीशन के बल्ले से खूब रन बन रहे हैं। वे पिछली 5 पारियों में लगातार 5 शतक जमा चुके हैं। इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी कुमार संगाकारा का रिकॉर्ड तोड़ा है।

## अब देखिए जगदीशन की पारी

जगदीशन ने 141 गेंदों की पारी में 196.45 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने 141 गेंद में 25 चौके और 15 छक्के जमाए हैं।

## कौन हैं नारायण जगदीशन

नारायण जगदीशन तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। वे ओपनिंग करते हैं। जगदीशन इंडियन प्रीमियर लीग में भी चेन्नई के लिए 7 मैच खेल चुके हैं। इनमें उनके नाम सिर्फ 73 रन है। उन्होंने अब तक 41 लिस्ट-ए मैच में 45 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं।

## क्या होता है लिस्ट-ए क्रिकेट

लिस्ट-ए मैच क्रिकेट के सीमित ओवर (एक दिवसीय) का एक प्रारूप है। लिस्ट-ए क्रिकेट के खेल में ओवरों की सीमा 40 से 60 ओवर तक हो सकती है। लिस्ट-ए क्रिकेट में वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट, सीमित ओवरों के घरेलू क्रिकेट और वो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भी शामिल हैं, आधिकारिक (वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट) का दर्जा नहीं मिला है।

अधिकांश क्रिकेट खेलने वाले देशों में लिस्ट-ए क्रिकेट के अलग-अलग रूप हैं, जैसे भारत में विजय हजारे ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी। इसी तरह इंग्लैंड में रॉयल लंदन वन-डे कप और ऑस्ट्रेलिया में जेएलटी वन-डे कप मशहूर हैं।



## आज का सेलिब्रिटी लाइफस्टाइल

# अंबानी परिवार की बेटी का घर है महल जैसा



रिलायंस जिओ के मालिक मुकेश अंबानी देश के सबसे अमीर लोगों में शुमार हैं। इतना ही नहीं फोर्ब्स सूची में मुकेश अंबानी टॉप 10 अमीरों में शामिल हैं। मुकेश अंबानी और उनके परिवार की लग्जरी लाइफ हर आम इंसान जीने के सपने देखता है। जब पिता इतने अमीर हों तो उनके बच्चों की लाइफ कैसी होगी? अगर आप भी यहीं सोच रहे हैं तो आपको मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की लाइफस्टाइल के बारे में जरूर जान लेना चाहिए। बिजनेसमैन मुकेश और नीता अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की शादी साल 2018 में हुई थी। इस शादी पर दुनिया भर की नजर थी। लगभग 100 मिलियन डॉलर यानि 720 करोड़ रुपए ईशा अंबानी की शादी में खर्च किए गए थे। ईशा अंबानी की लाईफ किसी राजकुमारी से कम नहीं होगी। चलिए जानते हैं कि शादी से पहले माता पिता का अपार संपत्ति और शादी के बाद एक बड़े बिजनेसमैन परिवार की बहू बनी ईशा अंबानी का घर कैसा है, उनके पास खुद की कितनी संपत्ति है? और वह कितनी लग्जरी लाइफ जीती हैं?

ईशा अंबानी का बंगला

वैसे तो ईशा अंबानी शादी से पहले अपने परिवार के साथ पिता मुकेश अंबानी के घर मुंबई के एंटीलिया में रहती थी, लेकिन शादी के बाद पति पीरामल के साथ रहती हैं। वर्ली में स्थित इस बंगले का नाम *गुलिटा* है। इस बंगले को हिंदुस्तान यूनिलीवर से साल 2012 में खरीदा गया था। इस आलीशान बंगले की कीमत उस समय लगभग 10 अरब डॉलर यानी करीब 450 करोड़ रुपए थी, जिसे ईशा अंबानी के ससुर अजय पीरामल ने चुकाया था। अब इस महल जैसे बंगले की कीमत कंस्ट्रक्शन के बाद अधिक बढ़ गई है। पांच मंजिला ये बंगला 50 हजार वर्ग फीट में फैला हुआ है। घर में तीन बेसमेंट, पार्किंग, एक फ्लोर पर गार्डन और एयर वाटर बॉडी है। घर में कई बेडरूम, स्टडी रूम, स्विमिंग पूल, ड्रेसिंग रूम और सभी लग्जीरियस सुविधाएं हैं।

ईशा अंबानी की नेटवर्थ

ईशा रिलायंस इंडस्ट्रीज की कई कंपनियों में अहम पद को संभालती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक उनकी नेटवर्थ करीब 100 मिलियन डॉलर यानी 668 रुपए है।

उनकी इनकम का जरिया

ईशा अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज की शेयर होल्डर हैं। इसके अलावा साल 2016 में लैक्मे फैशन वीक में आजियो फैशन ऑनलाइन ब्रांड को लॉन्च किया गया। ईशा अंबानी उसकी मालकिन हैं। साल 2021 अक्टूबर में ईशा अंबानी ने रिलायंस ब्रांड्स के जरिए फेमस फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के फैशन ब्रांड में निवेश करते हुए 40 परसेंट की हिस्सेदारी खरीद ली।

ईशा अंबानी की पसंद

स्कूल के दिनों से ही ईशा अंबानी को फुटबॉल पसंद है। ईसा पियानो भी बजाती हैं। इसके अलावा ईशा को मां नीता अंबानी की तरह ही फैशन ब्रांड्स में काफी रूचि है।



# कुछ गलतियों को रिपीट करने से कॅरियर हो सकता है खराब!

वैसे, तो सफलता की कोई परिभाषा नहीं है। सफल होने की कोई एक थ्योरी नहीं है, लेकिन गलतियों की बात करें तो कुछ मिस्टेक ऐसी हैं, जिन्हें रिपीट करते रहने से आपका कॅरियर खराब होता है। एक गलत कदम और यह आपके करियर को हमेशा के लिए बर्बाद कर देता है। करियर के मामले में आपको बहुत सावधानी से काम लेने की जरूरत है। इनमें से कुछ गलतियों की भारी कीमत भी चुकानी पड़ती है। आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वे गलतियां

**पैसों के पीछे भागना**

आप चाहे कितने भी पैसे वाले क्यों न हों, केवल पैसे के पीछे न भागें। नौकरी की तलाश करें या ऐसा व्यवसाय बनाएं, जिसमें आप वास्तव में काम करना चाहते हों। करियर की कीमत पर पैसे को प्राथमिकता न दें। यकीन मानें, यह आपको बहुत ही भारी पड़ेगी।

**अपने आपको कम समझकर सेटल होना**

जब लोग पूछते हैं कि आपकी उपलब्धियां क्या हैं, तो आपको खुद को नीचा दिखाने की जरूरत महसूस नहीं करनी चाहिए। अपने आप को कभी कम मत समझो। आपको वही बात स्वीकार करनी चाहिए, जिसे आप डिजर्व करते हो। बातचीत करें, विश्लेषण करें और इस पर विचार करें कि आपको नौकरी लेनी चाहिए या नहीं।

**हर स्किल्स सीखने का चक्कर**

सभी प्रकार की स्किल्स सीखना एक बड़ी उपलब्धि की तरह लग सकता है, लेकिन प्रोफेशनल लाइफ में इसकी सलाह नहीं दी जाती है। आपको मल्टी टॉस्किंग के चक्कर में अपना अस्तित्व नहीं खोना है। आपको ध्यान रखना है कि जिस पॉजिशन के लिए आप अप्लाई कर रहे हैं, उसमें आपको परफेक्ट होना है। कंपनी को आपकी इसी स्किल से मतलब होगा।

**नेटवर्किंग को भूलना**

नेटवर्किंग आपके पेशेवर जीवन का एक प्रमुख हिस्सा है। जब आप विभिन्न पेशेवरों के साथ बातचीत करेंगे, तो आपको कई अवसरों के बारे में पता चलेगा। समान विचारधारा वाले व्यक्तियों से जुड़े रहने से आपको अधिक ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

**प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ एक करना**

अपने निजी जीवन को अपने पेशेवर जीवन में लाना एक बहुत बड़ी गलती है। कभी भी अपने सहकर्मियों के सामने अपनी समस्याओं के बारे में न बताएं क्योंकि हो सकता है कि उन्हें ऑफिस में काम करते समय आपके निजी जीवन में उलझना पसंद न हो। यह बाद में खराब तरीके से उलटा पड़ सकता है।

# हेयरफॉल से छुटकारा ही नहीं खूबसूरती निखारने में भी मदद करता है काला जीरा



किसी व्यक्ति को खूबसूरत दिखने के लिए लंबे घने काले बाल और बेदाग त्वचा का बहुत बड़ा हाथ होता है। लेकिन आज हर दूसरा व्यक्ति बालों के झड़ने से परेशान है। अगर आपके साथ भी यही समस्या है तो काले जीरे का तेल आपकी मदद कर सकता है। साधारण सा दिखने वाला काला जीरा आपको बाल और त्वचा संबंधी समस्याओं से बचाता है। बालों के टूटने से लेकर झड़ने की देखरेख करने तक में यह अधिक कारगर माना गया है। हालांकि काले जीरे की तासीर गर्म होती है। इसलिए इसका यूज अधिक मात्रा में नहीं किया जा सकता है। आइए जानते हैं काले जीरे का तेल इस्तेमाल करने से मिलते हैं क्या-क्या फायदे।

**त्वचा की खूबसूरती :** काले जीरे के तेल में एंटी ऑक्सीडेंट की मात्रा पाई जाती है, जो आपको फ्री रेडिकल्स के साथ-साथ झुर्रियों की समस्या से भी राहत दिलाता है। यही नहीं, इसमें एंटी इंफ्लामेटरी प्रॉपर्टीज भी पाई जाती है, जो आपको दाने, त्वचा में आई सूजन और लालिमा आदि से छुटकारा दिलाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सिरदर्द में असरदार :** काले जीरे का तेल सिर दर्द के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए सिर पर काले जीरे के तेल की मालिश कर आप माइग्रेन के दर्द से छुटकारा पा सकते हैं।

**यूवी किरणों से करें बचाव :** काले जीरे (स्याह) के तेल में एमीनो एसिड, फैटी एसिड के साथ ही विटामिन ए की मात्रा पाई जाती है। यह आपको सूरज की तेज हानिकारक किरणों से बचाने में मदद करती हैं। हालांकि काले जीरे के तेल की तासीर गर्म होती है, इसलिए चेहरे पर इस तेल की सिर्फ 2 से 3 बूंदें ही लगाएं।

**हेयरफॉल से छुटकारा :** काले जीरे के तेल में एंटी फंगल और एंटी माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। साथ ही इसमें एंटीवायरल प्रॉपर्टीज और थाइमोक्विनॉन जैसे कई न्यूट्रीएंट्स भी मौजूद होते हैं, जो आपके स्कैल्प को स्वच्छ रखने के साथ बालों को पोषक्ता प्रदान करते हैं। इसका नियमित तौर पर सेवन करने से हेयरफॉल की समस्या से काफी हद तक राहत मिलती है।

अध्ययन में दावा

# हृदय रोगों और स्ट्रोक के खतरे से बचाएगी सुबह की यह आदत, सभी लोगों के लिए जरूरी



हृदय रोगों और स्ट्रोक का जोखिम वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता जा रहा है। आश्चर्यजनक रूप से कम उम्र में भी लोग न सिर्फ इस गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे हैं, बल्कि मौत का आंकड़ा भी काफी बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हृदय रोगों के जोखिमों को कम करने वाले उपाय करते रहने की सलाह देते हैं। लाइफस्टाइल और आहार संबंधी गड़बड़ी को हृदय रोगों का प्रमुख कारक माना जाता है, इसे ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ कहते हैं, नियमित व्यायाम की आदत आपके जोखिमों को काफी हद तक कम करने में मददगार हो सकती है। वहीं सुबह के समय व्यायाम करने की आदत को हालिया अध्ययन में हृदय रोगों और स्ट्रोक के खतरे से बचाने में कारगर पाया गया है। यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी में प्रकाशित एक हालिया शोध में वैज्ञानिकों ने पाया कि सुबह की शारीरिक गतिविधि हृदय रोग और स्ट्रोक के खतरे को काफी हद तक कम कर सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि निश्चित तौर पर हृदय संबंधी जटिलताओं को कम करने और संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए व्यायाम करना सबसे कारगर विकल्प माना जाता रहा है, पर सुबह के व्यायाम को इस अध्ययन में इन जानलेवा समस्याओं से आपको बचाने में भी फायदेमंद पाया गया है। आइए इस अधययन के बारे में आगे विस्तार से जानते हैं।

**व्यायाम से हृदय स्वास्थ्य में लाभ**

इस अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं की टीम ने यूके बायोबैंक के डेटा का इस्तेमाल किया गया। इसमें 42 से 78 वर्ष की आयु के 86,657 प्रतिभागियों के डेटा को शामिल किया गया, ये सभी बेसलाइन पर हृदय रोग से मुक्त थे। अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों में से 58 फीसदी महिलाएं थीं। छह से आठ वर्षों तक किए गए फॉलोअप के दौरान 2,911 प्रतिभागियों में कोरोनरी आर्टरी डिजीज और 796 में स्ट्रोक की समस्या देखी गई। इन दोनों समस्याओं के कारणों के बारे में जानने के लिए शोधकर्ताओं ने कई स्तर पर पूछताछ और प्रतिभागियों की दैनिक गतिविधियों का अध्ययन किया।

**अध्ययन में क्या पता चला?**

अध्ययन के परिणाम में शोधकर्ताओं ने पाया कि 24 घंटे की अवधि में जो प्रतिभागी सुबह 8 से 11 बजे के बीच शारीरिक तौर पर अधिक सक्रिय थे या इस समय जिन लोगों ने नियमित व्यायाम-योग का पालन किया उनमें हृदय रोग और स्ट्रोक दोनों का खतरा कम पाया गया। अध्ययन में शामिल जिन प्रतिभागियों में हृदय रोगों या स्ट्रोक का जोखिम देखा गया, उनमें से अधिकतर शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते थे।



**रोजाना जरूर करें व्यायाम**

उम्र और लिंग जैसे कारकों के आधार पर प्राप्त निष्कर्ष बताते हैं कि जिन प्रतिभागियों में सुबह के समय शारीरिक सक्रियता अधिक थी, उनमें कोरोनरी आर्टरी डिजीज 11-16 फीसदी कम पाया गया। इसके अलावा ऐसे लोगों में स्ट्रोक का जोखिम 17 भी कम पाया गया। शोधकर्ताओं ने बताया कि सुबह 8-11 के बीच व्यायाम की गतिविधियां शरीर के लिए विशेष लाभकारी हो सकती हैं, इससे तंत्रिकाओं और धमनियों से संबंधित विकारों के विकसित होने का खतरा कम होता है। सभी लोगों को इसे दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनानी चाहिए।



**क्या है शोधकर्ता की सलाह?**

नीदरलैंड के लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में प्रोफेसर और अध्ययन की लेखिका प्रो. सुश्री गली अल्बालक कहती हैं, यह सत्यापित है कि व्यायाम हृदय स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हमारा अध्ययन इंगित करता है कि सुबह की गतिविधि सबसे अधिक फायदेमंद हो सकती है। सभी उम्र के लोगों को हृदय रोगों और इसकी गंभीर जटिलताओं से बचाव करने के लिए नियमित रूप से सुबह के समय व्यायाम करने की आदत जरूर बनानी चाहिए। कम उम्र से ही इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाना विशेष लाभप्रद हो सकता है।

# ग्रीन टी पीने के बाद क्यों आता है ज्यादा यूरिन



शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रहने के लिए ग्रीन टी फायदेमंद होती है। ग्रीन टी सबसे अच्छे डिटॉक्सिफाइंग ड्रिंक्स में से एक है। हालांकि इसमें कैफीन की थोड़ी मात्रा होती है जो एनर्जी बूस्टर की तरह काम करती है। लेकिन कुछ लोगों के लिए ग्रीन टी परेशानी भरी हो सकती है, क्योंकि इसे पीने के बाद उन्हें बार-बार पेशाब आना शुरू हो जाता है। हालांकि यह सिर्फ ग्रीन टी ही नहीं है बल्कि किसी भी तरह की चाय को ज्यादा पीने से आपके ब्लैडर पर असर पड़ सकता है। इसे डीटेल में समझने के लिए आर्टिकल पूरा पढ़ें। वहीं ग्रीन टी को डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में पिया जाता है, लेकिन कई बार इस बात की जानकारी ही नहीं होती कि कब आपको इसकी लत लग जाती है। ऐसे में आपको समझना होगा कि आखिर कब आपको सावधान होने की जरूरत है। ज्यादा पीने से- अगर आप ग्रीन टी ज्यादा मात्रा में पीते हैं तो इसकी वजह से आपको बार-बार यूरिन आने की समस्या हो सकती है। आपका शरीर पेशाब के जरिए टॉक्सिन और एक्सट्रा लिक्विड को छोड़ता है और जब आप अपने लिक्विड की मात्रा बढ़ाते हैं, तो पेशाब बढ़ जाती है। कैफीन के कारण- ग्रीन टी में थोड़ी मात्रा में कैफीन होता है जो ब्लेडर की कार्यप्रणाली को बढ़ा सकता है। हेल्थ विशेषज्ञों के अनुसार, कैफीन के सेवन से ब्लैडर में ऐंठन हो सकती है और इससे ब्लैडर कंट्रोल की समस्या भी हो सकती है। इसलिए, अगर आप ग्रीन टी, कॉफी या चाय को अधिक मात्रा में पीते हैं, तो कैफीन की मात्रा बार-बार पेशाब आने का कारण बन सकती है। यूरिन इफेक्ट- भले ही ग्रीन टी में थोड़ी मात्रा में कैफीन होता है, लेकिन इसका डाययूरेटिक इफेक्ट होता है जो पेशाब को बढ़ाता है। बहुत ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपको ज्यादा टॉयलेट आता है। एक्सपर्ट्स की मानें तो आपको एक दिन में तीन कप से ज्यादा ग्रीन टी नहीं पीनी चाहिए, इससे ज्यादा होने पर कई साइड इफेक्ट हो सकते हैं। किसी भी अन्य चाय की तरह ग्रीन टी में भी कैफीन होता है और कैफीन ज्यादा लेने से एंजायटी और घबराहट जैसी परेशानी हो सकती है। ग्रीन टी में दूसरे तरह की चाय की तुलना में कम मात्रा में कैफीन होता है, लेकिन जो लोग कैफीन इंटोलररेंट हैं उन्हें इसे पीने से बचना चाहिए, ऐसा करने पर हेल्थ से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**ग्रीन टी के साइड इफेक्ट्स**

**1 ) इररेगुलर हार्ट बीट-** कैफीन ज्यादा पीने से दिल की धड़कन पर असर पड़ सकता है। आप तेज धड़कनों को महसूस कर सकते हैं। अगर यह स्थिति बिगड़ जाती है, तो इसके कारण सीने में दर्द या एनजाइना हो सकता है।

**2 ) आयरन की कमी और एनीमिया-** रिपोर्ट्स की मानें तो अगर आयरन से भरपूर खाने के बाद ग्रीन टी पी जाए, तो यह इसके अवशोषण को प्रभावित कर सकती है। ग्रीन टी में मौजूद कंपाउंड आयरन की मात्रा पर गलत असर कर सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**